# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025 । वर्ष –69 । अंक –157 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ अब सुप्रीम कोर्ट को ...
■ सर्वोच्च न्यायालय का .. 04
■ ट्रंप से डील की तो अंजाम बुरा होगा ...
■ चीन ने अमेरिका को वापस लौटाया बोइंग... 09
■ सोने का भाव एक लाख के करीब...
■ बाजार में लगातार पांचवे दिन तेजी ... 11
■ दिल्ली कैपिटल्स से ...
■ अब चेन्नई सुपर किंग ... 10

**आईपीएल में आज**

TATA IPL

लखनऊ
विरुद्ध
दिल्ली
7.30 बजे से
लखनऊ

# आठ नक्सली ढेर

## बोकारो में एक करोड़ का इनामी भी मारा गया

**झारखंड में मुठभेड़**

**एक एसएलआर, दो इंसास राइफल समेत कई हथियार बरामद**

**बोकारो, ( एजेंसियां )।** झारखंड के बोकारो में सोमवार की सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सीआरपीएफ और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई में 8 नक्सलियों को मार गिराया।

मारे गए नक्सलियों में एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित नक्सली विवेक भी शामिल है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के पास से एक एसएलआर, दो इंसास राइफल और एक पिस्टल बरामद की है, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने एक आधिकारिक बयान में जानकारी दी है कि उन्होंने झारखंड के बोकारो जिले के ललपनिया क्षेत्र में राज्य पुलिस के साथ मिलकर एक अभियान चलाया, जिसमें चार नक्सलियों को मार गिराया गया। इस मुठभेड़ के दौरान जवानों ने एक एसएलआर और एक इंसास राइफल भी बरामद की है। बोकारो के लालपनिया क्षेत्र में लुगु हिल्स में सुबह लगभग 5:30 बजे 209 कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन के जवान एक ऑपरेशन में जुटे थे, तभी नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी।

# सपरिवार भारत पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति

## जेडी वेंस ने परिवार संग अक्षरधाम मंदिर देखा



**नई दिल्ली,( एजेंसियां )।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अपनी पत्नी उषा वेंस और अपने तीन बच्चों के साथ भारत की चार दिन की यात्रा सोमवार को सुबह नई दिल्ली पहुंचे। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस परिवार संग दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर गए। वे वहां करीब 1 घंटे रुके। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है। वे 4 दिन भारत में रहेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति और द्वितीय महिला का पालम हवाई अड्डे पर केंद्रीय रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वागत किया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया। वेंस के साथ अमेरिकी प्रशासन का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। पालम वायुसैनिक हवाई अड्डे पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति का औपचारिक >>शेष पृष्ठ 2 पर

# ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस नहीं रहे



## वेटिकन में 88 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

**वेटिकन,( एजेंसियां )।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। वेटिकन के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर पोप ने आखिरी सांस ली। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। प्रधानमंत्री मोदी ने भी पोप के निधन पर दुख जताया है। 2021 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूरोप दौरे पर थे, तब उन्होंने वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। पोप फ्रांसिस से मोदी की यह पहली मुलाकात थी। पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता भी दिया था। इसके बाद मोदी ने दूसरी बार जी–7 समिट में 2024 में मुलाकात की थी। पिछले कई महीनों से पोप स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें1 4 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था। वे 5 हफ्ते तक फेफड़ों में इन्फेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती थे। इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे। हालांकि 14 मार्च को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। पोप फ्रांसिस 1300 साल में पहले गैर–यूरोपीय थे, जिन्हें पोप चुना गया था। पोप फ्रांसिस ने समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने, सेम–सेक्स कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर्विवाह को धार्मिक मंजूरी देने जैसे बड़े फैसले लिए। उन्होंने चर्चों में बच्चों के यौन शोषण पर माफी भी मांगी थी।

**पोप का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शनों के लिए रखा जाएगा**–पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार होगा। इसमें कई दिनों तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान होंगे। उनके पार्थिव शरीर को दर्शनों के लिए रखा जाएगा। दुनिया भर से लोग अंतिम संस्कार से पहले उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे। अभी तक अंतिम संस्कार के समय की घोषणा नहीं की गई है।

### पोप फ्रांसिस को वेटिकन में नहीं दफनाया जाएगा

पोप फ्रांसिस एक सदी से भी ज्यादा वक्त में वेटिकन के बाहर दफन होने वाले पहले पोप होंगे। आमतौर पर पोप को वेटिकन सिटी में सेंट पीटर्स बेसिलिका के नीचे गुफाओं में दफनाया जाता है। लेकिन पोप फ्रांसिस को रोम में टाइबर नदी के दूसरी तरफ मौजूद सांता मारिया मैगीगोर बेसिलिका में दफनाया जाएगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोक व्यक्त किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मानवता और सेवा से परिपूर्ण पोप फ्रांसिस के जीवन से मानव सेवा की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कैथोलिक ईसाई समुदाय एवं शोकाकुल लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

### शोक संदेश

परम पावन पोप फ्रांसिस को दुनिया भर में लाखों लोग करुणा, विनम्रता व आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में हमेशा याद रखेंगे
**– नरेंद्र मोदी,प्रधानमंत्री भारत**

कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस शांति से आराम करें। भगवान उन्हें और उनसे प्यार करने वाले सभी लोगों को आशीर्वाद दें
**–डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति अमेरिका**

पोप फ्रांसिस ने कैथोलिक चर्च से परे, अपनी विनम्रता और कम भाग्यशाली लोगों के प्रति शुद्ध प्रेम से लाखों लोगों को प्रेरित किया
**– उर्सुला वॉन डेर लेयेन, प्रेसिडेन्ट ऑफ यूरोपियन कमीशन**

पोप फ्रांसिस के निधन से गहरा दुख हुआ है। वह करूणा, न्याय और शांति की एक वैश्विक आवाज थे। उन्होंने हमेशा गरीबों और हाशिये पर खड़े लोगों को साथ दिया
**– राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा**

**सार संक्षेप**

### ईपीएफओ ने फरवरी में 16.10 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी 2025 में 16.10 लाख सदस्यों को जोड़ा है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि फरवरी 2024 की तुलना में शुद्ध वृद्धि में 3.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में लगभग 7.39 लाख नए सदस्य पहली बार ईपीएफओ से जुड़े हैं। आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2025 में लगभग 2.08 लाख नई महिला सदस्य ईपीएफओ में शामिल हुईं। यह फरवरी 2024 की तुलना में यह 1.26 प्रतिशत वृद्धि है। शीर्ष पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सदस्यों की संख्या में 59.75 प्रतिशत की वृद्धि की है।

### बेंगलुरु में वायुसेना अधिकारी और पत्नी पर हमला

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सोमवार सुबह वायुसेना के अधिकारी और उनकी पत्नी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट के अलावा गाली–गलौज भी की गई। ऑफिसर ने वीडियो जारी कर घटना की जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक विंग कमांडर शिलादित्य बोस पत्नी स्क्वाड्रन लीडर मधुमिता दत्ता के साथ कोलकाता की फ्लाइट पकड़ने एयरपोर्ट जा रहे थे। उसी दौरान बीच रास्ते में कुछ लोगों ने बाइक से उनका पीछा किया और गाड़ी रोककर मारपीट की। शिलादित्य के सिर और चेहरे से खून बह रहा था। पत्नी ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद पति–पत्नी थाने पहुंचे। पहले पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। हालांकि उनकी पत्नी के कहने पर बायप्पनहल्ली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।




# दो दर्दनाक सड़क हादसों में 12 की मौत

## शहडोल में बाइक से टक्कर के बाद पलटी पिकअप, 6 बाराती मृत, 20 घायल

**शहडोल,देशबन्धु।** शहडोल जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र के करौंदिया गड़ा रोड पर बारातियों से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में पिकअप के नीचे दबने से पांच बारातियों की मौत हो गई, जबकि 20 घायल हो गए। घायलों में से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, सीधी जिले के बहेरा डोल के मझौली से बैगा परिवार के लड़के की बारात देवलौंद के करौंदिया गांव आई थी। विवाह समारोह के बाद पिकअप सवार बाराती वापस मझौली लौट रहे थे, इस दौरान करौंदिया गड़ा रोड पर सामने से आ रही बाइक से पिकअप की टक्कर हो गई। हादसे के बाद पिकअप पलट गई, जिसके नीचे कई बाराती दब गए। लोगों और सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया।



थाना प्रभारी डीके दहिया के अनुसार, हादसे में गंभीर रूप से घायल पांच बारातियों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक घायल है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पांच घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**घायलों का चल रहा इलाज**–ब्यौहारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित प्रकाश ने बताया कि घायलों का उपचार चल देवलौंद अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही ब्यौहारी से एंबुलेंस मौके पर भेजी थी। घायलों के परिजन भी शहडोल पहुंच रहे है। यहां शवों का पोस्टमार्टम होने के बाद उन्हें सौंपे जायेंगे।

## रायसेन: शादी से लौट रहे परिवार की कार खाई में गिरी, 6 की मौत

**शादी से लौट रहा था परिवार**

**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल–जबलपुर नेशनल हाइवे–45 पर सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के बम्होरी ढाबे के पास बंदर वाली पुलिया के नजदीक एक तेज रफ्तार टेंपो ट्रैवलर (एसयूवी) अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में इंदौर के छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के वक्त वाहन में सवार सभी लोग बिहार के सुपौल जिले में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। उनमें से दो – दीपक और संगीता – नवविवाहित जोड़ा हैं, जिनकी शादी महज कुछ घंटे पहले ही संपन्न हुई थी।

सुल्तानपुर थाना प्रभारी संतोष रघुवंशी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि टेंपो ट्रैवलर का चालक नींद की हालत में था, जिससे उसने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वह पुलिया की रेलिंग से टकराकर सीधा खाई में गिर गया। हादसे का समय सुबह 6:30 से 7:00 बजे के बीच का बताया जा रहा है, जब अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे। धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी तुरंत सूचना दी गई। स्थानीय लोगों और पुलिस बल ने मिलकर शवों और घायलों को खाई से बाहर निकाला। सभी को सुल्तानपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर घायलों को रायसेन जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतकों में मोहनलाल कुरील (68), चंदा देवी (60),नरेंद्र चोपड़ा (30),सरिता (25), तास्वी उर्फ चिनू (2), चालक सुनील (35) शामिल है।

## मुख्यमंत्री ने किया श्रमदान



# सुविधाजनक और सुंदर बनाया जायेगा नर्मदा परिक्रमा मार्ग : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने माँ क्षिप्रा के घाटों की सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागिता की

**भोपाल,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन क्षिप्रा के रामघाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत घाटों की सफाई की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षिप्रा नदी में उतरकर घाटों की सफाई की। उन्होंने सफाई के बाद क्षिप्रा में स्नान किया। उन्होंने माँ क्षिप्रा का पूजा–अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हमारे प्रदेश के पुराने ऐतिहासिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का विशेष अभियान है। इसमें नदियों को पुन: प्रवहमान बनने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। भोपाल के पास बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित कर दिया गया है, इस अभियान की यह विशेषता है कि हम अपनी ऐतिहासिक, पुरानी बावड़ी, कुएँ, तालाब, जल स्त्रोत को पुनर्जीवित कर रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में और पूरे विश्व में हमारे मध्यप्रदेश की माँ नर्मदा ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है, मध्यप्रदेश सरकार नर्मदा नदी के परिक्रमा स्थल को सुव्यवस्थित कर तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं बनाएंगे और माँ क्षिप्रा >>शेष पृष्ठ 2 पर

**उपलब्धि** इसरो ने अंतरिक्ष में फिर कर दिखवाया बड़ा कारनामा

## स्पैडेक्स मिशन के तहत उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग भी हुई कामयाब

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** इसरो ने एक बार फिर से अंतरिक्ष में बड़ा कारनामा कर दिखाया है। इसरो ने अपने स्पैडेक्स मिशन के तहत दूसरी बार उपग्रहों की डॉकिंग कराने में सफलता हासिल की है। परमाणु ऊर्जा विभाग तथा अंतरिक्ष विभाग के राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी दी है। जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि अगले दो सप्ताह में आगे के प्रयोग होंगे।

उन्होंने कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। जैसा कि पहले बताया गया था, पीएसएलवी–सी60/ स्पैडएक्स मिशन को 30 दिसम्बर 2024 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। इसके बाद उपग्रहों को पहली बार 16 जनवरी 2025 को सुबह 06:20 बजे सफलतापूर्वक डॉक किया गया और 13 मार्च 2025 को सुबह 09:20 बजे सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया। अगले दो सप्ताह में आगे के प्रयोगों की योजना बनाई गई है। बता दे कि भारत 16 फरवरी को अंतरिक्ष में दो स्पेस क्राफ्ट को सफलतापूर्वक डॉक करने वाला चौथा देश बना था। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ही ऐसा करने में सफल रहे हैं। इस मिशन की कामयाबी पर चंद्रयान–4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशन्स निर्भर थे। चंद्रयान–4 मिशन में चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे। वहीं गगनयान मिशन में मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।



### एक ही प्रयास में मिली सफलता

स्पैडेक्स उपग्रहों की डॉकिंग और अनडॉकिंग 45 डिग्री झुकाव के साथ 460 किलोमीटर की गोलाकार कक्षा में सफलतापूर्वक की गई। पूरी प्रक्रिया एक ही प्रयास में पूरी की गई, जो अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में इसरो की सटीकता और विशेषज्ञता को दर्शाता है। स्पैडेक्स मिशन पिछले वर्ष 30 दिसंबर को लॉन्च किया गया था, जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रयोग का प्रदर्शन करने के लिए दो उपग्रहों– एसडीएक्स–1 और एसडीएक्स–2 को कक्षा में स्थापित किया था। स्पैडेक्स में महारत हासिल करना भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है, जैसे कि चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री को भेजना, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, तथा भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और संचालन करना।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**-सुप्रीम कोर्ट कह रहा है हम पर संसदीय कार्यों में दखल का आरोप है, आदेश कैसे देंगे?
**चुहिया- हां प्रिये**- राजनेताओं में आज कल संवैधानिक संस्थाओं पर चोट करने का चलन बढ़ता सा जा रहा है।

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित



आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

# देश-विदेश

## यूक्रेन ने एक हजार से अधिक बार ईस्टर युद्धविराम तोड़ा : रूस

**मॉस्को, 20 अप्रैल ( आईएएनएस )।** रूस और यूक्रेन दोनों ने रविवार को एक दूसरे पर 30 घंटे के ईस्टर युद्धविराम को तोड़ने का आरोप लगाया। मॉस्को ने रविवार को कहा कि यूक्रेन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के ईस्टर युद्धविराम का एक हजार से अधिक बार उल्लंघन किया। इसकी वजह से बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और नागरिकों की मौत हुई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने रूसी ठिकानों पर 444 बार गोलीबारी की, जबकि 900 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन हमले हुए। बयान में कहा गया कि ब्रायंस्क, कुर्स्क और बेलगोरोद क्षेत्रों के सीमावर्ती जिलों पर हमला किया गया।

## मुख्यमंत्री योगी जब कानपुर मेट्रो में चढ़ने से पहले करने लगे टिकट-टिकट, विधायक भी हो गए हैरान



**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 24 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में कानपुर दौरा प्रस्तावित है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के आगमन से पहले तैयारियों का जायजा लिया। कानपुर में नयागंज मेट्रो स्टेशन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मजाकिया अंदाज देखने को मिला। मेट्रो में चढ़ते समय मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से इशारा करते हुए कहा टिकट-टिकट। सीएम के इस अंदाज को देखते हुए विधायकों ने जवाब दिया कि हम तो अपने अभिभावक नेता के साथ हैं। टिकट वही लेंगे, सफर के दौरान इस चुटकीले अंदाज से माहौल और भी खुशनुमा हो गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को कार्यक्रम से पहले निरीक्षण और समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को भूमिगत मेट्रो को हरी झंडी दिखाने के साथ सफर भी करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम की तैयारी को देखने और मेट्रो का निरीक्षण करने के लिए नयागंज मेट्रो स्टेशन पहुंचे। उन्होंने पूरे इलाके का जायजा लिया। इसके साथ ही अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

**पूछा टिकट-टिकट...** ट्रेन पर चढ़ते समय मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से पूछा, टिकट-टिकट। इस पर विधायकों ने कहा कि हम अपने नेता के साथ हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि फिर तो विधानसभा अध्यक्ष हम सब की टिकट लेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान तैयारियों से संतुष्ट नजर आए। मेट्रो के एमडी सुशील कुमार से जानकारी लेते रहे। सफर के दौरान नयागंज से चली ट्रेन रावतपुर स्टेशन पर रुकी।

**16 किलोमीटर तक बढ़ा मेट्रो** इस दौरान मुख्यमंत्री, जनप्रतिनिधियों, बीजेपी पदाधिकारियों ने अंडरग्राउंड मेट्रो का आनंद लिया। उन्होंने मेट्रो प्रबंध निदेशक से पॉवर बैक और बिजली की कीमतों के बारे में जाना। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो जाने पर यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा। इसके बाद सीएम समेत सभी नेता रावतपुर स्टेशन पर उतर गए। कानपुर में अब मेट्रो के 14 स्टेशन हो गए हैं। इसका विस्तार 16 किलोमीटर तक हो गया है।

## यमन की राजधानी पर अमेरिकी हवाई हमलों में 12 लोग मारे गए, 30 घायलः हूती

**सना,( आईएएनएस )।** यमन की राजधानी सना के एक बाजार पर अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में 30 लोग घायल भी हुए हैं। हूती के नियंत्रण वाले अल-मसीरा टीवी के मुताबिक, हवाई हमलों में सना के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक शुउब के पास स्थित फरवाह बाजार को निशाना बनाया गया। वहां अभी भी राहत और बचाव कार्य जारी है। टीमें मलबे के नीचे दबे लोगों और घायलों को तलाश रही हैं। हूती मीडिया के हवाले से बताया कि ये हमले रविवार को सना और उसके आस-पास के कई इलाकों पर हुए बड़े अमेरिकी हवाई हमलों का हिस्सा थे। स्थानीय हूती स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला उस घातक अमेरिकी हवाई हमले के कुछ दिन बाद हुआ है, जो गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के रास ईसा ईंधन बंदरगाह पर हुआ था।

उस हमले में 80 लोग मारे गए थे, 170 लोग घायल हुए थे और ईंधन स्टोर करने वाली जगहों को भारी नुकसान पहुंचा था, जिससे ईंधन लाल सागर में फैल गया। हूती समूह और अमेरिकी सेना के बीच तनाव तब से बढ़ गया है, जब 15 मार्च को अमेरिका ने यमन में हूती ठिकानों पर दोबारा हवाई हमले शुरू किए। ये हमले इसलिए किए गए, ताकि हूती लड़ाकों को लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी जहाजों पर हमले करने से रोका जा सके।


### न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर
### आम इश्तहार

रा..प्र.क. 2900/अ-6/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति ज्योति केशवानी पति स्व. श्री प्रकाश केशवानी एवं नाबालिक रिया केशवानी, पार्थ केशवानी बलि मां ज्योति केशवानी पिता स्व. श्री प्रकाश केशवनी निवासी रविन्द्र नगर धनी की कुटिया के सामने अधारताल जबलपुर के द्वारा मौजा बैतला प.ह.न. 01 खसरा नं. 33/3/4 रकबा 0.0139 हेक्ट. एवं खसरा नं. 33/3/6 रकबा 0.0249 हेक्ट भूमि फौत कर्ता प्रकाश केशवानी पिता स्व. मूलचंद केशवानी व अन्य का नाम पर वर्तमान अभिलेख में दर्ज है। खातेदार स्व. श्री प्रकाश केशवानी की मृत्यु दिनांक 25/09/2024 को हो जाने उपरांत खातेदार का नाम विलोपित करने एवं वारसान हक में आवेदिका स्वंय और पुत्र-पुत्री रिया केशवानी, पार्थ केशवानी बलि मां ज्योति केशवानी पिता स्व. श्री प्रकाश केशवानी का नाम शासकीय अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र, मय शपथपत्र एवं संलग्न दस्तावेज पंजीकृत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं फार्म पी ।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त विक्रय पत्र / फौती नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 23.04.25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 20/3/2025 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक 20/3/2025

पेशी दिनांक 23/4/2025

नायब तहसीलदार

र.नं. 174 तहसील अधारताल जबलपुर


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर
#### भूखण्ड लीज नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर कालोनी जबलपुर में स्थित नवन क्रमांक एल.आई.जी.ई.एल. -15 श्रीमत्ति आशा गोस्वामी पति/पिता श्री एस.आर. गोस्वामी के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 21.12.2016 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन क्रमांक एल.आई.जी.ई.एल. -15 श्रीमति आशा गोस्वामी पति / पिता श्री एस.आर. गोस्वामी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.03.2025 के माध्यम से श्रीमति मंजुला रजक पति/पिता श्री सालिकराम रजक को विक्रय किया है। श्रीमति गंजुला रजक पति / पिता श्री सालिकराम रजक द्वारा उक्त भवन क्रमांक एल.आई.जी.ई.एल. -15 उनके नाम लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।

र.नं. 185

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

### आम सूचना

मैं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा शक्ति भवन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार, यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ, युनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा शक्ति भवन में सुरेन्द्र कुमार द्विवेदी का खाता है। जिसका खाता क 571702010012202 हैं, उसमें नॉमिनी के बतौर पत्नि श्रीमति माया द्विवेदी दर्ज है। सुरेन्द्र कुमार द्विवेदी की मृत्यु दिनांक 30/11/2019 हो गई है। उनकी मृत्यु के उपरांत श्रीमति माया शर्मा ने पत्नि की हैसियत से श्री सुरेन्द्र कुमार के खाते में जमा रकम को प्राप्त करने के लिये दावा किया है। दावा फार्म के साथ तहसीलदार गोरखपुर का वारिसान प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेख प्रस्तुत किया है, श्रीमति माया शर्मा के द्वारा बैंक में प्रस्तुत दावा का निराकरण कर दिया गया है, उनको बैंक ड्राफ्ट की कॉपी सुपुर्द किया जाना है, यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय को मृतक सुरेन्द्र कुमार द्विवेदी निवासी अशोक विहार के बैंक खाता नं. 571702010012202 जमा राशि के संबंध में दावा करना है तो वह बैंक कार्यालय में तीन दिवस के अन्दर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है।

जबलपुर म.प्र.
दिनांक 21.04.2025

र.नं. 183

के.के. वर्मा (अधिवक्ता)
मध्यप्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर
कार्यालय- मेन रोड, छापर रामपुर, जबलपुर (म.प्र.)
निवास-71, हाई कोर्ट सोसायटी, रामपुर, जबलपुर (म.प्र.)
मो. नं. 9893082036, 9424802036

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर

रा..प्र.क. .../अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 16/04/25

### आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र जोशी पिता स्व. हरिनारायण जोशी निवासी इंदिरा गांधी वार्ड जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा कछपुरा नजूल ब्लॉक नंबर... प्लाट नंबर... स्थित भूमि खसरा नंबर 824/1/1/1 मे से रकवा 1100 वर्गफुट भूमि पर हरिनारायण जोशी की मृत्यु दिनांक 01/06/2017 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 1/5/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/04/25
पेशी दिनांक - 01/05/25

तहसीलदार

र.नं. 178 अधारताल, जबलपुर

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ प्रार्थी का सही नाम निशिका सिंह ठाकुर ( NISHIKA SINGH THAKUR ) हैं यही नाम मेरे शैक्षणिक दस्तावेज, मतदाता परिचय पत्र व जन्म प्रमाणपत्र में दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड को अपडेट करवातें समय त्रुटिवश मेरा नाम दिव्या सिंह ठाकुर दर्ज हो गया है अतः इस नाम परिवर्तन सूचना के बाद मेरे उक्त आधार कार्ड में मेरा सही नाम निशिका सिंह ठाकुर पढ़ा लिखा व दर्ज किया जावे।

पुराना नाम-दिव्या सिंह ठाकुर
( DIVYA SINGH THAKUR )
नया नाम-निशिका सिंह ठाकुर
( NISHIKA SINGH THAKUR )

र.नं. 179

### कार्यालय नगरपालिका परिषद शहडोल, जिला शहडोल (म.प्र.)

Office of the Municipal Council Shahdol, Distt. Shahdol (M.P.)
D.D. Complex, Near Tagore Park Shahdol, Distt. Shahdol -484001
Email:cmoshahdol@mpurban.gov.in Ph.No. 07652-245175 (0), 241015(F)

क्रमांक / न.पा.श./1570 शहडोल, दिनांक 21/04/2025

#### निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा पंजीकृत फर्म से नीचे दिये गये विवरण अनुसार जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है -

| बिड नम्बर | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत ( लाख में ) | संविदाकार की श्रेणी | कार्य की समयसीमा | दिनांक से दिनांक तक खरीदा जा सकता है |
|---|---|---|---|---|---|
| GEM/2025/ B/6129919 | SUPPLY, TRANSPORTATI ON AND INSTALLATION OF FRP ANIMAL AND CARTOON THEME TOYS ( बिड में दर्शाये अनुसार ) | 12.00 लाख | टेण्डर की शर्त अनुसार पंजीकृत फर्म | 30 दिवस | 16/04/2025 से 16/05/2025 समय 17.00 बजे तक |

1. इच्छुक ठेकेदार ऑनलाईन निविदा https:/gem.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी प्रकार का एनआईटी से संबंधित शुद्धीपत्र केवल वेबसाईट में प्रसारित किया जावेगा समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा। बाकी निविदा संबंधी समस्त विवरण एवं शर्तें ऑनलाईन देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद शहडोल

### कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा, जिला जबलपुर (म.प्र.)

ईमेल cmosihora@mpurban.gov.in फोन नं 07624-230030

क्र. /न.पा./2024-2025/2495 सिहोरा, दिनांक 21.04.2025

एतद द्वारा निम्नलिखित कार्यों/ सामग्री प्रदाय हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_ 418138_1 | वार्ड क्रमांक 11 बाहय नाला से बाबाताल तक पोल शिफ्ट | Rs.140737/- | Rs2000/- Rs 2815/- | 10-05-2025 |

शर्तें- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जायेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिहोरा


## मुर्शिदाबाद हिंसा की रुट में सुनवाई के दौरान बोले जस्टिस गवई

## 'हम पर संसदीय कार्यों में दखल का आरोप, आदेश कैसे दें'



**नई दिल्ली।** बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई है। इस हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिस पर सुनवाई चल रही थी। याचिका पर सुनवाई जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ कर रही थी। सुनवाई के दौरान ही जस्टिस गवई ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे के बयान का जिक्र किया। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। जस्टिस गवई ने कहा कि हम पर संसदीय कार्यों में दखल देने का आरोप लग रहा है, हम आदेश कैसे दें।

जस्टिस गवई ने कहा, आप चाहते हैं कि हम केंद्र को निर्देश देते हुए आदेश जारी करें? हम पर संसदीय और कार्यकारी कार्यों में हस्तक्षेप करने का आरोप है याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने राज्य में 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के मद्देनजर दायर एक लंबित याचिका में कुछ नए तथ्य रिकॉर्ड में लाने के लिए कुछ अन्य दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी है।

उल्लेखनीय है कि एक मामले में 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि की कार्रवाई को अवैध और गलत करार दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के लिए उनके समक्ष प्रस्तुत विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए एक समयसीमा भी निर्धारित की थी। बाद में भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा था, भारत के संविधान के अनुसार, कोई भी लोकसभा और राज्यसभा को निर्देश नहीं दे सकता है और राष्ट्रपति ने पहले ही इस पर अपनी सहमति दे दी है। कोई भी राष्ट्रपति को चुनौती नहीं दे सकता, क्योंकि राष्ट्रपति सर्वोच्च हैं। वहीं उपराष्ट्रपति धनखड़ ने भी एक कार्यक्रम में इसी आशय की बात कही थी।

## फिर एक मंच पर दिखे शरद-अजित पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शरद पवार और अजित पवार के साथ आने की अटकलें एक बार फिर से तेज हो गई हैं। दरअसल, बीते कई दिनों में दोनों नेता कई बार एक मंच पर दिखाई दिए हैं। ताजा मामला सोमवार का है, जब राष्ट्रवादी कांग्रेस (एसपी) प्रमुख शरद पवार और उनके भतीजे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को एक पखवाड़े में तीसरी बार मंच साझा किया। इस बार कृषि और चीनी उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर चर्चा के दौरान दोनों एक ही मंच पर दिखे।

## पोषण ट्रैकर ऐप को प्रधानमंत्री पुरस्कार

नई दिल्ली। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (नवाचार श्रेणी) प्राप्त किया। मलिक को यह पुरस्कार देश भर में पोषण सेवा वितरण में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले पोषण ट्रैकर ऐप के लिए प्रदान किया गया। पोषण ट्रैकर एक मोबाइल आधारित एप्लिकेशन है जिसका उपयोग आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पोषण और बाल देखभाल सेवाओं के वितरण से जुड़े डेटा तुरंत प्रदान करने के लिए करते हैं।


### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सचिन सिलावट उम्र 29 वर्ष पिता श्री प्रकाश सिलावट निवासी म.नं. 7. बजरंग वार्ड, तहसील गोटेगांव ( श्रीधाम ) जिला नरसिंहपुर म.प्र. का निवासी हूँ। यह कि मैने अपने परिचय पत्र में अपना नाम सचिन शर्मा ( SACHIN SHARMA ) पिता प्रकाश चंद ( PRAKASH CHANDRA ) संशोधित करा लिया है। अतः मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम सचिन शर्मा ( SACHIN SHARMA ) पिता प्रकाश चंद ( PRAKASH CHANDRA ) के नाम से मुझे जाना पहचाना एवं लिखा पढा जावें !

पुराना नाम-सचिन सिलावट
( SACHIN SILAVAT )
नया नाम-सचिन शर्मा
( SACHIN SHARMA )


## विश्व प्रसिद्ध टॉयलर एण्ड फ्रांसिस प्रकाशन के रिसर्च जर्नल में पतंजलि का शोध प्रकाशित

## अब संभव है सोरायसिस का आयुर्वेदिक समाधान



### सोरोग्रिट टैबलेट और दिव्य तेल सोरायसिस की अचूक औषधि : आचार्य बालकृष्ण

**हरिद्वार।** पतंजलि का एक महत्वपूर्ण शोध विश्व प्रसिद्ध टॉयलर एण्ड फ्रांसिस प्रकाशन के रिसर्च जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इस महत्वपूर्ण शोध के अनुसार पतंजलि ने सोरोग्रिट और दिव्य-तेल की सहायता से सोरायसिस जैसी बीमारी को दूर करने में सफलता पाई।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि के वैज्ञानिकों ने विविध शोध कर सोरोग्रिट टैबलेट तथा दिव्य तेल का निर्माण किया है जो सोरायसिस की अचूक औषधि हैं। सोरायसिस एक दीर्घकालिक त्वचा रोग है, जिसमें त्वचा पर चांदी जैसी चमकदार पपड़ी, और लाल चकत्ते दिखाई देते हैं। इन चकत्तों में बहुत खुजली होती है।

एलोपैथिक चिकित्सा में इस रोग में मात्र लक्षणों को कम किया जाता है, और साथ ही एलोपैथ के दुष्प्रभाव भी देखने को मिलते हैं। सोरायसिस एक गम्भीर ऑटो इम्यून रोग है जिसमें रोगी को असहनीय परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अभी तक इसका कोई स्थाई उपचार नहीं था। आज पतंजलि ने सिद्ध कर दिया है कि प्राकृतिक जड़ी - बूटियों के माध्यम से सोरायसिस जैसे लाइलाज समझे जाने वाले रोग को भी ठीक किया जा सकता है। पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा चूहों के इमिक्विमोड और टीपीए इन्डयूस्ड सोरायसिस के दो अलग-अलग प्रीक्लिनिकल मॉडल को, सोरोग्रिट टैबलेट दी गई और दिव्य-तेल का उपयोग उनकी त्वचा पर किया गया, तो इसके सकारात्मक परिणाम मिले।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### सपरिवार भारत पहुंचे ....

सेना की एक संयुक्त टुकड़ी ने उन्हें सलामी गारद पेश की। प्रधानमंत्री मोदी ने शाम को वेंस और उनके परिवार के लिए डिनर होस्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ बातचीत की है। बता दें कि, अमेरिकी उपराष्ट्रपति चार दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस और बच्चे भी मौजूद हैं। थोड़ी देर में प्रधानमंत्री जेडी वेंस के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन भी करेंगे। वहीं जेडी वेंस सपरिवार जयपुर और आगरा का भी दौरा करेंगे। वेंस विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से भी मुलाकात करेंगे। दिल्ली, जयपुर और आगरा की आधिकारिक यात्रा (21-24 अप्रैल) से भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा होने की उम्मीद है। उपराष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधिमंडल को 24 अप्रैल को वाशिंगटन के लिए प्रस्थान करने से पहले जयपुर और आगरा का भी भ्रमण करेंगे।

**13 साल बाद भारत दौरे पर हैं अमेरिकी उपराष्ट्रपति**-अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा, उनके तीन छोटे बच्चे इवान, विवेक, मीराबेल और अमेरिकी प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। 13 साल में यह किसी अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा होगी। पिछली बार जो बाइडन उपराष्ट्रपति के रूप में 2013 में भारत आए थे।

### सुविधाजनक...

के घाटों को 29 किलोमीटर और बनाया जा रहा है, जिससे माँ क्षिप्रा के परिक्रमा करने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी। उज्जैन में माँ क्षिप्रा को प्रवहमान बनाने के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी जलाशय योजना, माँ क्षिप्रा की स्वच्छता बनाए रखने के लिए खान डायवर्सन नदी परियोजना भी चल रही है। इसका 50% काम लगभग पूरा हो चुका है, आने वाले 2 वर्षों में माँ क्षिप्रा कल-कल होकर बहेंगी, इसी संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन ऐतिहासिक पौराणिक नगरी के साथ-साथ काल गणना का प्रमुख केंद्र रहा है, अकबर, शाहजहां, जहांगीर ने भी उज्जैन में प्रवास किया था और भर्तहरी गुफा पहुंचकर काल गणना के ज्ञान को समझा था, यहां पर उन्होंने टकसाल भी स्थापित कराई थी। यह केवल ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी के साथ एक वैज्ञानिक नगरी भी है इसके वैभव को पुनः स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं राजा भृतहरि, सम्राट विक्रमादित्य, सम्राट अशोक के साथ-साथ अन्य महान राजाओं के द्वारा उज्जैन के लिए अनेक प्रकार के प्रमाणिक कार्य किए गए हैं। श्रीमंत महाद जी सिंधिया ने पानीपत के युद्ध के बाद इसके गौरव को पुनर्स्थापित किया और लाल किले पर ध्वज फहराया था। इन सभी महान राजाओं की गाथा का आज भी उज्जैन की भूमि आज भी यशोगान कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सलामतपुर से आए पंचकोशी यात्रियों का सम्मान किया गया और उनकी यात्रा का शुभारंभ कराया गया और नगर निगम के स्वच्छता मित्रों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव नगर निगम महापौर मुकेश टटवाल, संजय अग्रवाल और जन प्रतिनिधि एवं संभाग आयुक्त संजय गुप्ता, आईजी उमेश जोगा, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकाल थाने को आईएसओ प्रमाण पत्र मिलने पर शुभकामनाएं दी हैं।


### न्यायालय तहसीलदार तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर

रा..प्र.क. 3485/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 11/04/25

### आम इश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम बदनपुर प.ह.नं. 07 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति उमा अवस्थी पत्नी रामकुमार निवासी बी-6 रतन नगर कॉलोनी, जबलपुर के द्वारा ग्राम बदनपुर प.ह.नं. 07 में स्थित भूमि खसरा नंबर 264 से 268 व 269/1, 269/2, 270 रकबा क्रमशः 2400 वर्गफुट/हेक्टेयर भूमि पर विक्रय पत्र/बंटवारा/वसीयत/फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 27/04/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 11/04/25
पेशी दिनांक - 27/04/25

तहसीलदार गोरखपुर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी

### FOR CHANGE OF NAME

It is for general information that I, SANJAY KUMAR SONI S/o Late SHIV KUMAR, employed as DBW LINE MISTRY (MCM), Ticket No. & Personal No. F-10/61/65452 in F-10 Section of Ordnance Factory Khamaria, Jabalpur (M.P.) 482005, declare that name of mine has been wrongly written as SANJAY KUMAR IN MY Service Record. The actual name of mine is SANJAY kUMAR SONI, which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(SANJAY KUMAR SONI)
Res. H.No. 596, Sarafa Bazar, Behind Ganesh Mandir, Moti Lal Nehru Ward, Jabalpur (M.P.) R.No.173


## अमेरिकाः ओक्लाहोमा में तूफान से तीन की मौत

**ह्यूस्टन, ( आईएएनएस )।** अमेरिका के ओक्लाहोमा राज्य में आए तूफान में तीन लोगों की जान चली गई। ओक्लाहोमा सिटी से करीब 16 किलोमीटर दूर मूर शहर में बाढ़ के पानी में गाड़ी बह जाने से एक 12 साल के बच्चे और उसकी मां की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया कि रविवार को यह जानकारी दी। मूर पुलिस ने अपने बयान में कहा कि शहर में कई जगह पानी भर गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, ह्यूजेस काउंटी के स्पाउल्डिंग नाम के एक छोटे से शहर में शनिवार रात आए तूफान की वजह से एक और व्यक्ति की मौत हो गई।

# देश-प्रदेश

**उवाच**

**विदेश जाकर देश की छवि खराब न करें राहुल गांधी, बाबा महाकाल उन्हें सद्बुद्धि दें**

**भोपाल,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लेकर एक बड़ा और तीखा बयान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी का पुराना रिकॉर्ड रहा है कि वह देश से बाहर जाकर भारत की छवि खराब करने वाले बयान देते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल उन्हें सद्बुद्धि दें कि इस बार विदेश जाकर वह देश की इज्जत ना बिगाड़ें। लेकिन यह उनके ऊपर निर्भर करता है। उम्मीद है कि वह इस बार देश की गरिमा बनाए रखेंगे। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राहुल गांधी को राजनीति करनी है तो देश के भीतर करें।



अमेरिका में राहुल ने भारतीय प्रवासियों को किया संबोधित, कहा-

## चुनाव आयोग ने कर लिया समझौता

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर उठाए सवाल

**बोस्टन, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने रविवार शाम भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने अमेरिका की धरती से कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है।

ब्राउन यूनिवर्सिटी में संबोधन के दौरान राहुल ने कहा कि मैंने यह कई बार कहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर आगे कहा कि चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया। ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्राफी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल



गांधी ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े किए हैं। पिछले महीने 10 मार्च को राहुल ने सदन में मतदाता सूची का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था कि कई राज्यों में वोटर लिस्ट पर सवाल उठे हैं, इसलिए संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि सरकार वोटर लिस्ट नहीं बनाती है, यह तो सबको पता है, लेकिन सवाल उठ रहे हैं तो अच्छा होगा कि संसद में इस विषय पर चर्चा हो। दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चुनाव प्रोसेस को लेकर राहुल के सवाल का जवाब दिया था।

उन्होंने पूछा था कि वोटर लिस्ट क्या सरकार बनाती है। इस पर राहुल गांधी ने कहा था कि सरकार नहीं बनाती है, यह बात बिल्कुल सही है। लेकिन पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष शासित हर राज्य में और खासकर महाराष्ट्र में साफ-साफ सवाल उठे हैं। पूरा विपक्ष मिलकर सिर्फ ये कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर यहां चर्चा हो जाए। राहुल गांधी दो दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। राहुल गांधी शनिवार देर रात को अमेरिका के बॉस्टन एयरपोर्ट पर उतरे थे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राहुल गांधी के इस दौरे की जानकारी एक्स पर दी थी।

### विदेशी धरती पर देश का अपमान करना पुरानी आदत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी की भी प्रतिक्रिया भी आई। भाजपा नेता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर कई गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि विदेशी धरती पर देश का अपमान करना राहुल गांधी की पुरानी आदत है। वे लंबे समय से ऐसा करते आ रहे हैं। ईडी ने अपनी चार्जशीट में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नाम का उल्लेख किया है और देश को लूटने के लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में अशांति का माहौल बना रही है। पात्रा ने यह भी कहा कि जो लोग 50,000 रुपए की जमानत पर बाहर हैं, अगर उन्हें लगता है कि वे विदेश जाकर वहां बोलकर इस महान लोकतंत्र की छवि को नष्ट कर सकते हैं तो वे पूरी तरह गलत हैं। पात्रा ने यह भी कहा कि जो लोग 50,000 रुपए की जमानत पर बाहर हैं, अगर उन्हें लगता है कि वे विदेश जाकर वहां बोलकर इस महान लोकतंत्र की छवि को नष्ट कर सकते हैं तो वे पूरी तरह गलत हैं।

नेशनल हेराल्ड मामले में बोलीं पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा

## देश को गुमराह कर रही सरकार, गांधी परिवार को जानबूझकर बनाया जा रहा निशाना

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा ने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भाजपा मीडिया में भाजपा और सरकार द्वारा भ्रम फैला रही है, ताकि असली मुद्दों से जनता का ध्यान हटाया जा सके। उन्होंने आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड को मुद्दा बनाकर गांधी परिवार को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। ताकि आर्थिक संकट, महंगाई, बेरोजगारी, विदेश नीति से जुड़ी समस्याओं से लोगों का ध्यान हटाया जा रहा है। कुमारी शैलजा ने सरकार पर एजेंसियों का दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि केन्द्रीय एजेंसियों को राजनैतिक प्रतिशोध के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड को लेकर कहा कि अगर कोई कंपनी कर्ज से छुटकारा पाना चाहती है तो वह एक नई कंपनी बनाती है और उस कर्ज को नई कंपनी में ट्रांसफर करती है। कंपनी कानून के मुताबिक यह कानूनन सही है। जब पैसा ही नहीं है तो इसमें लॉन्ड्रिंग कहां है? सरकार एजेंसियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग का झूठा प्रचार करके कानून का दुरुपयोग कर रही है। कुमारी शैलजा ने सवाल उठाया कि प्रवर्तन निदेशालय को जवाब देना चाहिए कि एजेंसी ने एनडीए के किसी सहयोगी या भाजपा नेता को क्यों नहीं हुआ। यह बदले की राजनीति, धमकी, उत्पीड़न और भय फैलाने की राजनीति है। हमें कितना भी चुप कराने की कोशिश करें, हम चुप नहीं होंगे। जो दूसरों को डराने की कोशिश करते हैं, वे खुद डरे हुए हैं। जिसका कांग्रेस डटकर सामना करेगी।

मुख्यमंत्री ने सिविल सेवा दिवस समारोह को किया संबोधित, बोले-

## जनसेवा का प्रभावी माध्यम है सिविल सेवा



- अधिकारियों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया
- 1 लाख रुपए का चेक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिविल सेवा सिर्फ़ एक पेशा नहीं, यह जनसेवा का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि सिविल सेवकों का दायित्व है कि वे अपने अधिकारों का निस्संदेह सदुपयोग करें, लेकिन अपने कर्तव्यों से कदापि विमुख न हों। उन्होंने कहा कि लोक प्रशासन एक वृहद विषय है। इसका मूल मंत्र है - लोगों की हर संभव तरीके से सेवा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस (नेशनल सिविल सर्विस डे) के अवसर पर आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी सिविल सेवकों को लोक सेवा दिवस की बधाई दी और सभी से अपने उत्तरदायित्वों के प्रति संकल्पबद्ध रहने का आहवान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक सेवा एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे पूरी निष्ठा, समर्पण, मनोयोग के साथ निभाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के चयनित 16 सिविल सेवकों (अधिकारियों) को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी अवार्डियों को उनके द्वारा किए गए नवाचारों के लिए बधाई देकर एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक कुशल सिविल सेवक वह होता है, जो न केवल शासन के नियमों, उपनियमों का पालन करे, बल्कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनता की कठिनाइयों एवं समस्याओं को समझे और उन्हें समुचित समाधान भी प्रदान करें।

### इन्हें मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्त वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 के लिए 16 लोक सेवकों में क्रमशः श्री माधव प्रसाद पटेल (माध्यमिक शिक्षक), श्रीमती अदिति गर्ग (तत्कालीन सीईओ आयुष्मान भारत निरामयम योजना), डॉ. इंदिरा दांगी (शिक्षक) आष्टा जिला सीहोर, श्रीमती शारदा डुडवे (माध्यमिक शिक्षक) चंद्रशेखर आजाद नगर, श्री आलोक पौराणिक प्राथमिक शिक्षक पथरिया जिला दमोह, श्री चंद्रमोहन ठाकुर तत्कालीन प्रबंध निदेशक भवन विकास निगम, डॉ. यशपाल सिंह प्राचार्य आवासीय विद्यालय भोपाल, श्री संजय जोशी प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, श्री अमित तोमर तत्कालीन प्रबंध संचालक पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर, श्री ऋषव गुप्ता पूर्व कलेक्टर देवास, श्री गणेश शंकर मिश्रा तत्कालीन प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी, श्री दिव्यांक सिंह तत्कालीन सीईओ स्मार्ट सिटी परियोजना इंदौर, श्री प्रवीण सिंह अढायच पूर्व कलेक्टर सीहोर, प्रो. बेला सचदेवा सहायक प्राध्यापक इंदौर, श्री भूपेंद्र कुमार चौधरी माध्यमिक शिक्षक चिमनाखारी जिला सिवनी तथा सुश्री शीला दाहिमा अतिरिक्त सचिव शिक्षा विभाग को नवाचारों एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए।*

### प्रधानमंत्री ने कलेक्टर झाबुआ को किया सम्मानित



#### जनजातीय बाहुल्य जिले में स्वास्थ्य, कृषि और आवास क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया पुरस्कार

*__भोपाल, देशबन्धु।__ सिविल सेवा दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कलेक्टर झाबुआ सुश्री नेहा मीणा को प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरुस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिविल सेवा दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले को प्राप्त पुरस्कार पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह निश्चित ही गर्व का अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने झाबुआ कलेक्टर के साथ ही समस्त टीम को भी बधाई दी है।*

**मुख्यमंत्री ने दी बधाई**

*झाबुआ एबीपी के अंतर्गत देश के 16 जिलों के लोक सेवकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए चयनित किया गया। झाबुआ को प्राइम मिनिटर्स अवार्डस फॉर एक्सिलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन : 2024 की एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम श्रेणी में पुरस्कृत किया गया है। झाबुआ जिले में दूरस्थ क्षेत्रों में विकास को गति मिली है। रामा ब्लॉक में पोषण आहार, किसानों की समृद्धि के लिए प्रयास, पेयजल प्रबंध के अंतर्गत हर घर जल एवं हर वंचित को पक्के मकान का संकल्प साकार हो रहा है। झाबुआ में नवाचार के माध्यम से स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जनजातीय वर्ग को लाभान्वित करने, किसानों को मृदा कार्ड उपलब्ध करवाने और आवास के क्षेत्र में विशेष प्रयास किए गए।*


**(फौती)**

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0049/अ-6/2024-2025

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रमिला कुशवाहा / स्व. रवि कुशवाहा नि.- 717, 446 पुलिस चौकी के पास गलगला ने नजूल ब्लाक नं. 99 प्लाट नं. 42/7, 48/3, 71 निर्मित रकवा 5289, 1035 व.फु./अवि. हिस्सा .... वर्गफुट/हे. विक्रय पत्र/हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक .... मृत्यु दिनांक 14/12/2024 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 99 प्लाट नं. 42/7, 48/3, 71 निर्मित रकवा 5289, 1035 व.फु./अवि. हिस्सा .... /ग्राम गलगला प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा 5289, 1035 व.फु./हे. सुरेन्द्र कुमार वल्द बेनी प्रसाद बगैरा. के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 28/04/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 11/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 11/04/2025

पेशी दिनांक 28/04/2025

र.नं. 181 **तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

**नाम सुधार की सूचना**

मैं PUSHPLATA KEWATE W/O MANIK LAHANU KEWATE यह सूचित करती हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर U3489268 जारी दिनांक 05/10/2020 वैद्यता दिनांक 04/10/2030 में मेरा नाम PUSHPALATA KEWATE लिखा हुआ है जिसे बदलकर मैंने अपना नाम PUSHPLATA KEWATE रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, एवं पूर्व पासपोर्ट नंबर J3024679 जारी दिनांक 20/01/2011 वैद्यता दिनांक 19/01/2021 आदि में लिखा हुआ है।

अतः मेरे नाम को PUSHPLATA KEWATE ही पढ़ा लिखा एवं समझा जावें ।

पूर्व नाम - PUSHPALATA KEWATE

वर्तमान नाम - PUSHPLATA KEWATE

पता - P.L. NO. 10, GARHA WARD, GANGA NAGAR COLONY, GARHA JABALPUR (M.P.) PIN 482003

र.नं. 184

**नाम और जन्म तिथि में परिवर्तन**

मैं कट्टा लक्ष्मी, माता जी, जिसका पुत्र नं. 15701837L हवलदार श्रीनिवास राव कट्टा है, निवासी ग्राम - पद्मनाभ नगर, पोस्ट ऑफिस - वेंकटापुरम, तहसील - विशाखापत्तनम (शहरी), जिला - विशाखापत्तनम, राज्य - आंध्र प्रदेश, पिन - 530029

मैं अपने नाम और जन्म तिथि में परिवर्तन की सूचना दे रही हूं-

पुराना नाम- लक्ष्मी

नया नाम- कट्टा लक्ष्मी

पुरानी जन्म तिथि- 01/07/1965

नई जन्म तिथि- 10/07/1964

यह परिवर्तन 21 अप्रैल 2025 को जबलपुर (म.प्र.) के नोटरी के समक्ष शपथ पत्र के माध्यम से किया गया है।

अब मेरा सही नाम और जन्म तिथि निम्नलिखित है-

नाम- कट्टा लक्ष्मी

जन्म तिथि- 10/07/1964

कृति

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक/सं.क्र.-03/ एम/25-26/11

दिनांक 21.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री योगेश ठाकुर पिता श्री अनिल कुमार ठाकुर द्वारा आस्था नगर के फ्लैट क्रमांक 504 वार्ड ग्वारीघाट पांचवा तल 810 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम के आधार पर नगर निगम द्वारा फ्लैट 504 वार्ड ग्वारीघाट गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री राजेन्द्र कुमार तिवारी/ स्व. रमेश चन्द्र तिवारी के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं.-3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर, नगर निगम , जबलपुर**

र.नं. 176

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक/सं.क्र.-03/ एम/25-26/12

दिनांक 21.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती उर्मिला शर्मा पति स्व. रमेश कुमार शर्मा ने भवन क्रमांक 1838/1 वार्ड गिरिराज किशोर कपूर प्लाट 2250 व.फु. भूतल 1150 व.फु. प्रथम तल 990 व.फु. शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्र. 1838/1 वार्ड गिरिराज किशोर कपूर गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री संजय कुमार शर्मा पिता श्री रमेश कुमार शर्मा के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं.-3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर, नगर निगम , जबलपुर**

र.नं. 176

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक/सं.क्र.-03/ एम/25-26/13

दिनांक 21.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ईशान मारवाह एवं श्री अरमान मारवाह ने भवन क्रमांक 3003/14/1 ए वार्ड दादा बाबूराव परांजपे भूतल 1640 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्र. 3003/14/1 ए वार्ड दादा बाबूराव परांजपे गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्रीमति राज मित्र पति श्री नरेन्द्र मित्र के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं.-3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर, नगर निगम , जबलपुर**

र.नं. 176

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक/सं.क्र.-03/ एम/25-26/14

दिनांक 21.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष राजपूत पिता श्री इन्द्र सिंह राजपूत ने भवन क्रमांक 88 वार्ड शहीद गुलाब सिंह भूतल 800 व.फु. प्रथम तल 800 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्र. 88 व.फु. वार्ड शहीद गुलाब सिंह गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री सतीश पाटिल के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं.-3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर, नगर निगम , जबलपुर**

कृति

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक/सं.क्र.-03/ एम/25-26/15

दिनांक 21.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मयंक वर्मा पिता श्री शरद कुमार वर्मा ने भवन क्रमांक 2684/28 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे प्लाट 837 व.फु. भूतल 526 व.फु. प्रथम तल 526 व.फु. दान पत्र के आधार पर नगर निगम के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्र. 2684/28 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री शरद कुमार वर्मा के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं.-3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर, नगर निगम , जबलपुर**

कृति

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 12/ 2025-2026 दिनांक 21/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि क्रेता ऋषि कुमार ठाकुर पिता स्व. श्री विशनदास ठाकुर भवन क्रमांक 1478/ध 1 संपत्ति कर/पिन नंबर 1000426477 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी -श्री लेखराज ठाकुर/ ना. बली पिता श्री विशनदास के भाग पर वार्ड दीवान आधार सिंह .... विक्रय प्लाट रकवा 381 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 381 आ.+उपयोग प्रथम तल 300 व्या. स्वयं द्वितीय तल 250 व.फु. व्या. स्वयं तृतीय तल 364 व.फु. व्या. स्वयं पर विक्रय पत्र, दान पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं. 7 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

कृति


भाजपा सांसद ने शीर्ष अदालत व प्रधान न्यायाधीश पर की थी टिप्पणी

## निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा न्यायापालिका पर की गई टिप्पणी पर विवाद हो गया है और अब उनके खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी हो रही है। सोमवार को जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के सामने एक याचिका आई, जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की हालिया टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मांगी गई।

सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर अवमानना की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि याचिका दायर करने के लिए कोर्ट की मंजूरी की जरूरत नहीं है। लेकिन इसके लिए अटॉर्नी जनरल से इजाजत लेनी होगी। याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा था कि निशिकांत ने सीजेआई और न्यायपालिका का अपमान किया है। क्या वह निशिकांत के



**अवमानना याचिका के लिए हमारी जरूरत नहीं, अटॉर्नी जनरल से लें इजाजत : सुप्रीम कोर्ट**

खिलाफ अवमानना की याचिका दायर कर सकता है। इसके बाद एडवोकेट अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर दुबे के खिलाफ अवमानना की इजाजत मांगी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को इस मामले में अटॉर्नी जनरल से मंजूरी लेने की जरूरत है। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के वकील अनस तनवीर ने दायर की है। अनस तनवीर भी वक्फ



कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं में से एक का पक्ष सुप्रीम कोर्ट में रख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी को पत्र लिखकर उनकी मंजूरी मांगी है। पत्र में कहा गया है कि दुबे ने सर्वोच्च अदालत की गरिमा को कम किया है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को अपने एक बयान में सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ टिप्पणी की थी। इसमें दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट कानून बनाएगा तो फिर संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। भाजपा सांसद ने मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना पर तंज कसते हुए कहा कि देश में गृह युद्ध के लिए सीजेआई जिम्मेदार होंगे। निशिकांत दुबे की यह टिप्पणी वक्फ संशोधन कानून को लेकर आई।

वक्फ संशोधन कानून के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों को लेकर सवाल उठाए हैं, जिसके बाद केंद्र सरकार ने अगली सुनवाई तक कानून के कुछ प्रावधानों को लागू करने पर रोक लगा दी है। भाजपा ने भी शनिवार को खुद को निशिकांत दुबे के बयान से अलग कर लिया और दुबे के बयान को उनके निजी विचार बताया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी नेताओं से अपील की है कि वे ऐसी टिप्पणियां न करें।


**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 0127/ अ-6/2025-26

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संजय यादव पिता सर्वदेव यादव निवासी एफ 8 10 नं. कालोनी आर डी वी वी के पास जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ......... के माध्यम से मौजा ग्वारीघाट नं.ब. .... प.ह.नं. .... ख.नं. 10, 11/2 रकवा 0.245 हे. विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/वसीयतनामा/ बटवारानामा/ हस्तांतरण पत्र/ दानपत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 23/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक ..... को जारी।

जारी दिनांक - 17/04/2025

पेशी दिनांक - 23/04/2025

र.नं. 182 **नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र./0035/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सोना वादी पिता/पति मदन लाल झारिया निवासी- 109 निवास रोड पहाड़ी खेरा जबलपुर द्वारा ग्राम कटियाघाट प.ह.नं. .... नं.बं. ... प्लाट ... खसरा नं. 107/1, 106/2/0.2250, 105/1/0.4860 कुल रकवा 1.4780 में से रकवा 0.7690 व.फु./ हेक्टेयर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/ वसीयतनामा/ सहमति पत्र के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ऐतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति तहसील रांझी के कक्ष क्रमांक-32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 04/04/2025 को जारी।

जारी दिनांक 04/04/2025

पेशी दिनांक 05/05/2025

र.नं. 177 **अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 1851/ अ-6/2024-25

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुलजीत सिंह माखीजा पिता स्व. अमोलक सिंह माखीजा निवासी डी-3 अनिल विहार राधा स्वामी सतसंग भवन के पीछे महानद्दा द्वारा नोटराइज बंदोबस्त नामा दिनांक 19/06/2024 के माध्यम से मौजा हाथीताल नं.ब. 753 प.ह.नं. 2402 ख.नं. 18 रकवा 638 व.फु. विक्रेता स्व. अमोलक सिंह से वसीयत की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने नोटराइज वसीयतनामा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 23/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 13/04/2025 को जारी।

जारी दिनांक - 13/04/2025

पेशी दिनांक - 23/04/2025

र.नं. 186 **नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**


## दिल्ली में मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी 'आप'

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी ने मेयर के चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। पार्टी ने कहा है कि इस बार वो मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी। दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने कहा कि भाजपा जहां-जहां चुनाव हारती है वहां साम दाम दण्ड भेद अपनाकर सरकारें बनाती है। दूसरी पार्टियों को तोड़कर भाजपा सरकार बनाती है। एमसीडी चुनाव को गुजरात चुनाव के साथ कराया गया, लेकिन उनकी कोई कोशिश सफल नहीं हुई। पिछले ढाई साल से आम आदमी पार्टी के पार्षदों को भाजा तोड़कर लेकर के गई। हम किसी भी विधायक या पार्षद को खरीदने बेचने में यकीन नहीं करती। आम आदमी पीर्टी के मेयर चुनाव में हिस्सा न लेने के फैसले के बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को घोषणा की कि आगामी नगर निगम (एमसीडी) वार्षिक मेयर चुनाव के लिए भाजपा ने सरदार राजा इकबाल सिंह को मेयर और जय भगवान यादव को उप मेयर पद का उम्मीदवार चुना है। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी इस बार मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी।

जबलपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल ने खोली चुनाव आयोग की पोल

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जब भी विदेश दौरों पर जाते हैं, भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार की जान सांसत में होती है। राहुल गांधी इस समय नेता प्रतिपक्ष हैं ही, उन्हें एक बड़े नेता के तौर पर भी देखा जाता है। देश में तो राहुल गांधी भाजपा एवं उसकी एनडीए सरकार के खिलाफ़ संसद के भीतर-बाहर अभियान छेड़े हुए हैं ही, विदेशों में भी प्रवासी भारतीयों, छात्रों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों से वे लोकतंत्र के लिए अपनी चिंताओं को साझा करते हैं। राहुल अभी अमेरिका प्रवास पर हैं। वहां उन्होंने अपनी पहली सभा में भारत के केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की कार्यपद्धति की जमकर आलोचना की। किस तरह से पूरी निर्वाचन पद्धति सत्तारुढ़ भाजपा के पक्ष में काम करती है, उन्होंने इसका लेखा-जोखा सामने रखा है।

अमेरिका के बोस्टन शहर पहुंचे राहुल ने व्यवसायियों और वहां रहने वाले भारतीयों से बातचीत में भारत के चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'हमारे सामने यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और निर्वाचन प्रणाली में व्यापक गड़बड़ियां हैं।' राहुल गांधी ने कहा- 'मैंने यह कई बार बताया है, खासकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रदेश के वयस्क नागरिकों की संख्या से कहीं अधिक लोगों ने वोटिंग की। चुनाव आयोग द्वारा शाम 5.30 बजे तक मतदान के आंकड़े जारी किये गये थे। बाद में जो अंतिम आंकड़े प्रदान किये गये उसके अनुसार शाम 5.30 बजे से 7.30 बजे के बीच 65 लाख लोगों ने मतदान किया। ऐसा होना संभव ही नहीं है क्योंकि एक व्यक्ति को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं। इस हिसाब से तो सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की कतारें लगनी चाहिये थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब कांग्रेस व विपक्ष ने आयोग से वीडियो सबूत मांगे तो उसे न केवल मना कर दिया गया बल्कि आयोग ने कानून ही बदल दिया ताकि विपक्षी दल वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें।'

गौरतलब है कि राहुल ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान ऐसे वक्त में चुनावी गड़बड़ियों की ओर इशारा किया है जब कुछ ही दिनों पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके खासमखास दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने साफ किया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। बैलेट पेपर की हिमायत करते हुए मस्क ने तो यहां तक कहा है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है। यानी वे उस आरोप की पुष्टि कर रहे हैं जो भारत के कई विपक्षी दल 2022 से लगा रहे हैं। आरोप हैं कि पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में वोटिंग मशीनों में बड़े पैमाने पर धांधली कर भाजपा ने दो-चार नहीं वरन लगभग 80 सीटें जीती हैं। इतना ही नहीं, कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी एक खास पैटर्न के द्वारा हारती हुई भाजपा ने चंद घंटों में इतनी सीटें जीत लीं कि वह सरकार बनाने में कामयाब हो गयी। राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों के उदाहरण इस सिलसिले में दिये जाते हैं।

वैसे तो भारत में जिस तरह से शासकीय मशीनरी के जरिये लोकतंत्र को अपहृत किया गया है और मोदी सरकार निरंकुश तरीके से काम कर रही है, वह दुनिया अब जान चुकी है, राहुल द्वारा जो बातें भारतीय समुदायों के समक्ष कही जा रही हैं, वह दूर तलक जायेगी क्योंकि वहां का मीडिया एक तरह से वैश्विक कहा जाता है जो निश्चित ही भारतीय मीडिया के मुकाबले बहुत अधिक जनतांत्रिक, स्वतंत्र और निष्पक्ष है। भारत का मीडिया विपक्ष की बातों को जहां स्थान नहीं देता वहीं अमेरिकी या लोकतांत्रिक रूप से परिपक्व किसी भी देश का मीडिया सरकार की बजाय प्रतिपक्ष को तरज़ीह देता है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि राहुल गांधी की बातें एक बार फिर से विश्वपटल पर प्रमुखता से लोगों के सामने आयेगी।

अनुमानों के मुताबिक भाजपा ने राहुल के इस बयान को 'संवैधानिक संस्थाओं का अपमान' बताया तथा राहुल पर 'देश को बदनाम करने की सुपारी' लेने का आरोप लगा दिया है। पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि, 'राहुल गांधी विदेश जाकर संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं। यही उनकी पहचान बन गई है। यह दिखाता है कि कुछ लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते हुए भारत के विरोध पर उतर गये हैं- वह भी विदेशी धरती पर।' पूनावाला के अनुसार 'पूरी दुनिया भारत के चुनाव आयोग और निर्वाचन प्रणाली की प्रशंसा कर रही है पर भारत के खिलाफ और देश की बदनामी की सुपारी लेने का काम राहुल गांधी और उनका इकोसिस्टम कर रहा है।' इसी तरह संबित पात्रा ने राहुल गांधी के बयान पर नेशनल हेराल्ड मामले में चल रही ईडी की जांच का जिक्र करते हुए कहा कि वे अब जेल जा सकते हैं। वहीं देवेन्द्र फड़नवीस ने राहुल गांधी के चरित्र पर ही सवाल उठाए और उन्हें नसीहत दी कि चुनाव नतीजों पर सवाल उठाने की जगह वे जनता का दिल जीतने के बारे में सोचें। भाजपा की ये सारी प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि राहुल गांधी चुनाव आयोग पर जो सवाल उठा रहे हैं, उनसे सबसे ज्यादा तकलीफ भाजपा को हो रही है। याद हो कि उनके पिछले विदेशी दौरों में दिये उनके व्याख्यानों को लेकर उन्हें भाजपा समर्थकों ने 'देशद्रोही' तक कहा था।

बहरहाल, राहुल की अमेरिका यात्रा में आगे क्या होता है, ये देखना होगा। उनका एक व्याख्यान ब्राउन विश्वविद्यालय में होगा, साथ ही वे भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे, जिसमें भाजपा अपनी नजरें गड़ाए हुए हैं। वैसे राहुल गांधी के दौरे की कमान एक बार फिर से इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के हाथों में है जो साबित करता है कि दोनों के बीच मतभेदों की जो बात बीच-बीच में उठाई जाती रही है, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। पित्रोदा ने एक्स पर जारी अपनी पोस्ट में कहा, ''युवाओं, लोकतंत्र और बेहतर भविष्य की आवाज राहुल गांधी, आपका अमेरिका में स्वागत है! आइए सुनें, सीखें और साथ मिलकर निर्माण करें!''

# अब सुप्रीम कोर्ट को धौंस!

फासीवादियों की एक जाने-मानी रणनीति है। जो खुद करना चाहते हो, करने जा रहे हो, विरोधी पर वही करने का आरोप लगा दो। भाजपा के बदजुबान पर मोदी जी निजाम के मुंहलगे सांसद, निशिकांत दुबे सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, संजीव खन्ना पर ''देश में हो रहे सभी गृह युद्धों'' की जिम्मेदारी डालने के जरिए, ठीक यही दांव आजमा रहे थे। कहने की जरूरत नहीं है कि दुबे का उक्त बयान, वक्फ़ कानून की वैधता के लिए चुनौतियों की सुनवाई के क्रम में संजीव खन्ना के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट के तीन सदस्यीय खंडपीठ द्वारा अपनाए गए आरंभिक रुख के संदर्भ में आया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में क्या कहा है और क्या किया है, इसकी चर्चा हम जरा आगे चलकर करेंगे। यहां सिर्फ इतना कि अगर भाजपा के अघोषित प्रवक्ता के रूप में दुबे को, इस संदर्भ में गृहयुद्धों की याद आ गयी है, तो यह संयोग ही नहीं है। इसमें वक्फ़ कानून को लाने के पीछे संघ-भाजपा निजाम के असली मकसद का इशारा है। और यह मकसद है, मुसलमानों की स्थिति को और कमजोर करना, उन्हें और दबाना, जिसके संबंध में वे भी बखूबी जानते हैं कि यह देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। लेकिन, किसी कमजोर, अल्पसंख्यक को दबाने वाला गृहयुद्ध ही उनका वाक्य है न कि गृहयुद्ध से बचाव।

याद रहे कि दुबे ने एकवचन में गृहयुद्ध की नहीं, बहुवचन में ''गृहयुद्धों'' की बात कही है। उसका इशारा सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ और महत्वपूर्ण फैसलों की ओर भी है। इशारा खासतौर पर राज्यपालों की भूमिका और विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संदर्भ में राज्यपालों की भूमिका को लेकर, तमिलनाडु बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के ही फैसले की ओर है। उस निर्णय से जुड़ा गृहयुद्ध का इशारा, आम तौर पर राज्यों की स्वायत्तता के खिलाफ और खासतौर पर दक्षिण भारतीय राज्यों की भाषायी-सांस्कृतिक-सामाजिक स्वायत्तता के खिलाफ, संघ-भाजपा की एकात्मकतावादी मुहिम में निहित गृहयुद्ध की संभावनाओं की ओर है। इस प्रसंग में इसकी याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि तमिलनाडु की ''हिंदी थोपे जाने'' की चिंताओं का आधे-अधूरे तरीके से सरकार की ओर से खंडन किए जाने के बीच ही, महाराष्ट्र की भाजपा-नीत गठजोड़ सरकार ने तमिलनाडु की आशंकाओं को ही सच साबित करते हुए, इसका ऐलान कर दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत, त्रिभाषा फार्मूले की तीसरी भाषा के रूप में महाराष्ट्र में ''हिंदी'' अनिवार्य की जा रही है।

हैरानी की बात नहीं है कि इस निर्णय का व्यापक रूप से विरोध भी हो रहा है। बहरहाल, इसके सामानांतर मुंबई के कुछ हिस्सों से एक बार फिर गुजरातियों और मराठियों के बीच तनाव बढ़ने की खबरें आने लगी हैं। यह भी याद रहे कि तमिलनाडु बनाम राज्यपाल प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ हमले की शुरूआत, निशिकांत दुबे से दो-तीन दिन पहले, भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कर चुके थे। धनखड़ जो सर्वोच्च न्यायालय के तथाकथित ''अतिक्रमणों'' से संसद की और वास्तव में कार्यपालिका की हिफाजत करने के नाम पर पहले भी कई बार तलवार भांज चुके हैं, इस बार सर्वोच्च न्यायालय से इस बात से खफा थे कि उसने राज्यपालों द्वारा और यहां तक कि राष्ट्रपति द्वारा भी, राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित किए गए विधेयकों पर मंजूरी या नामंजूरी का निर्णय करने के लिए, तीन महीने की अधिकतम सीमा तय कर दी है। उनके अनुसार यह राष्ट्रपति की और उसकी नियुक्तियों के रूप में राज्यपालों की भी 'सर्वोच्चता' का अतिक्रमण है! अदालत राष्ट्रपति को कुछ भी निर्देश कैसे दे सकती है, भले ही यह इसी का निर्देश क्यों न हो कि राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयकों पर बैठे ही नहीं रहें, तीन महीने के अंदर उन पर अपना कोई न कोई फैसला दे दें! सर्वोच्च न्यायालय को ''पूर्ण न्याय'' करने में समर्थ बनाने वाली संविधान की धारा-142 को तो उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ''जनतांत्रिक ताकतों के खिलाफ नाभिकीय मिसाइल, जो न्यायपालिका को 24 घंटा 7 दिन उपलब्ध है'' ही करार दे दिया। यह इसके बावजूद था कि बाबरी मस्जिद बनाम रामजन्म भूमि विवाद में, मंदिर के पक्ष में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कथित रूप से ''पूर्ण न्याय'' करने के लिए ठीक इसी धारा का सहारा लिया था।



राजेंद्र शर्मा

**दुबे ने एकवचन में गृहयुद्ध की नहीं, बहुवचन में ''गृहयुद्धों'' की बात कही है। उसका इशारा सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ और महत्वपूर्ण फैसलों की ओर भी है। इशारा खासतौर पर राज्यपालों की भूमिका और विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संदर्भ में राज्यपालों की भूमिका को लेकर, तमिलनाडु बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के ही फैसले की ओर है।**

फिर भी यह अकारण ही नहीं है कि धनखड़ से भिन्न, निशिकांत दुबे तथा दिनेश शर्मा जैसे भाजपायी सांसदों ने, आम तौर पर सर्वोच्च न्यायालय पर और खासतौर पर मुख्य न्यायाधीश पर निशाना साधते हुए, वक्फ बोर्ड के मुद्दे को ही सबसे आगे रखा है।

इसका सीधा संबंध, वक्फ कानून में संशोधनों के हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक मंतव्यों से है। बेशक, संघ-भाजपा की ओर से इसका काफी स्वांग भी किया जाता रहा है और जाहिर है कि इसमें संसद में बहस के दौरान तथा उसके बाद के भी उनके जुबानी दावे भी शामिल हैं, कि ये संशोधन वास्तव में मुसलमानों को लाभ पहुंचाने की चिंता से किए जा रहे हैं। कि इन संशोधनों से विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं व पसमांदा मुसलमानों को और मुसलमानों के बोहरा आदि कमजोर पंथों को फायदा मिलने वाला है। कि इसका हिंदुओं के तुष्टीकरण से कोई संबंध नहीं है, आदि। इसके बावजूद, इस पूरे प्रोजेक्ट के पीछे की असली नीयत तब खुलकर सामने आ गयी जब रातों-रात संघ-भाजपा के युवा संगठनों ने विभिन्न राज्यों को ऐसे पोस्टरों से पाट दिया, जो वक्फ संशोधन विधेयकों का विरोध करने वाली राजनीतिक पार्टियों को, हिंदू-विरोधी घोषित करते थे। यह इसका खुला ऐलान था कि यह कानून, सबसे बढ़कर हिंदू सांप्रदायिकता के आग्रहों से ही संचालित है। एक प्रकार से देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट ने इस वक्फ अधिनियम के खिलाफ चुनौतियों की सुनवाई पर अपनी शुरूआती प्रतिक्रिया में बिना कहे इस सच्चाई को स्वीकार भी किया है। इसीलिए, सर्वोच्च न्यायालय ने इस अधिनियम के कम से कम तीन पहलुओं पर फौरी तौर पर रोक लगाने की जो मंशा जतायी थी, उसके बाद मोदी सरकार ने अपनी ओर से ही संबंधित पहलुओं का परिचालन अगले अदालती आदेश तक रोके रखने का आश्वासन दे दिया। अदालत ने इस आश्वासन को आधिकारिक रूप से दर्ज कर लिया और इस तरह वक्फ़ अधिनियम के अमल को ही अदालत द्वारा रोके जाने की शर्मिंदगी से तो सरकार बच गयी, लेकिन इन कदमों को अपनी ओर से ही रोके रखने का वादा करने के बाद ही।

इस तरह जिन दो सबसे समस्यापूर्ण पहलुओं का अमल रोक दिया गया, उनमें एक तो वक्फ़ बोर्ड तथा वक्फ़ काउंसिल का राज्यों के स्तर तक पुनर्गठन ही है। इस सिलसिले में विवाद तथा अदालती चुनौती के केंद्र में अधिनियम का यह प्रावधान है कि अब तक के कायदे के विपरीत, उक्त निकायों में गैर-मुसलमानों को भी रखा जा सकता है। शिकायत यह है कि नये प्रावधानों के तहत बोर्ड और काउंसिल में गैर-मुस्लिमों का बहुमत तक हो सकता है।

इस संदर्भ में इस कानून का विरोध करने वालों का तर्क यह है कि यह तो अपनी धार्मिक संस्थाओं का स्वार्या रूप से संचालन करने की, देश के संविधान में सभी समुदायों को दी गयी स्वतंत्रता का ही उल्लंघन है। इसके अलावा इस प्रबल तर्क का भी सरकार के पास कोई जवाब नहीं था कि क्या वह अन्य धर्मों पर व संप्रदायों की संस्थाओं में भी इसी प्रकार, अन्य धर्मावलंबियों को जगह देने जा रही है? फिलहाल स्थगित कर दिया गया दूसरा ऐसा ही समस्यापूर्ण पहलू ''वक्फ़ बाई यूज'' यानी वक्फ़ के रूप में उपयोग होते आने से किसी संपत्ति की वक्फ़ के रूप में मान्यता का है। नया कानून वक्फ़ बाई यूज को अमान्य करता है और इस प्रकार सैकड़ों साल पुरानी अनेक मस्जिदों, कब्रिस्तानों, खानकाहों आदि पर संपत्ति विवादों का रास्ता खोलता है। मुद्दा यह है कि वर्तमान संपत्ति रजिस्ट्रेशन कानूनों के अमल में आने से पहले से वक्फ़ के रूप में चली आ रही संपत्तियों के मामले में, रजिस्ट्रेशन आदि के कागजात कहां से आएंगे और किस के पास मिलेंगे? इस तरह नये कानून के बनते ही, अनेक पुरानी संपत्तियों पर विवाद खड़े हो जाने का रास्ता रोक दिया गया है।

बेशक, नये कानून को चुनौती दिए जाने के प्रमुख मुद्दे और भी हैं, जिन पर फिलहाल पाबंदी लगाना जरूरी नहीं समझा गया है। इनमें बुनियादी धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाला यह प्रावधान भी शामिल है कि वक्फ़ करने के लिए, संबंधित शख़्श का पांच साल से धर्मपालक मुसलमान रहा होना जरूरी है। इसी प्रकार, एक और महत्वपूर्ण मुद्दा नये कानून में जिलाधीश को वक्फ़ संपत्तियों के दर्जे के संबंध में निर्णय के तमाम अधिकार सौंपे जाने से लेकर, किसी संपत्ति को लेकर विवाद खड़ा किए जाने की सूरत में, जिलाधीश द्वारा अंतिम निर्णय किए जाने तक, उसका वक्फ़ संपत्ति का दर्जा ही स्थगित हो जाने तक जाता है। बहरहाल, फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने अपने हस्तक्षेप से नये कानून के सबसे आपत्तिजनक तथा समस्यापूर्ण प्रावधानों का अमल स्थगित करा दिया है और अदालत ने एक हद तक अपने सोच की दिशा का भी इशारा कर दिया है। यही सुप्रीम कोर्ट पर संघ-भाजपा के इस बौखलाहट भरे हमले का मुख्य कारण है।

बेशक, भाजपा के अध्यक्ष पद पर अब चंद दिन के मेहमान, जेपी नड्डा ने निशिकांत दुबे, दिनेश शर्मा आदि भाजपा सांसदों द्वारा मुख्य न्यायाधीश पर लगाए गए आरोपों से भाजपा को अलगाने की कोशिश में, न सिर्फ उनके बयानों को उनके निजी बयान बताया है बल्कि एक कदम आगे जाकर कहा है कि उन्हें आइंदा ऐसा न करने के निर्देश भी दिए गए हैं। लेकिन, संघ-भाजपा की एक साथ कई-कई मुंह से अलग-अलग बातें कहने की कार्यनीति से परिचित लोग, भाजपा के इस खंडन को गंभीरता से लेने केलिए तैयार नहीं हैं। और संघ-भाजपा की ट्रोल सेना ने वक्फ़ प्रसंग को ही लेकर जिस तरह, सुप्रीम कोर्ट को कथित मुस्लिम-पक्षधरता के लिए गरियाना जारी रखा है और उसे ''सुप्रीम कोर्ट'' से लेकर '' शरिया अदालत'' तक कहना जारी रखा है, उससे भाजपा के इन रस्मी खंडनों के प्रति लोगों के अविश्वास को ही बल मिलता है। सच्चाई यह है कि अब जबकि संजीव खन्ना की अगुआई में सुप्रीम कोर्ट ने सत्तारूढ़ संघ-भाजपा के मंसूबों से कुछ स्वायत्तता का प्रदर्शन करना शुरू किया है और जल्द ही देश को एक नया मुख्य न्यायाधीश मिलने जा रहा है, जिसका रिकार्ड भी कार्यपालिका की मर्जी के आगे बहुत ज्यादा झुकने का नहीं रहा है, अपने फासीवादी मिजाज के अनुरूप वर्तमान सत्ताधारियों के इशारे पर, सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ हमला बोल दिया गया है। यह संवैधानिक संस्थाओं को धौंस में लेने की जानी-पहचानी फासीवादी कार्यनीति की ही आजमाइश है। यह दूसरी बात है कि ऐसी कार्यनीति की जरूरत अपने आप में, सत्ताधारियों के लिए गहराते संकट का ही संकेत करती है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

## सर्वोच्च न्यायालय का वक्फ कानून पर सबको खुश करने वाला अंतरिम आदेश

■ के रवींद्रन

विवादास्पद वक्फ संशोधन अधिनियम पर सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश ने विरोधी खेमों के बीच एक असामान्य संतुलन पैदा कर दिया है, जो निर्णायक हस्तक्षेप के बजाय एक सुनियोजित संतुलनकारी कार्य का संकेत देता है। हालांकि यह आदेश संशोधनों के कार्यान्वयन पर पूर्ण रोक का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, लेकिन यह न्यायिक संयम की एक परत पेश करता है जो आश्वस्त और अस्थिर दोनों है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति किस पक्ष में है। यह कानूनी युद्ध के मैदान को खुला छोड़ देता है, लेकिन संकेत- हालांकि कमजोर- सरकार की स्थिति के अंतिम समेकन की ओर इशारा करते हैं।

सरकार को यथास्थिति बनाये रखते हुए अधिक मजबूत तर्क प्रस्तुत करने का समय देकर, न्यायालय ने अधिक गहन जांच के लिए मंच तैयार किया है जो अंततः विचाराधीन संशोधनों को वैध बना सकता है। सरकार के दृष्टिकोण से, यह अंतरिम व्यवस्था न केवल स्वीकार्य है- परन्तु उसके लिए लाभप्रद भी है। यह मौजूदा कानूनी ढांचे में ठोस खामियों को प्रदर्शित करके बहस को सैद्धांतिक से अनुभवजन्य में बदलने की अनुमति देता है।

पूरे गांवों को वक्फ संपत्ति के रूप में नामित किये जाने की रिपोर्ट, अक्सर निवासियों की जानकारी या सहमति के बिना, निराशा की एक लहर पैदा करती है जिसे सरकार न्यायालय के समक्ष बढ़ाना चाहती है। इस मुद्दे को सामूहिक वंचितता और प्रणालीगत अस्पष्टता के रूप में प्रस्तुत करके, सरकार न केवल प्रशासनिक आवश्यकता, बल्कि सामाजिक न्याय की कहानी गढ़ रही है। फिर महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कहानी एक ऐसी अदालत के साथ प्रतिध्वनित होने की संभावना है जिसने पिछले फैसलों में कानून की सिद्धांतवादी व्याख्याओं पर संतुलन और व्यावहारिकता की ओर झुकाव दिखाया है। समान रूप से महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि न्यायालय ने संशोधित कानून के संचालन पर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन मुकदमे के लंबित रहने के दौरान यथास्थिति में इस तरह से बदलाव न करने की चेतावनी दी, जिससे किसी भी पक्ष के अधिकारों को नुकसान पहुंचे। यह दोहरा उद्देश्य पूरा करता है। ये कानूनी चुनौती को निरर्थक बना सकते हैं। लेकिन सरकार के लिए, यह अभी भी अपना मामला बनाने, डेटा एकत्र करने और पिछली व्यवस्था के तहत लंबे समय से चले आ रहे अन्याय के लिए आवश्यक सुधार के रूप में संशोधन को तैयार करने का रास्ता खुला छोड़ता है। न्यायालय के निर्देश के शब्द ही कठोर अंतरिम कदम उठाने की अनिच्छा को दर्शाते हैं, जो अंतिम फैसले के समय उसके हाथ बांध सकते हैं।


इस स्थिति से जो उभरता है, वह एक तरह की न्यायिक हेजिंग है- चुनौती देने वालों को उम्मीद देने के लिए पर्याप्त अस्पष्टता, लेकिन सरकार के लिए पैंतरेबाज़ी करने के लिए पर्याप्त जगह। चुनौती देने वालों को निश्चित रूप से न्यायालय द्वारा की गयी कुछ टिप्पणियों से सांत्वना मिली है, जो संशोधनों से प्रतिकूल रूप से प्रभावित लोगों के अधिकारों के लिए कुछ हद तक सहानुभूति का संकेत देती हैं। लेकिन यह सांत्वना अंततः वास्तविक से ज़्यादा बयानबाज़ी साबित हो सकती है। न्यायालय का इतिहास बताता है कि जब तक विचाराधीन कानून स्पष्ट रूप से असंवैधानिक या घोर अन्यायपूर्ण न हो, तब तक यह विधायी और कार्यकारी शाखाओं के अधीन रहता है, खासकर जब व्यापक शासन संबंधी मुद्दे शामिल हों।

क्रिश्चियन एलायंस और एसोसिएशन ऑफ़ सोशल एक्शन जैसे नये हस्तक्षेपकर्ताओं के साथ सरकार का रणनीतिक गठबंधन इसके हाथ को और मज़बूत करता है। इन समूहों का तर्क है कि पिछले कानून को धार्मिक या संस्थागत दावों के तहत व्यक्तियों- अक्सर अन्य अल्पसंख्यक समुदायों से- को उनके वैध संपत्ति अधिकारों से वंचित करने के लिए हथियार बनाया गया था। ऐसी आवाज़ों को एकजुट करके, सरकार कानून को बहुसंख्यकवादी थोपे जाने के रूप में नहीं, बल्कि एक धर्मनिरपेक्ष, समावेशी सुधार के रूप में फिर से परिभाषित कर रही है। यह पुनर्स्थापन महत्वपूर्ण है। यह मुद्दे को एक संकीर्ण प्रशासनिक बदलाव से संपत्ति के अधिकारों को बहाल करने और ऐतिहासिक असंतुलन को ठीक करने के लिए एक नैतिक धर्मयुद्ध में बदल देता है। न्यायपालिका, जब इस तरह के नैतिक ढांचे का सामना करती है- खासकर अगर वास्तविक जीवन की गवाही और आंकड़ों से इसकी पुष्टि होती है - अक्सर विधायी इरादे को बनाये रखने की ओर झुक जाती है जब तक कि एक मजबूत संवैधानिक उल्लंघन साबित न हो जाये।

नये कानून के तहत प्रक्रियात्मक चिंताएं या कथित अतिक्रमण के उदाहरण भी इसे अमान्य करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं जब तक कि मनमानी या लक्षित भेदभाव का एक स्पष्ट पैटर्न नहीं दिखाया जा सकता है। अब तक, चुनौती देने वालों ने वास्तविक नुकसान के प्रलेखित मामलों के बजाय संभावित दुरुपयोग के जोखिम पर अधिक ध्यान दिया है। इसके विपरीत, सरकार मौजूदा प्रणाली की विफलताओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो पहले से ही मूर्त और प्रदर्शन योग्य हैं। साक्ष्य की गुणवत्ता और प्रकृति में यह विषमता अंतिम निर्णय में भारी पड़ सकती है।

**नये कानून के तहत प्रक्रियात्मक चिंताएं या कथित अतिक्रमण के उदाहरण भी इसे अमान्य करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं जब तक कि मनमानी या लक्षित भेदभाव का एक स्पष्ट पैटर्न नहीं दिखाया जा सकता है। अब तक, चुनौती देने वालों ने वास्तविक नुकसान के प्रलेखित मामलों के बजाय संभावित दुरुपयोग के जोखिम पर अधिक ध्यान दिया है।**

इसके अलावा, अदालत की अंतरिम टिप्पणियों की भाषा संभावित जटिलताओं के बारे में गहरी जागरूकता का सुझाव देती है जो विधायी प्रक्रिया में समय से पहले हस्तक्षेप करने से उत्पन्न हो सकती हैं। इस बात पर जोर देकर कि मामले के लंबित रहने के दौरान कोई नयी जटिलताएं पेश नहीं की जानी चाहिए, अदालत समय खरीदती हुई प्रतीत होती है - न कि समय पर निर्णय लेने के लिए कानून के बारे में बात करना और बिना व्यवधान पैदा किए निष्पक्ष सुनवाई करना। यह सतर्क दृष्टिकोण, तटस्थ प्रतीत होते हुए भी, अक्सर यथास्थिति या इस मामले में, नये पेश किये गये परिवर्तनों के पक्ष में काम करता है। एक बार जब कोई कानून व्यवस्था में स्थापित हो जाता है - यहां तक कि एक अंतिम क्षमता में भी- तो इसे उलटना संस्थागत रूप से अधिक कठिन हो जाता है जब तक कि ऐसा करने के लिए कोई भारी कारण न हो। इसके अतिरिक्त, संशोधनों का समर्थन करने वाली आवाज़ों की बढ़ती संख्या से न्यायालय के प्रभावित होने की संभावना है, विशेष रूप से हाशिए के समुदायों और सामाजिक वकालत समूहों से। ये हितधारक अपने साथ एक हद तक नैतिक और सामाजिक-राजनीतिक वैधता लाते हैं जिसे नज़रंदाज़ करना मुश्किल है। कानूनों के पिछले शासन के तहत बहिष्कार और बेदखली के उनके आख्यान एक भावनात्मक और मानवीय आयाम पेश करते हैं जो अन्यथा एक अमूर्त कानूनी प्रतियोगिता हो सकती है। यदि चुनौती देने वाले तुलनात्मक रूप से सम्मोहक प्रति-कथा प्रस्तुत नहीं कर सकते हैं - जो कानूनी तकनीकों से परे हो और न्याय को एक आंतरिक तरीके से संबोधित करे-तो पेंडुलम सरकार के पक्ष में झूलता रहेगा।



## ललित सुरजन की कलम से

### युद्ध नहीं, शांति चाहिए

*'युद्ध की क्या कीमत चुकाना पड़ती है, इस बारे में बात करने से हम कतरा रहे हैं। भारत उपमहाद्वीप में स्थायी शांति कैसे स्थापित हो सकती है, इस पर बात करने में हमारी कोई दिलचस्पी दिखाई नहीं देती। दोनों प्रमुख राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में अपनी शक्ति जाया कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पुलवामा और बालाकोट की घटनाओं का हर तरह से राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है, तो दूसरी ओर कांग्रेस की कोशिश है कि ऐसा न होने दिया जाए। इस बीच अधिकतर राजनीतिक दल अपनी-अपनी सुविधा से इस पूरे घटनाचक्र पर टिप्पणियाँ कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री सबसे ज्यादा गरज रहे हैं। उन्होंने अभिनंदन की रिहाई की घोषणा के तुरंत बाद जो टीका की वह वांछित नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह तो पायलट प्रोजेक्ट है, असली खेल तो इसके बाद होगा।'*

**( देशबंधु में 07 मार्च 2019 को प्रकाशित )**

## आपके पत्र

### रोजगार की तलाश में युवा देश की जनसंख्या

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा। निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस तरह विकास की गति के साथ-साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव किस तरह बढ़ाते हैं। भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है, उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है। भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नालॉजी, मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। वर्तमान में भारत 141 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है

भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजनाकारों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा ,परंपरागत स्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।

**-संजीव ठाकुर**

## गुरुवाणी विचार

### राग गौड़ी सलोक महला 9

साधो मन का मान तिआगो-
काम क्रोध संगत दुरजन की।
तांते अहि निस भागे (रहाओ)
सुख दुख दोनों समकर जाने-और मान अपमाना
हरख सोगते रहे अतीता- तिनि जगि तत पछाना
उसतति निंदा दोऊ तिआगे-खोजे पद निरबाना
जन नानक ऐह खेल कठिन है-किनहु विरले जाना।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा नौवें नानक गुरु तेग बहादुरजी मानव मन को समझाइश दे रहे हैं कि हर इंसान का जीवन व्यतीत करना पड़ता है इसलिए हमें इन पंक्तियों द्वारा समझाया गया है कि इंसान को हमेशा घमंड से दूर रहना चाहिए। मैं-मेरी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए कहा भी गया है कि

जब लग मेरी मेरी करे- तब लग काज एक नहीं सरे।

हर इंसान के आध्यात्मिक क्षेत्र में कई रोड़े हैं-काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, तृष्णा से बचकर रहना चाहिए। इन पर विजय तो नहीं पाई जा सकती पर इनको वश में रखना जरूरी है। लोभ भी जरूरत के मुताबिक थोड़ा बहुत ठीक है। नेक कमाई कर अपने परिवार का उदरपोषण करना है और इस नेक कमाई का दसबंध निकाल कर जरूरतमंदों की मदद में खर्च करना है। काम भी गृहस्थ में रहकर किसी हद तक संतानोत्पत्ति के लिए आवश्यक है। क्रोध भी जीवन में आवश्यक है। सांप अगर फूंफकार भी न मारे तो इंसान उसे अकारण ही पत्थर मार-मारकर घायल कर देगा। मोह भी जरूरी है पर धृतराष्ट्र जैसा अंधा मोह भी नहीं होना चाहिए नहीं तो महाभारत जैसी स्थिति हो सकती है। अहंकार भी बुराइयों की जड़ है।

हमें प्रभु दरबार में स्थान प्राप्त हो जाने पर फिर आनंद ही आनंद की प्राप्ति होती रहेगी क्योंकि प्रभु के सांचे दरबार जिसे भक्त रविदास ने बेगमपुर कहा है जहां पर किसी किस्म की गम या चिंता नहीं है-

हलति सुख पलति सुख
सुख सदा सिमपनो नाम हरि का सदा लीजै।।

इसलिए हर इंसान को चाहिए कि वह संसार में आकर मानव जीवन प्राप्त कर सांसारिक मोह माया त्याग कर प्रभु सिमरन भक्ति का मार्ग अपना ले। प्रभु सिमरन करते-करते वह फिर प्रभु परमात्मा जो कि हरेक के हृदय में विराजमान है, के दर्शन प्राप्त कर पाएगा। हमें प्रभु परमात्मा को पाने के लिए कहीं वन कंदराओं में भटकने की जरूरत नहीं है। हम गृहस्थ जीवन में रहकर भी परिवार का उदर पोषण करते हुए मन से निरंकार को सिमरन करते रहें। बस हमें अपने मन को सिमरन रूपी मथनी से मथकर उसकी प्राप्ति करनी है।

जिन खोजा तिन पाइआ गहरे पानी पैठ।
मैं बपुरी खोजन गई रही किनारे बैठ।।

सारी वनस्पति में अग्नि है, दूध में घी है पर हमें जुगत लगाकर ही उसकी प्राप्ति हो पाती है। हमें भी अपने मन रूपी मथनी से सिमरन भक्ति कर प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर लेनी है।

सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।
कलि कलेष तन माहि मिटावहो।।

**-इंदर सिंह आहुजा**

# 4 और प्रमुख क्षेत्रों में अग्नि शमन केन्द्रों की स्थापना की जायेगी: महापौर







**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम में सोमवार को सदन की बैठक में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शहर विकास को लेकर सार्थक एवं सारगर्भित उद्बोधन देते हुए कहा कि सदन में जो शहर विकास पर आधारित बजट पेश किया गया है, वह बजट संस्कारधानी के संस्कारों के अनुरूप विकास कार्यो को जमीनी धरातल पर उतारने और शहर को तेजी से महानगर का स्वरूप प्रदान करने की दिशा में कार्य करने के लिए पेश किया गया है और बजट के अनुरूप ही शहर में विकास कार्यो को पूर्ण कराकर शहर के नागरिकों को एक साथ अनेकों सौगातें दी जायेगी। महापौर ने गौरवांवित होकर बडे सम्मान से एक बडी उपलब्धि बताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश का पहला शहर जबलपुर बना है जहॉं मॉं नर्मदा के जल को ए-क्लास अर्थात पीने योग्य निरूपित किया गया है। इसके पीछे भी नगर सरकार की भूमिका और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के सराहनीय प्रयास रहे हैं

गौरतलब है कि **देशबन्धु** ने पूर्व में नगर में अलग-अलग स्थानों पर अग्निशमन पाइंट्स शुरू करने खबर प्रकाशित की थी।

उन्होंने जनहित एवं विकास कार्यो को लेकर यह भी बताया कि शहर के 4 और प्रमुख क्षेत्रों में अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने अग्नि शमन केन्द्रों की स्थापना की जायेगी जिससे 4 से 5 मिनिट में फायर वाहन दुर्घटना स्थल पर पहुॅंच सके। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय क्षेत्रों को बैगर्स (भिक्षुक)-फ्री बनाने का कार्य किया जायेगा, इनमें से आवश्यकतानुसार भिक्षुकों को रोजगार के अवसर भी किये जायेगें प्रदान। उन्होंने बताया कि आश्रय स्थलों का उपयोग भी होगा और पढाई-लिखाई का भी ध्यान दिया जायेगा, भोजन व्यवस्था भी की जायेगी।

**संस्कारों के अनुरूप विकास कार्य**-उन्होंने बताया कि संस्कारधानी में संस्कारों के अनुरूप कार्य करने नगर सरकार संकल्पित। उन्होंने कहा कि नगर में किसी भी व्यक्ति को ठंड, गर्मी, बरसात में बाहर खुले आसमान के नीचे सोना नहीं पडेगा, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत आश्रय स्थलों में सर्वसुविधायुक्त तरीके से औसत वर्तमानमे 100 व्यक्ति प्रतिदिन और ठंड में लगभग पूरी क्षमता से 220 व्यक्ति नि:शुल्क आश्रय स्थलों पर रात्रि विश्राम करने की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं एवं लगभग प्रतिदिन 800 से 1 हजार लोग दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत 5/- रूपये में भरपेट भोजन कर रहे हैं। शहर में दो स्थानों दीनदयाल रसोई एवं दो चलित वाहनों का संचालन किया जा रहा है।

### नर्मदा जल प्रदूषिण से मुक्त, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लगाई मुहर
### ढाई बर्षो में 122 आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्तियॉं प्रदान की गई
### विकास कार्यो में धन की कमी नहीं आयेगी
### जबलपुर को जोड़ने वाले मार्गो को हरियाली से सजाने की तैयारी

**45 दिनों में 115 करोड़ का भुगतान**-उन्होंने बताया कि ढाई बर्षो में 122 दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्तियॉं प्रदान कर ऐतिहासिक रूप से कर्मचारी हित में कार्य किया गया। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि मार्च और अप्रैल माह के बीच मात्र 45 दिनों में 115 करोड रूपये का भुगतान विकास कार्यो पर किया गया और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए लगभग 150 करोड रूपये की राशि निगम कोष में है उपलब्ध। उन्होंने बताया कि शहर के सभी प्रवेश द्वारों को ग्रीनरी के माध्यम से सुसज्जित करने का कार्य किया जायेगा।

## नगर निगम बैठक मे, नेता प्रतिपक्ष और महापौर मे हुई तीखी बहस

सदन की बैठक शुरू होते ही पक्ष विपक्ष मे तीखी बहस देखने को मिली, पहले झूठ बोलने के मुददे पर मेयर और कांग्रेस पार्षद संतोष दुबे के बीच बहस हुई, और इसी मुद्दे पर कमलेश अग्रवाल भी मैदान मे आ गए और उन्होने कहा की जो कह रहे हैं की विकास नही हुआ, वो पहले अपने कार्यकाल का विकास बताएं।

इसके बाद कठोंदा वेस्ट प्लांट पर हुए घोटाले के आरोप नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने लगाए इस पर महापौर ने कहा की घोटाले जैसी कोई बात नहीं है, सारा काम पी पी पी माडल पर हुआ है, निगम ने की पैसा नही खर्च किया सिर्फ़ जमीन उपल्ब्ध कराई है, हम सिर्फ़ कचरा देंगे और वो बिजली बनाएंगे और बेचेंगे इसमें निगम की कोई भूमिका नहीं है। महापौर ने कहा कि व्यक्तिगत आरोप नही लगाने चाहिए, और यदि कोई सवाल है तो लिखित में सदन को दे बराबर जवाब मिलेगा। पार्षद कृष्णा चौधरी ने संविदा कर्मियों की वेतन वृद्धि का स्वागत किया साथ ही उद्यान विभाग के 12 लाख पौधों के घोटाले का आरोप लगाया क्योंकि उद्यान विभाग इसकी जानकारी नहीं दे पा रहा। पार्षद हर्षित यादव ने निगम द्वारा अपनी जमीन बेचकर क्रिकेट स्टेडियम बनाने का पुरजोर विरोध किया और चेतावनी भी दी, कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। उन्होने सवाल भी उठाया की जमीन बेचकर स्टेडियम बना भी लिया तो साल भर के मेंटेनेंस के लिए क्या फिर जमीन बेचेंगे? कहा की पहले ग्वालियर और इंदौर के स्टेडियम की जानकारी तो ले लो पिछले 10 साल मे कितने मैच हुए।

## बैंक ऑफ इंडिया द्वारा समझौता संकल्प का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** बैंक ऑफ इंडिया देश भर में अपनी सभी शाखाओं में एकमुश्त समझौता (ओटीएस) के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों को निपटाने के लिए 21 से 25 अप्रैल 2025 तक समझौता संकल्प का आयोजन कर रहा है। समझौता दिवस विशेष रूप से एनपीए उधारकर्ताओं के लिए बनाया गया है जो उधारकर्ता की व्यावसायिक / स्वास्थ्य संकट के कारण या किसी अन्य वास्तविक कारण के कारण समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके। बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों को निपटाने के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से उन उधारकर्ताओं जिनके खाते एनपीए हैं और ओटीएस के माध्यम से हल करने के लिए तैयार हैं उनको विशेष छूट दी जाती है । ओटीएस राशि के शीघ्र भुगतान पर अतिरिक्त छूट भी उपलब्ध है। बैंक ऑफ इंडिया सभी एनपीए उधारकर्ताओं से अपील कर रहा है कि वो 21 से 25 अप्रैल 2025 तक समझौता संकल्प पर अपने एनपीए ऋण खातों का निपटान कर इस सुनहरे अवसर का लाभ ऊठाए और इसके लिए अपनी शाखा सें संपर्क करें ।

## जबलपुर ने उज्जैन को 19 रनों से हराया



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सीनियर जे एन भाया टी 20 क्रिकेट ट्रॉफी में जबलपुर ने संघर्षपूर्ण मैच में उज्जैन को हराकर लीग राउंड में विजई आगाज़ किया।

ग्वालियर में खेले गए मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 182 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसमें कप्तान कमल त्रिपाठी के 38 गेंद पर बनाए गए शानदार 71 रन, पारुष मंडल के 15 गेंद में बनाए गए तूफानी 47 रन तथा अनुराग पटेल के 21रन शामिल हैं। एक समय जबलपुर के पांच बल्लेबाज 45 रनों के अल्प स्कोर पर तंबू में वापस जा चुके थे उसके बाद कप्तान कमल त्रिपाठी और पारुष मंडल ने झन्नाटेदार बैटिंग की और टीम का स्कोर 182 रनों तक पहुंचा दिया।

उज्जैन की ओर से शाहरुख और ईशान ने दो-दो विकेट प्राप्त किये।जीत के लिए 183 रनों का पीछा करने उतरी उज्जैन की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर केवल 163 रन ही बना पाई इस प्रकार जबलपुर ने 19 रनों से जीत हासिल की।

उज्जैन की ओर से शांतनु ने 61 तथा शुभम ने 26 रनों का योगदान दिया।

जबलपुर के पारुष मंडल ने तीन मंगेश यादव और अजय मिश्रा ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। आज जबलपुर और रीवा के बीच दूसरा लीग मैच खेला जाएगा।

## प्याज की कीमतों में तेज गिरावट
### आवक घटने से हरी सब्जियां होने लगी महंगी



**जबलपुर,देशबन्धु।** थोक सब्जी मंडी में प्याज की भरपूर आवक और कमजोर मांग के चलते इन दिनों कीमतों में जोरदार गिरावट देखने को मिल रही है। आलम यह है कि फुटकर में प्याज 20 रूपये किलो के भाव तक बिकने लगी है। कहीं-कहीं प्याज के भाव 100 रूपये में 6 किलो तक बोले जा रहे हैं। इसके विपरीत आवक घटने से हरी सब्जियों में तेजी का दौर शुरू हो गया है। न सिर्फ भाजियां जैसे पालक, लाल भाजी, मेथी के दाम बढ़ गये हैं बल्कि भिण्डी, शिमला मिर्च, तुरई, बरबटी, लौकी, फ्रासबीन, परवल, पत्ता गोभी, भटा, लौकी, कद्दू के दाम भी तेज हो गए हैं। अधिकतर हरी सब्जियां 60 रूपये से लेकर 80-100 रूपए किलो के भाव तक बिक रही है। जबकि लौकी 30-40 रूपए एवं भटा 40 से 60 रूपये किलो के भाव तक बिक रहे हैं। व्यापारिक सूत्रों के मुताबिक प्याज की लोकल आवक भी शुरू हो चुकी है, वहीं दिशावरों से भी नई प्याज की आवक तेज हो रही है। यही वजह है कि इन दिनों प्याज की कीमतों में अधिक गिरावट देखने को मिल रही है। जबकि आलू की कीमत नवरात्र के बाद घटकर 20 रूपये किलो पर आ चुकी है। हरी सब्जियों के साथ-साथ हरी धनियां और हरी मिर्च की कीमतो में भी 20 से 30 रूपये किलो का ईजाफा हो चुका है। जबकि टमाटर की कीमत अभी भी 10 रूपये किलो पर बनी हुई है।

### लहसुन 100 रूपये किलो पर



नया लहसुन आने के बाद कीमतो में तेज गिरावट देखने को मिली है। फुटकर में लहसुन की कीमत घटते-घटते 100 रूपये किलो पर आ चुकी है। जबकि अदरक की कीमत पूर्व की तरह 80 रूपये किलो पर टिकी हुई है। जानकारों की माने तो पिछले वर्ष लहसुन की कीमतों में जोरदार उछाल आने से किसानों ने जमकर बुवाई की, जिससे इस बार लहसुन का उत्पादन भरपूर है। यही वजह है कि कीमतें तेजी से गिर रही हैं।

## तालमेल के साथ शहर के विकास कार्यो को अमली जामा पहनाने में करें मदद: सांसद



**जबलपुर, देशबन्धु।** सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में जिला समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान विधायक अशोक रोहाणी, नीरज सिंह ठाकुर, संतोष बरकड़े, डॉ. अभिलाष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, जनपद अध्यरक्ष सहित कलेक्टर दीपक सक्से ना, नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, एडीशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिसमें मुख्य रुप से स्वापस्थ्ली , शिक्षा, पेयजल, नहर, बिजली, नगरीय विकास, यातायात प्रबंधन, सड़क व सीवर लाईन आदि विषयों की समीक्षा की गई। इसके पूर्व पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन के संबंध में भी चर्चा की गई।

बैठक में सांसद श्री दुबे ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वमय तथा जनप्रतिनिधियों के तालमेल से विकासात्म क कार्य करें, जो भी समस्याऐं आती है, उनका उचित समाधान हो। उन्होने शहर की यातायात व्यवस्था, सड़क व ड्रेनेज सिस्ट म में सुधार, हेंडपम्पोंस की शिकायत के साथ पेयजल से जुड़ी समस्या्ओं को दूर करने के साथ किसानों से जुड़ी समस्याओं के समाधान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंसने कहा कि समस्याओं को लेकर अधिकारी, जनप्रतिनिधियों से लगातार पत्राचार करते रहें, फील्डस विजिट करते समय जनप्रतिनिधियों को अवगत करायें और जनता व समाज के लिए कार्य करें। समय-समय पर ग्राम सभाएं आयोजित करें तथा स्थांनीय समस्या ओं को स्थारनीय स्तर पर निराकृत करें।

**पैसों लेने वालों कार्रवाई**-बैठक के दौरान विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों से पैसे लेने के संबंध में उचित कार्यवाही की जाये। नगरीय क्षेत्र में सीवर लाईन के नाम से बिना सूचना के लगातार सड़कों को खोदना पैसे की बरबादी है, इसके लिए पहले से प्लान करना चाहिए। साथ ही कहा कि खोदे गये सड़कों को पूर्व की भांति बनाना सुनिश्चिसत करें। उन्हों ने कहा कि रांझी क्षेत्र में नर्मदा जल पहुंचाने की कार्यवाही तेजी से किया जाये। व्ही कल मोड़ से दर्शन तिराहा तथा गोराबाजार से बिलहरी तक के अतिक्रमण को भी हटायें।

## मंडल अध्यक्ष जागृति शुक्ला एवं शैलेन्द्र राजपूत भाजपा से निष्कासित

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद वीडी शर्मा ने श्रीमती जागृति शुक्ला (मंडल अध्यक्ष, आचार्य विद्यासागर मंडल) एवं शैलेन्द्र सिंह राजपूत (पूर्व मंडल अध्यक्ष ) को भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है।

गौरतलब है कि विगत दिनों दोनों के बीच समाज विशेष के विषय में हुई बातचीत सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल हुई थी जिससे समाज विशेष में रोष व्याप्त था, भाजपा संगठन द्वारा इस प्रकरण में संज्ञान लेते हुए कारण बताओ नोटिस भी दिया था। इस प्रकरण में पार्टी की छबि धूमिल हुई है और यह अनुशासन हीनता की दायरे में आता है इसलिए दोनो को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाता है।

## भाजपा जबलपुर महानगर के चार मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद वीडी शर्मा के निर्देशअनुसार भाजपा जबलपुर महानगर के जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के अनुमोदन के पश्चात जबलपुर महानगर की केंट विधानसभा अंतर्गत शहीद भगत सिंह मंडल, अटल बिहारी बाजपेई मंडल, वीर सावरकर मंडल, छत्रपति शिवाजी मंडल के मंडल अध्यक्षों ने मंडल कार्यकारिणी घोषित की है।

भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, केंट विधानसभा के विधायक श्री अशोक रोहाणी, शहीद भगतसिंह मंडल के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सेंगर, अटल बिहारी बाजपेई मंडल के अध्यक्ष आशीष राव, वीर सावरकर के अध्यक्ष गुड्डा केवट, छत्रपति शिवाजी मंडल के अध्यक्ष सौरभ गोयल ने मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की है। लंबे समय से कार्यकर्ताओं को सूची का इंतजार था।

## मदनमहल स्टेशन में शीघ्र कोच गाइडेंस प्रणाली शुरु होगी

### सर्वे कार्य पूरा

**जबलपुर,देशबन्धु।** पमरे के उच्च अधिकारियों द्वारा यात्रियों को अपनी ओर आर्कषित करने और विभाग की आय में इजाफा करने के उददेश्य से मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा द्वारा तेजी से प्रयास शुरु कर दिये हैं।

इसी कड़ी में मदनमहल स्टेशन में यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कोच गाइडेंस सिस्टम को स्थापित किये जाने की प्रक्रिया शुरु की जा रही है।

जानकारी के अनुसार मदनमहल स्टेशन शहर के मध्य में बना हुआ है। इस स्टेशन का विभाग द्वारा कायाकल्प एवं नवीनीकरण का कार्य एवं नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा हे। आने वाले समय में इस स्टेशन कई यात्री ट्रेनों का संचालन किये जाने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि अपन मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा,



सिग्‍लन एवं टेली कम्युनिकेशन विभाग, सिविल टीआरडी विद्युत विभाग की टीम ने समय समय पर मदनमहल स्टेशन का निरीक्षण किया था। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह ने भी निरीक्षण के दौरान यात्रियों से चर्चा की थी उस दौरान यात्रियों ने चारों प्लेटफार्म में कोच गाइडेंस सिस्टम स्थापित करने की बात कही थी। इन सभी अधिकारियों ने अपने निरीक्षण में कोच गाइडेंस सिस्टम को स्थापित किये जाने की बात को स्वीकारा और इस पर कार्रवाई शुरु कर दी। 21 अप्रैल सोमवार को डी आरएम कमल तलरेजा के निर्देशन में मंडल की टीम द्वारा निरीक्षण किया और सर्वे का कार्य शुरु कर दिया । इस काम को शीघ्रता से पूरा होने की संभावना है।

ऐसा पता चला है कि शीघ्र ही मदनमहल स्टेशन के चारों प्लेटफॉर्म में कोच गाइडेंस सिस्टम को स्थापित होने की संभावना है।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि मदनमहल स्टेशन में बनारस मुंबई महानगरी एक्सप्रेस और जबलपुर से सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन को अप साइड स्टेशन में रुकने के लिए शीघ्रता से आदेश जारी होने की चर्चा है।

पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय सभी आवश्यक कार्यों पर निगरानी रखे हुए हैं।

मदनमहल स्टेशन में यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाऐं मिलने की उम्मीद है।

## पमरे ग्रीष्म कालीन कर्मचारी शिविर भ्रमण के लिए रवाना कर्मियों के चेहरे खिले

**जबलपुर,देशबन्धु।** पमरे के मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में रेलवे के कर्मचारियों का भ्रमण शिविर 20 अप्रैल को कटरा के लिए रात्रि 9 बजे इटारसी बीना एक्सप्रेस से रवाना किया गया ।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस शिविर में उन रेलवे कर्मचारियों को शामिल किया गया है। जिनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक है।

जानकारी के मुताबिक कर्मचारी भ्रमण शिविर का आयोजन प्रतिवर्ष कर्मचारी कल्याण योजना के अनुसार किया जाता है। इसके पूर्व में भी छोटे बच्चों और महिला कर्मचारियों का शिविर विभिन्न शहरों में सम्पन्न हुआ है।

इस शिविर में डीपी अग्रवाल रवीन्द्र त्रिपाठी रोशन सिंह यादव पूर्व में मदनमहल स्टेशन में स्टेशन प्रबंधक आरती यादव, व जबलपुर मंडल के अंर्तगत आने वाले शहरों से लगभग 3 दर्जन कर्मचारियों को शामिल किया गया है। यह सभी कर्मचारियों का जत्था 28 अप्रैल को वापस आ जाएगा।

गौरतलब है कि न्यूनतम खर्च किए जाने एक अच्छी सुविधा जनक यात्रा करायी जाती है वहीं चाय नाश्ता भोजन और ठहरने की व्यवस्था भी विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाती है।




मंडल रेल प्रबंधक के सभी कर्मचारियों ने मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा और वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी सुबोध कुमार विश्वकर्मा के प्रबंधन की प्रशंसा की है।

## ग्रीष्मकालीन कला एवं सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से

जबलपुर, 21 अप्रैल। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला एवं सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से रामपुर स्थित मशाल परिसर में किया गया है। इस शिविर में विद्युत कंपनियों के कार्मिकों के बच्चों के अलावा उनके आश्रित बच्चे भी भाग ले सकेंगे। शिविर में छह विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने जानकारी दी है कि नगर के सबसे बड़े ग्रीष्मकालीन कला एवं सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने वाले इस शिविर में 16 वर्ष आयु तक के बालक-बालिकाओं के लिए ड्राइंग-पेंटिंग, कैलीग्राफी, मेंहदी, क्राफ्ट, गायन-वादन और 16 वर्ष आयु तक की बालिकाओं के लिए नृत्यकला का प्रशिक्षण दिया जायेगा। ग्रीष्मकालीन कला एवं सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के इच्छुक बच्चे निर्धारित प्रपत्र पाण्डुताल मैदान के निकट मशाल परिसर में संपर्क किया जा सकता है।

## आध्यात्मिक भक्ति और संस्कृति का संगम बना भव्य आयोजन : सुधांशु गुप्ता



**जबलपुर, देशबन्धु।** 20 अप्रैल की संध्या जबलपुर के बगलामुखी मंदिर परिसर में एक दिव्य और भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो श्रद्धा, भक्ति, सेवा और सामाजिक चेतना का अनूठा उदाहरण बना। कार्यक्रम की विशेषता रही कि इसमें जगद्गुरू शंकराचार्य एवं उनके परम शिष्य ब्रह्मचारी चैतन्यनंद जी स्वयं पधारे और अपने पावन आशीर्वचनों से कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। आयोजन के सूत्रधार रहे डॉ. सुधांशु गुप्ता जो एक शिक्षाविद्, समाजसेवी और प्रेरणादायक युवा नेतृत्वकर्ता के रूप में जाने जाते हैं।

भजन संध्या में प्रसिद्ध भक्ति गायक सुधीर व्यास जी ने अपने सुमधुर और भावपूर्ण भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ये चमक, ये दमक सहित कई प्रसिद्ध प्रस्तुतियों ने भक्ति की सजीव अनुभूति कराई। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक, संतगण, समाजसेवी, युवा वर्ग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। साथ ही सेवा सम्मान, गौसेवा, प्रसाद वितरण एवं संस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजन का प्रमुख भाग रहीं। डॉ. गुप्ता ने इस अवसर पर उपस्थित सभी महानुभावों, संतों, अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा- इन आयोजनों से समाज में सद्भाव, सेवा और संस्कार की भावना जागृत होती है।

## जिला रेडक्रॉस सोसायटी की मतदाता सूची का प्रकाशन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला इकाई जबलपुर की मतदाता सूची का प्रकाशन मंगलवार 22 अप्रैल को दोपहर 2 बजे किया जायेगा तथा प्रकाशन के तुरंत बाद से इस सूची पर 5 मई की दोपहर 3 बजे तक दावे-आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव आशीष दीक्षित के मुताबिक मतदाता सूची का प्रकाशन राजभवन भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी की जिला इकाई जबलपुर के सभी आजीवन सदस्यों से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में प्रकाशित मतदाता सूची का अवलोकन करने तथा निर्धारित समय में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने का आग्रह किया है।

## संपूर्ण ब्राह्मण मंच ने भरी हुंकार



**जबलपुर, देशबन्धु।** ब्राह्मण समाज समाज का सर्वश्रेष्ठ सेवक है संपूर्ण ब्राह्मण मंच सनातन विरोधी अनुराग कश्यप द्वारा बनाई गई फिल्म हिंदू समाज के लिए घातक है ऐसे व्यक्ति को तत्काल गिरफ्तार कर समाज को जन संदेश देना चाहिए आधारहीन तत्व जो 1800 सन में जिसकी कोई प्रमाणिकता ना हो ऐसी चीजों को केवल ब्राह्मणों को टारगेट किया जा रहा है आज देश में ब्राह्मणों की जनसंख्या अल्पसंख्यक के समान है इसके बावजूद वह देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार है आखिर ब्राह्मण छतरी वैश्य पर अवक्षेप क्यों लगाया जा रहा है समस्या पार है इसके बावजूद भी संसद मौन है राजनेता मौन है सबका साथ सबका विकास कहने वाले लोग चुप हैं गलत तथ्य रखकर समाज को भ्रमित करते हुए आखिर अनुराग कश्यप ब्राह्मणों के बारे में जानते क्या है वह ब्राह्मण जो गुरुकुल का जन्मदाता जिसे सामान्य के स्वरूप संपूर्ण सृष्टि में दुर्गा काली सरस्वती नर्मदा गंगा आरती पूजा संपूर्णमात्र शक्तियों के अधीन है भारत संपूर्ण विश्व गुरु बनने की ओर है तब ऐसी दुर्बलता मान को दुखी करती है पहले ही ब्राह्मण आरक्षण एस, सीटी एक्ट जैसे प्रावधान से ग्रसित है अब ब्राह्मण को सड़कों पर आना होगा संतो को गाली दी जा रही है एन अन्य समाज भी चाहता है हिंदू आपस में लड़े जातिवाद ब्राह्मणों का बनाया हुआ नहीं है कैसे हम आपको समझाएं आपकी दुर्बलता को हम कैसे दूर करें गणित को जन्म देने वाला आर्यभट्ट ब्राह्मण चांद पर पहुंचने वाला ब्राह्मण अग्निशस्त्र बनाने वाला ब्राह्मण शास्त्रों की पूजा करने वाला ब्राह्मण कई हजार वर्ष तक आपकी ग्रंथ को सुरक्षित रखने वाला ब्राह्मण ब्राह्मण तो समाज का सर्वश्रेष्ठ सेवक है पूरी रात पूजन करता है जो इच्छा हो दक्षिणा दे दो पंडित जी आपने किया ही क्या है और कितना प्रताड़ित करोगे

हम समाज को आवाज दे रहे हैं साथियों ब्राह्मणों के साथ खड़े हो जाओ विनम्र अपील है, परशुराम धाम में अपने अस्तित्व को बचाने प्रभु से गुहार लगा रहे हैं संपूर्ण ब्राह्मण मंच धनंजय बाजपेई डॉक्टर अरुण मिश्रा रावेंद तिवारी यदुवंश मिश्रा आनंद मोहन शर्मा सीताराम कुरचानिया निशांत शर्मा सार्थक शर्मा राजकुमार दुबे पूजा दुबे आदि उपस्थित रहे।

## सांसारिक सुखों का त्याग मोक्ष मार्ग की पहली सीढ़ी : आचार्य श्री समयसागर महाराज





**जबलपुर, देशबन्धु।** आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्मसभा में आचार्य श्री समयसागर महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि आत्मिक सुख प्राप्त करने के लिए सांसारिक सुखों को त्याग कर देव, शास्त्र और गुरु के अनुकरण से मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ा जा सकता है। आचार्य श्री समयसागर महाराज

कहा कि संसार में सुख नहीं बल्कि सुख का आभास है, जबकि वास्तविक सुख तो निर्विकल्प शांति में ही है। यह स्थिति अबंध अवस्था में ही संभव है। धर्मसभा की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसका पाठ अनुक्षा और अनुच्छा ने किया। आचार्य श्री समयसागर महाराज के सान्निध्य में बरेला जैन समाज एवं ग्रीन सिटी जैन समाज के प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया।

आचार्य श्री को विजय चौधरी, संजीव, शैलेश, सचिन द्वारा शास्त्र भेट किया गया। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य कोमलचंद, जितेन्द्र और धर्मेन्द्र को प्राप्त हुआ। आचार्य श्री को अष्ट द्रव्य समर्पित करने तथा महापूजन करने का सौभाग्य भी बरेला जैन समाज एवं ग्रीन सिटी जैन समाज को प्राप्त हुआ। धर्मसभा का संचालन अमित पडरिया ने किया।

## जबलपुर को शिक्षा का हब बनने से रोक रही है सरकार

### नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्रों का भविष्य हो रहा बर्बाद, राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर, देशबन्धु।** एन एस ओ छात्र संगठन द्वारा मध्यप्रदेश के राज्यपाल महोदय जी को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के अध्यक्ष गोपाल पाराशर ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार नर्सिंग व पैरामेडिकल कालेजों को मेडिकल यूनिवर्सिटी से हटाकर क्षेत्रीय यूनिवर्सिटीज में जोड़ रही है, इससे नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टूडेंट्स की डिग्री की व पढ़ाई की गुणवत्ता खराब होगी और नर्सिंग व पैरामेडिकल क्षेत्र में फेल पास करने में भ्रष्टाचार बढ़ेगा, मेडिकल यूनिवर्सिटी बनने से पहले जब नर्सिंग व पैरामेडिकल कालेज क्षेत्रीय यूनिवर्सिटीज से जुड़े हुए थे तब रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में पास कराने के बदले छात्राओं से अस्मत मांगने जैसे मामले सामने आए थे और रजिस्ट्रार तक को जेल हुई थी, जीवाजी यूनिवर्सिटी ग्वालियर में होने वाला भ्रष्टाचार जग जाहिर है, मध्यप्रदेश सरकार नर्सिंग व पैरामेडिकल क्षेत्र को फिर से बर्बाद करना चाहती है, इसलिए सरकार के आदेश पर रोक लगाई जाए। मध्यप्रदेश को छोड़कर देश के सभी राज्यों में नर्सिंग व पैरामेडिकल कालेज मेडिकल यूनिवर्सिटीज से ही जुड़े हुए हैं। नर्सिंग व पैरामेडिकल कालेजों को मेडिकल यूनिवर्सिटी से हटाकर सरकार इनकी गुणवत्ता खराब करने के साथ साथ जबलपुर के साथ भी अन्याय कर रही है और जबलपुर को शिक्षा का हब बनने से रोक रही है।

सरकार जबलपुर का विकास नहीं चाहती है। उसके बाद मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर में 20 कालेज बचेंगे, ऐसे ही धीरे धीरे करके मेडिकल यूनिवर्सिटी को भी जबलपुर से बाहर दूसरे जिले में शिफ्ट करने की योजना पर काम कर रही है मध्यप्रदेश सरकार, ये जबलपुर सहित पूरे महाकौशल क्षेत्र के साथ अन्याय है, सरकार मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर में स्थाई अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति करने और जबलपुर की उन्नति करने की बजाय जबलपुर का विकास अवरुद्ध कर रही है।

संगठन की मांगो पर जल्द एवं उचित कार्यवाही नहीं की गई तो संगठन द्वारा आगामी दिनों में भोपाल व दिल्ली में आंदोलन ज्ञापन किए जायेंगे। ज्ञापन सौंपते समय राघवेंद्र, देवव्रत, पप्पू, नीलम, आरती, पूनम, विशाखा सहित कई दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 22 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख कृष्ण पक्ष की नवमी, नक्षत्र- श्रवण।**

**मेष** आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।

**वृषभ** आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन** दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

**कर्क** `क- आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या** शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा।

**तुला** गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक** आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु** आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग-उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**मकर** आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा।

**कुंभ** प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे।

**मीन** दैनिक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव में उग्रता रहेगी। वाणी और व्यवहार में संभलकर काम करें।

म.

1,5,7,8,10,52,74,85,58,07,70,11

## अत्यधिक गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालयों में अवकाश की मांग : एनएसयूआई



**जबलपुर, देशबन्धु।** वर्तमान में जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। इसी गंभीर परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई), जबलपुर के जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन संभागीय आयुक्त, जबलपुर संभाग को सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष सचिन रजक ने बताया कि तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है, जिससे स्कूली बच्चों को हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में स्कूल जाना विद्यार्थियों के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बनता जा रहा है।

सचिन रजक ने ज्ञापन में यह मांग रखी कि जबलपुर जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में तत्काल प्रभाव से अस्थायी अवकाश घोषित किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को इस खतरनाक गर्मी से राहत मिल सके और कोई भी अप्रिय घटना न घटे। जबलपुर जैसे बड़े और भीषण गर्मी से प्रभावित जिले में यह निर्णय शीघ्र लिया जाना आवश्यक है। एनएसयूआई जबलपुर ने अपेक्षा की है कि प्रशासन मानवीय दृष्टिकोण से शीघ्र निर्णय लेकर छात्रहित में अवकाश की घोषणा करेगा। इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के हित में इस पहल का समर्थन किया। जिलाध्यक्ष सचिन रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ गौतम, राष्ट्रीय सचिव करन तामसेतवार, राहुल रजक, अभिषेक पटेल, अभिषेक दाहिया सहित छात्र उपस्थित थे।

## राजेश द्विवेदी उपाध्यक्ष पद पर पुन: नियुक्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** पत्रकार हितों की लड़ाई लड़ने वाले प्रदेश के सबसे पुराने और शसक्त संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के त्रिवार्षिक महाधिवेशन में सत्र 2025-28 के लिएनवनिर्वाचन हुआ है। जिसमें संगठन के तमाम प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों ने शलभ भदौरिया जी की अध्यक्षता पर विश्वास कायम रखते हुए उन्हें पुन: सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष के पद पर सुशोभित किया है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती शकुंतला-** गंगासागर एकता चौक गढ़ा निवासी श्री राम किशन की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जमना प्रसाद चौधरी-** चेरीताल निवासी श्री सुदामा प्रसाद चौधरी के पुत्र श्री जमना प्रसाद चौधरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती उषा शर्मा-** घमापुर बाई का बगीचा पुत्री शाला के पास निवासी श्री सुरेश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती उषा शर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील कुमार खटीक-** खेरमाई वार्ड खटीक मोहल्ला निवासी श्री सुनील कुमार खटीक (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती संतोषी पटेल-** तुलसी नगर रांझी निवासी श्री सीएम पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती संतोषी पटेल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामवती चौधरी-** चेरीताल प्रताप मार्केट के पास निवासी श्री गोविंद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामवती चौधरी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मनोज चौरसिया-** हाउबाग गोरखपुर निवासी श्री मनोज चौरसिया (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला मलिक-** सिद्धबाबा लालमाटी निवासी श्री कल्लू मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती कमला मलिक (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री योगेंद्र सिंह-** गुप्तेश्वर स्थित कोल माइंस आफिस के पास निवासी श्री योगेंद्र सिंह (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोपाल चौधरी-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री श्याम सिंह चौधरी के पुत्र श्री गोपाल चौधरी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

## दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए 9 जून को रवाना होगी आईआरसीटीसी की भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो 09.06.2025 को इंदौर शहर से दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, बैतूल एवं नागपुर स्टेशनों से होते हुए गंतव्य को जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 09 रातें/10 दिनों की इस यात्रा में तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरई, कन्याकुमारी एवं त्रिवेन्द्रम के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को रु. 18,000/- प्रति व्यक्ति (एसएल-इकॉनामी श्रेणी), रु. 29,500/- प्रति व्यक्ति (एक्स एसी-स्टैण्डर्ड श्रेणी) एवं रु. 38,500/- प्रति व्यक्ति (डब्ल्यू एसी- कम्फर्ट श्रेणी) किराया देना होगा।

आईआरसीटीसी, इस सर्व समावेशी टूर की पेशकश कर रहा है, जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। इच्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आई.आर.सी.टी.सी. की वेबसाइट पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## सर्व ईसाई महासभा द्वारा फल वितरण

**जबलपुर, देशबधु।** मसीही समाज के लोगों के विशेष सहयोग से ईस्टर पुनरुत्थान पर्व के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया एवं उनके स्वस्थ लाभ के लिए प्रभु यीशु मसीह से प्रार्थना कामना किए।

जिला अध्यक्ष शान कुमार ने कहा मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। आज हम यहां मरीजों के बीच फल वितरण कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रहे हैं। यह छोटा सा कदम न केवल उनका हौसला बढ़ाता है, बल्कि हमें भी एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सहानुभूति का महत्व याद दिलाता है।

# मासूम बच्ची के साथ घर में घुसकर किया पड़ोसी ने दुराचार

## आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**जबलपुर,देशबन्धु।** पडोस में रहने वाले युवक ने घर में मासूम बच्ची को अकेला पाकर उसके साथ दुराचार किया। मासूम बच्ची ने माँ ने घर लौटने पर उसे घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुराचार व पास्को सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया है।

मझगवां थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव में 12 वर्षीय मासूम बच्ची तथा उसके 15 वर्षीय बडा भाई घर में अकेले थे। उनके माता-पिता रिश्तेदार की शादी में शिरकत करने गये हुए थे। शनिवार की दोपहर को बडे भाई के कहीं चला गया था और बच्ची घर में अकेले रह गयी थी। इस दौरान बच्ची को अकेला देखकर पडोस में रहने वाला 25 वर्षीय युवक अमर सिंह मोहबिया उसके घर में घुस गया।

बच्ची के अकेलेपन का फायदा उठाते हुए युवक ने उसके साथ दुराचार किया। इसके बाद वह बच्ची को घटना के संबंध में किसी को नहीं बताने की धमकी देते हुए फरार हो गया। रिश्तेदार से वापस आने पर बच्ची ने घटना के संबंध में माँ को बताया। जिसके बाद पीडित पक्ष ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि घटना आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो व दुराचार सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक के संभावित ठिकानों को दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। न्यायालय के आदेश पर आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है।

# जन्मदिन समारोह के दौरान हर्ष-फायरिंग के बाद हंगामा

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर के एक जनप्रतिनिधि के छोटे भाई के जन्मदिन समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग का वीडियो सामने आने के बाद हंगामे का माहौल हैं। मामला गुरुवार रात का बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जनप्रतिनिधि के भाई के जन्मदिन समारोह में एक युवक ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से मंच पर खड़े होकर 6-7 राउंड हवाई फायरिंग कर दी।

फायरिंग का वीडियो सामने आने के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से वह लाइसेंसी पिस्टल भी जब्त कर ली, जिससे फायरिंग की गई थी। युवक की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही शुक्रवार देर रात 11 बजे जन्मदिन समारोह में शामिल लोगों ने थाने में जमकर हंगामा किया। जनप्रतिनिधि के साथ कई नेताओं और समर्थकों ने कोतवाली थाने पहुंचकर घेराव प्रदर्शन कर दिया। प्रदर्शन करीब चार घंटे तक चला, जो रविवार तड़के 3 बजे तक जारी रहा प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं की हर्ष फायरिंग पर पुलिस कभी इतनी सख्ती नहीं दिखाती, लेकिन दूसरों के साथ पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की गई है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर किसी ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से उत्साहवश फायरिंग की है तो उचित कानूनी धाराओं के तहत कार्रवाई हो लेकिन कथित तौर पर दबाव में फर्जी धाराएं जोड़कर कार्यकर्ताओं को फंसाया जा रहा है।



# आईपीएल का क्रिकेट सट्टा खेलते आरोपी पकड़ाया

## साढ़े पंद्रह हजार की नकदी जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** आईपीएल के सीजन में सटोरिये पुलिस को चकमा देने तरह-तरह की चालाकी दिखा रहे है। पुलिस से बचने के लिये कोई ग्रामीण इलाकों में जाकर सट्टा खिला रहे है तो कोई ग्वारीघाट जैसे पवित्र क्षेत्र में पहुंचकर आईपीएल का सट्टा खिला रहा है। बीती रात ग्वारीघाट पुलिस ने सिद्ध घाट शिव मंदिर के पास से ऐसे ह एक युवक को दबोचा, जो कि पनागर रहने वाला है, लेकिन ग्वारीघाट मंदिर के पास मोबाइल से आईपीएल क्रिकेट मैच की हर गेंद पर दांव लगवा रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से पंद्रह हजार चार सौ रुपये की नगदी व एक मोबाईल जप्त किया है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सिद्ध घाट शिव मंदिर के पास दबिश दी गई। जहां एक युवक मोबाइल में आईपीएल का सट्टा खिला रहा था। जिसके आसपास लोगों की भीड़ लगी थी। पुलिस को देखकर आसपास खड़े लोग भाग निकले। पुलिस ने मौके से प्रहलाद ठाकुर उम्र 18 वर्ष निवासी गांधी वार्ड पनागर को हिरासत में लिया। जिसके एप्पल कंपनी के मोबाइल में आईपीएल सट्टे की लिंक व यूजर आईडी खुली पायी गई। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टे की राशि पंद्रह हजार चार सौ रुपये व एक एप्पल कंपनी का मोबाईल जप्त किया है।

## आरोपी महिला पुलिस गिरफ्त में

# चांदी की अंगूठी में सोने की परत चढ़ाकर बेची थी अंगूठी

**जबलपुर,देशबन्धु।** चांदी की अंगूठी में सोने की परत चढाकर बेचकर ठगी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने महिला के पास से पांच नकली अंगूठी बरामद की है। विजय नगर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायण जायसवाल उम्र 63 साल निवासी कचनार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी शक्ति भोग चौराहा में माँ आभूषण जेम्स एण्ड ज्वेलरी शाप का नामक दुकान है। वह षनिवार को अपनी दुकान पर बैठा हुआ था तभी दोपहर को एक महिला जिसकी उम्र लगभग 40 साल होगी दुकान पर आई थी। उसने एक अंगूठी दिखाते हुये कहा कि यह सोने की अंगूठी है जिसे मैं बेचना चाहती हूँ। अंगूठी को कसौटी पत्थर पर चेक करने के बाद उसका वजन किया जिसका वजन 6.540 ग्राम आया। उसने अज्ञात महिला को 18 कैरेट के हिसाब से 39 हजार रुपये दिये। महिला के दुकान से चले जाने के बाद



अंगूठी को मशीन से चेक किया तो पाया कि अंगूठी की उपरी हिस्से पर सोने की परत चढी हुई थी तथा पूरी अंगूठी चाँदी धातु की बनी हुई थी।

पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 318 (3), 318 (4) के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी महिला की तलाश प्रारंभ कर दी थी। पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपी महिला अंजू सेन पति स्व. सुरेश सेन निवासी रामपुर गोरखपुर को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से 3 अंगूठी एवं 1 टूटी अंगूठी बरामद की।

# बदमाशों का कहर, जानलेवा हमला कर कई घरों में तोड़फोड़

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थाना क्षेत्रांतर्गत पुरी बस्ती तलैया झण्डा चौक में बीती रात चार बदमाशों ने जमकर कहर बरपाया। आरोपियों ने नेतराम चौधरी के घर में घुसकर डंडे व बके से उन पर जानलेवा हमला कर घर में तोडफोड कर दी। इसके बाद आरोपियों ने आसपास के घरों को भी अपना निशाना बनाते हुए उन पर जमकर तोड़फोड़ की।

बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना देने घंटों बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, जिससे पूरी बस्ती में दहशत का माहौल निर्मित है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

जानकारी अनुसार पुरानी बस्ती निवासी 62 वर्षीय नेतराम चौधरी बीती रात करीब साढ़े आठ बजे अपने घर पर खाना खा रहा था।

### रांझी पुरानी बस्ती में दहशत का आलम

उसी दौरान गगन बिरहा, पवन, अप्पू , गोल्डी चारों पहुंचे और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। नेतराम ने गालियां देने से मना किया तो पवन, अप्पू ,गोल्डी ने बेसबॉल के डंडे से मारपीट शुरु कर दी। इसी दौरान गगन बिरहा ने जान से मारने की नियत से बका से हमला कर उसके माथा एवं पैर में चोट पहुँचा दी। इसके बाद आरोपियों ने घर में रखे टीव्ही, पंखा, फ्रिज में तोडॅफोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं आरोपियों ने आगे जाकर रंजो साहू के घर में घुसकर टीव्ही, कुर्सी पानी का डिब्बा में तोड़फोड़ एवं रानी चक्रवर्ती के दरवाजे में भी तोडफोड़ की।

आरोपियों ने ममता राय के घर में लाईट वाला मीटर तोड़ दिये। पिंकी पटैल के घर की सीमेण्ट सीट, इंद्रवती लोधी के घर में गेट, फाईबर सीट में तोडफोड़ कर उन लोगों को भी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# सब्जी ले रहे अधिकारी का आई फोन चुरा ले गया चोर

**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ाव मंडी में सब्जी ले रहे माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष वी श्रीनिवास का किसी अज्ञात व्यक्ति ने 75 हजार कीमती आईफोन पार कर दिया। पुलिस ने बताया कि 56 वर्षीय वी श्रीनिवास राव गोलबाजार गंगोत्री अपार्टमेंट में रहते है, जो कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र शासन के उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत है। बीते दिवस वह सब्जी लेने पड़ाव मंडी गये थे। जहां वह रवि राज सब्जी विक्रेता के सामने सब्जियां खरीद रहे थे, उसी समय उनका ध्यान अपने मोबाइल की ओर गया,जो कि शर्ट की जेब में नहीं था। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# नियमों को ताक में रखकर की जाती है सड़क पर स्कूलों की पार्किंग

## हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** नियमों को ताक में रखकर सड़कों में स्कूल की पार्किंग के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि सड़क में पार्किंग के कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पडता है और स्कूल अपने वाले छात्रों के साथ भी हादसा घटित हो सकता है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस एस ए धर्माधिकारी की युगल पीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

जबलपुर निवासी अधिवक्ता जसबीन गुजराल,रंजीता यादव सहित अन्य की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था साल 2022 में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा भी गाइडलाइन जारी की गयी थी। जिसके अनुसार जिन वाहनों से छात्र आते है,उनकी पार्किंग स्कूल के अंदर होनी चाहिये। इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टर को निर्देष भी जारी किये गये थे। इसके बावजूद भी शहर के अधिकांश स्कूलों की पार्किंग सड़क में होती है। जिसके कारण सड़क में जाम की स्थिति निर्मित होती है। बच्चों को स्कूल के बाहर सडकों पर उतारे जाने से उसके साथ अनहोनी का खतरा भी बना रहता है। याचिका में मुख्य सचिव, संभागायुक्त,कलेक्टर,निगमायुक्त,पुलिस अधीक्षक यातायात तथा मध्य प्रदेष बाल अधिकार संरक्षण आयोग को पक्षकार बनाया गया था। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद अनावेदकों को नोटिस जारी की जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता ने सुनवाई के दौरान अपना पक्ष स्वयं रखा।

## सरकार के जवाब पर विमानन कंपनियों प्रस्तुत करें अभिमत, हाईकोर्ट ने दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** डुमना एयरपोर्ट पर लिये जाने वाले अपेक्षाकृत अधिक टैक्स को कम करने के संबंध में प्रदेष सरकार की तरफ से हाईकोर्ट में जवाब पेष किया। हाईकोर्ट के जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने विमानन कंपनियों को सरकार के जवाब पर अभिमत प्रस्तुत करने के निर्देष दिये है। याचिका पर अगली सुनवाई 14 मई को निर्धारित की गयी है।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि जबलपुर में अन्य शहरों की तुलना में कम फ्लाइट हैं। पूर्व में जबलपुर से मुम्बई, पुणे, कोलकाता, बेंगलुरु आदि शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती थी। जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर तथा भोपाल के सामान थी। फ्लाइट के लगातार बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना प? रहा है। पूर्व में जबलपुर से औसतन 15 फ्लाइट संचालित होती थीं। वर्तमान में घटकर इनकी संख्या पांच हो गई है। इससे जबलपुर का विकास अवरुद्ध हो रहा है।

विमानन कंपनियों की तरफ से पेष किये गये जवाब में कहा गया था कि डुमना एयरपोर्ट में अधिक टैक्स लिए जाने के कारण वे फ्लाइट संचालन में असमर्थ हैं। डुमना एयरपोर्ट में वर्तमान में जो चार्ज लगाया जाता है, वह अपेक्षाकृत अधिक है। फ्लाइट सेवा प्रारंभ करने वाली कंपनियां इस चार्ज की अदायगी करेंगी तो मुनाफा कम नुकसान अधिक होगा। युगलपीठ ने सरकार को निर्देशित किया था कि जनहित में टैक्स घटाया जाये की गुंजाइश के संबंध में जवाब मांगा था। याचिका पर सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान युगलपीठ को बताया गया कि सरकार की तरफ से जवाब पेष कर दिया गया परंतु वह रिकॉर्ड में नहीं आया है। युगलपीठ ने जवाब की काफी विमानन कंपनी को सप्लाई करने के निर्देष देते हुए उक्त आदेश जारी किये। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता दिनेष उपाध्याय ने पैरवी की।




## अतिक्रमण कर शासकीय भूमि का किया जा रहा व्यवसायिक उपयोग

**जबलपुर,देशबन्धु।** भोपाल के गांधी नगर में अतिक्रमण कर शासकीय भूमि में अतिक्रमण कर उसका व्यवसायिक उपयोग किये जाने को हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की चुनौती दी गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए तहसीलदार को चार सप्ताह में कार्यवाही के निर्देष दिये है।

सेवानिवृत्त कर्मचारी रामधार कटहिहार की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि गांधी नगर स्थित शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर उस पर रघुवीर ऑफ सिंह मार्केट बनाकर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। इस संबंध में शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण उक्त याचिका दायर की गयी है।

याचिका में राहत चाही गयी थी कि अवैध निर्माण कर सार्वजनिक संपत्ति से वित्तीय लाभ प्राप्त करने वालों के खिलाफ आपराधिक और सिविल कार्यवाही की जाये। शासकीय जमीन को मूल स्थिति में बहाल करने के आदेष जारी किये जाये। इसके अलावा राजस्व विभाग के दोषी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाये। युगल पीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए अपने आदेष में कहा है कि तहसीलदार चार सप्ताह में विधि अनुसार कार्यवाही करें। कार्यवाही के बाद तीन दिनों में याचिकाकर्ता को उससे अवगत करवाये। याचिकाकर्ता कार्यवाही से संतुष्ट नहीं होता है तो उचित उचित प्राधिकारी के समक्ष आपत्ति पेष कर सकता है।

## रिटायर्ड कर्मी से वसूली पूरी तरह अवैधानिक

### वसूली गई राशि ब्याज सहित वापस करने के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बसंल की एकलपीठ ने सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मी से वसूली को अवैधानिक करार दिया है। एकलपीठ ने वसूली गई समस्त राशि आठ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 30 दिन के भीतर वापस करने का राहतकारी आदेश पारित किया। शहडोल निवासी संतलाल झारिया की ओर से अधिवक्ता हर्षित पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के सेवानिवृत होने के बाद विभाग ने उनके पेंशन और अन्य देयों से बिना उचित प्रक्रिया अपनाए बिना वसूली का आदेश दिया, जो पूरी तरह अवैधानिक था। इसलिये हाईकोर्ट की शरण ली गई। दरअसल, यह वसूली न केवल नियम विरुद्ध है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश का भी उल्लंघन है। हाईकोर्ट ने तर्क से सहमत होकर याचिकाकर्ता के पक्ष में उक्त राहतकारी आदेश दिया।

## प्रदेश से ट्रांसफर हुई ओबीसी आरक्षण संबंधी याचिकाएं सुको ने स्वीकारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र अन्य पिछड़ा वर्ग को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 फीसदी आरक्षण देने से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। जस्टिस अभय एस ओका एवं जस्टिस उज्जवल भुयान की युगलपीठ ने मप्र हाईकोर्ट से ट्रांसफर हुई 52 याचिकाओं को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है।

मामले पर सुनवाई के दौरान मप्र सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने शीर्ष अदालत से निवेदन किया कि ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामलों पर जल्द से जल्द सुनवाई की जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि इन मामलों की सुनवाई के लिए जल्द ही एक उपयुक्त बेंच गठित की जाएगी। गौरतलब है कि ये मामले पिछले 6 वर्ष से लंबित हैं। वर्ष 2019 में मप्र हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण को चुनौती देते हुए पहली याचिका दायर हुई थी। इसके बाद सैकड़ों याचिकाएं दायर हुईं। इनमें कुछ याचिकाएं ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने के विरोध में हैं, जबकि कुछ इसके पक्ष में हैं।

# मप्र हाईकोर्ट की यादों की सौगात लेकर जा रहा हूं

### विदाई समारोह में बोले जस्टिस एसए धर्माधिकारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट से केरल हाईकोर्ट स्थानांतरित हुए जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी ने अपने विदाई समारोह में भावपूर्ण उद्बोधन देते हुए कहा कि यहां से वे यादों की सौगात लेकर जा रहे है।

यहां बार और बेंच, दोनों का भरपूर सहयोग मिला। इसलिए कृतज्ञता ज्ञापन अपना परम धर्म समझता हूं। वे हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में अपने सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान हाईकोर्ट चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत, एडमिनिस्ट्रेटिव संजीव सचदेवा, एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत रूपराह, हाईकोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार सचिव निखिल तिवारी और जिला बार एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा मंचासीन थे। वक्ताओं ने कहा कि सात अप्रैल 2016 को मप्र हाईकोर्ट को जस्टिस श्री धर्माधिकारी के रूप में उपहार मिला था। अब यह उपहार केरल हाईकोर्ट की झोली में चला गया है। उम्मीद है कि जस्टिस धर्माधिकारी अपनी चिरपरिचित ऊर्जा के साथ वहां भी सबसे प्रिय हो जाएंगे।

हाईकोर्ट बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, सह सचिव योगेश सोनी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पुस्तकालय सचिव रजनीश उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी, विनोद मिश्रा, गरिमा तिवारी, रविंद्र प्रताप सिंह, प्रियंक चंसौरिया व स्मिता केहरी ने स्वागत किया।

# जनसहयोग से पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों में लगवायेगी सीसीटीव्ही कैमरे

**जबलपुर,देशबन्धु।** अपराधों पर नियंत्रण के लिये एसपी सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शहर व देहात थाना क्षेत्रों के संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त कैमरे जनसहयोग से लगवाये जायेंगे। जिसको लेकर थाना स्तर पर गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों व स्थानीय जनों की बैठक लेकर जन सहयोग की अपील कर उनके सुझाव मांगे गये। जिसमें जल्द से जल्द ढाई सौ सीसीटीव्ही कैमरे लगाये जाने पर चर्चा की गई।

# दस जुआड़ी पुलिस के हत्थे चढ़े

## घमापुर व माढ़ोताल पुलिस की कार्यवाही



**जबलपुर,देशबन्धु।** घमापुर व माढ़ोताल पुलिस ने लाईन के बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों के जुआं फड़ पर दबिश दी। पुलिस ने दस जुआडियों को इक्का-बली पर दांव लगाते हुए दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने 36 हजार पांच सौ रुपये की नगदी व ताश के 52 पत्ते जप्त किये है। पुलिस ने सभी के खिलाफ जुआं एक्ट के तहत कार्यवाही की।

घमापुर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शीतलामाई बेन मोहल्ला में पुलिस लाईन के बल के साथ दबिश दी गई। जहां से नितिन मेहरोलिया उम्र 38 वर्ष निवासी बैजनाथ नगर जीसीएफ स्टेट रांझी, मनीष ठाकुर उम्र 37 वर्ष निवासी साहू मोहल्ला सिद्धबाबा, अंकित शुक्ला उम्र 25 वर्ष, रवि रजक उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी गोपाल होटल घमापुर को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताश के 52 पत्ते तथा 27 हजार 700 रुपये जप्त किये। इसी प्रकार माढ़ोताल पुलिस ने रामकृष्ण नेत्रालय के सामने खाली खेत में ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे जुआडि़यों को दबोचा। पुलिस ने मौके से

लक्ष्मण उर्फ लच्छू श्रीपाल उम्र 55 वर्ष निवासी रविदास नगर बड़ा पत्थर रांझी, सुशील तिवारी उम्र 47 वर्ष निवासी खेरामाई मंदिर के सामने महाराजपुर अधारताल, मनीष सोनी उम्र 43 वर्ष निवासी सीमा टेलर के पीछे गोपाल होटल घमापुर, त्रिलोक चंद उर्फ ओम कुशवाहा उम्र 38 वर्ष निवासी कमलेश फर्नीचर के पास गोहलपुर, मोह. साबिर उम्र 42 वर्ष निवासी 16 क्वाटर मदरसा गरीब नवाज के पास हनुमानताल, सोहिल अख्तर उम्र 49 वर्ष निवासी गली नम्बर 1 मक्का नगर रजा चौक हनुमानताल बताया, वहीं भागने वाले का नाम बेड़ीलाल चौधरी निवासी शंकर नगर माढोताल बताया। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताश के 52 पत्ते व आठ हजार आठ सौ रुपये की नगदी जप्त की है।

## शासकीय भूमि पर दबंगों का कब्जा, मुक्तिधाम का रास्ता भी नहीं छोड़ा!

**पाटन, देशबन्धु।** जिले के पाटन ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गुरु पिपरिया गांव के मुक्तिधाम जाने वाले रास्ते में दबंगों ने शासकीय भूमि पर कब्जा जमा रखा है। अब तो हालत ऐसे बन गए हैं कि श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार करने जाने के लिए ग्रामीणों को कोई रास्ता नहीं बचा है।



सूत्र: बताते हैं कि मुक्तिधाम के रास्ते पर कब्जा करने वाला कोई गुंडा मवाली नहीं है बल्कि वह तो एक शासकीय शिक्षक और दूसरा पंच और तीसरा पंचायत सचिव है। सरकार ने मासाब के कंधे पर भविष्य निर्माण की जिम्मेदारी सौंप रखी है, वही दूसरा व्यक्ति पंच पति है जो अपनी पत्नी के पद का दुरुपयोग कर रहा है और सरकारी रास्ते का तीसरा कब्जाधारी इसी पंचायत में सचिव के पद पर आसीन था, जिसे अनियमितताओं के चलते वर्तमान में रेठरा ग्राम पंचायत का सचिव बनाया गया है। ये सभी अपने अपने कर्तव्यों से भटककर मुक्ति धाम के सरकारी रास्ते में कब्जा जमाकर सार्वजनिक मुक्तिधाम सड़क निर्माण में वर्षों से रोड़ा अटका रहे हैं। गांव के ज्ञानु शर्मा, रजत शर्मा, रिंकू झारिया, गिरन गौंड ने बताया कि दबंगों ने गांव से मुक्तिधाम तक जाने वाले सरकारी रास्ते को खेतों के साथ जोत लिया है, वही एक सरकारी दबंग कर्मी की मां का देहांत 5-6 वर्ष पूर्व हुआ था, उसने अपनी मां की याद में सरकारी रास्ते में चबूतरा बना लिया। इन सभी भूमाफिया ने गांव के पानी निकासी वाले चौड़े नाले पर कब्जा कर लिया है। पूर्व में दिखने वाला नाला वर्तमान समय में सकरी नाली की तरह दिखाई पड़ता है। उन्होंने बताया कि बारिश के समय में उक्त रास्ता बंद हो जाता है एवं ग्रामवासियों को श्मशान तक जाने के लिये खेत की मेढ़ों और कीचड़ से होकर जाना पड़ता है।

अंतिम संस्कार की लकड़ी भी बारिश के दिनों में नहीं पहुंच पाती। चिता की लकड़ियों को सिर पर रखकर ले जाना पड़ता है। पूर्व में जब मुक्तिधाम बना था, तब मेन रोड के नजदीक नाले के बाजू से रोड प्रस्तावित थी, किन्तु ग्राम के दबंगों द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर लिया है एवं मुक्तिधाम सड़क निर्माण में बेवजह बाधा खड़ी कर रहे है। इस समस्या को लेकर ग्रामीण कलेक्टर से भी गुहार लगाने वाले हैं।

## हिरन नदी पखवाड़े भर से सूखी, नहीं जागा प्रशासन

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** नदी किनारे घोंघा प्यासा' कहावत हर किसी ने सुनी होगी। ऐसा ही कुछ हाल वर्तमान में हिरन नदी का है वर्तमान में घाट सिमरिया के दोनों ओर बसे गांव से बहने वाली वा गांव में जल स्तर को बनाए रखने वाली हिरन नदी पूरी तरह सूख चुकी है व रेगिस्तान की शक्ल में नजर आ रही है। हिरन नदी के तट पर बसे गांव व नगर बीते कई वर्षों से गर्मियों में प्यासे रहते है। कम बारिश और नीचे जाता जलस्तर ग्रामीण क्षेत्रों से लगे लगभग दो दर्जन गांवों वा सिहोरा, खितौला के हजारों आबादी को जलसंकट परेशान कर रहा है।

सबसे बड़ी बात यह है कि जिला प्रशासन लोगों के घरों तक नर्मदा जल पहुंचाने के लिए जोरों से दंभ भरता है, लेकिन वर्तमान में हिरन नदी जल विहीन हो जाने से जहां गांवों में जल संकट को लेकर हाहाकार मच रही है वहीं हिरन नदी से लगे कई क्षेत्र पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। गांवों में स्थिति बिगड़ती जा रही है उसके बाद भी प्रशासनिक अमला उस पर ध्यान नहीं दे रहा है। दूसरी छोटी नदियों का तो जैसे अस्तित्व ही मिटता जा रहा है। हिरन नदी को सूखे लगभग एक पखवाड़े से अधिक का समय व्यतीत हो गया है किन्तु संबंधित विभाग वा प्रशासनिक अधिकारी हाथ पर हाथ रखे बैठ कर मूकदर्शक बने हुए हैं।

**बरगी दायीं तट नहर से पानी नहीं छोड़ा जा रहा**-पिछले वर्ष बनी थी ऐसी ही स्थिति गत वर्ष मई माह में पड़ी भीषण गर्मी के चलते हिरन नदी पूरी तरह सूख गई थी। जिससे आसपास के ग्रामों में पीने के पानी के लिए हाहाकार मच गया था।गत वर्ष मई माह के प्रथम सप्ताह में बरगी दायीं तट नहर से पानी हिरन में छोड़ा गया था ।किंतु लगभग एक पखवाड़े से अधिक समय से अप्रेल माह के अवसान के करीब में ही हिरन नदी में पोखर नजर आने लगे हैं हिरन नदी में नहर का पानी नही आने से हिरन नदी के कई स्थानों पर रेगिस्तान की शक्ल में नजर आ रहे हैं।

**इन ग्रामों में पानी की समस्या**-एक पखवाड़े से अधिक समय से समस्या जटिलता की ओर बढ़ गई है। हिरन नदी के किनारे व आसपास के ग्रामों में तपा, खुड़ावल, कैलवास, उमरिया, खिन्नी, कैथरा, चन्नौटा, मल्हना, कूड़ा, कंजई, घाटसिमरिया, मोहतरा, ताला, देवरी, शहजपुरा पानी का जलस्तर क्रमशः कम होता जा रहा है।

## सार-समाचार

### भगवान परशुराम की प्रतिमा की होगी स्थापना

**बरेला, देशबन्धु।** भगवान श्री परशुराम जी भगवान की आदमकद अष्टधातु से निर्मित मूर्ती की प्राण प्रतिष्ठा बरेला परशूराम धाम वार्ड नं 11बी टी आई में होने जा रही है। पांच दिवसीय आयोजन 6 मई मंगलवार को विशाल शोभा यात्रा के साथ प्रारम्भ होगी।

स्थानीय भैरो बाबा मन्दिर से शाम पांच बजे भगवान श्री परशुराम जी की मूर्ति,सजीव झांकी, कलश, साधु संत महात्मा, जनप्रतिनिधी, सम्मानीय जन मानस, बैंड, ढोल, आतिश बाजी के साथ नगर भ्रमण करते हुए परशुरम घाम पहुंचेगी। और 7, 8, 9, मई को दिन में पूजन अनुष्ठान किए जाएंगे, रात्री में संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है। 10 मई को पूर्ण आहुति प्रसाद वितरण भंडारा का कार्यक्रम तय किया गया है। इसी कड़ी में सर्व ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों ने महामंडलेश्वर स्वामी श्री अखिलेश्वरानंद जी महाराज, जगत गुरु स्वामी राघव देवा चार्य जी महाराज, नरसिंहपीठाधीश्वर जगत गुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज, स्वामी श्री गिरिशानन्द जी महाराज साकेत धाम से मुलाकात कर शोभायात्रा और आयोजन में शामिल होने का निवेदन किया। आयोजन समिति केमहेश मानव, अरविन्द तिवारी, अखिलेश नवेरिया, आशीष शुक्ला, आलोक दुबे सहित समिती ने सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### सात दिवसीय पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव के लिए स्थान का चयन

**पनागर, देशबन्धु।** आचार्य समय सागर महाराज एवं नगर के गौरव निर्यापक मुनि संभव सागर के सानिध्य में 14 मई से सात दिवसीय पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव के स्थान का चयन श्री जैन प्रबंधकारणी सभा एवं सकल जैन समाज के द्वारा रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने किया गया है। लगभग 14 एकड़ के स्थान में आयोजित होने जा रहे विशाल कार्यक्रम की तैयारीया समाज द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। विभिन्न समितियां को दायित्व सौंप दिए गए हैं क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सुशील तिवारी इंदू भैया के नेतृत्व में एवं दिशा निर्देशन में जोर-जोर तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के अलावा अन्य मंत्रियों एवं भारतवर्ष के वरिष्ठ सामाजिक जन भी कार्यक्रम में पहुंचने हेतु आमंत्रित किया जा रहे हैं, वहीं राष्ट्रीय स्तर के विद्वान भी इस पंचकल्याणक में एवं गजरथ महोत्सव में सम्मिलित होंगे। श्री जैन प्रबंधकारिणी सभा एवं गजरथ कमेटी के द्वारा तैयारी में लगी सभी समितियां को मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

### कुंडम पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान

**कुंडम, देशबन्धु।** दुर्घटनाओं के मध्य नजर रखते हुए कुंडम टीआई अनूप नामदेव ने सवारी एवं लोडिंग गाड़ियों का चैकिंग अभियान आज सोमवार के दिन चलाया है, ताकि मालूम पड़ सके और ओवरलोडिंग एवं दुर्घटनाएं न हो। जांच टीम में एसआई वीरेंद्र सिंह उईके एवं कुंडम पुलिस समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। हाथ ठेला व्यापारियों को दुकानें भी साइट में लगवाई गई, ताकि यातायात सुगम हो सके और जाम न लगे।



### गौरी शंकर मंदिर में 51 महिलाओं की सुहागलों का आयोजन किया गया

**पनागर, देशबन्धु।** वैशाख माह के पावन अवसर पर शिवाय महिला मंडल द्वारा 51 महिलाओं की सुहागलों का आयोजन गौरीशंकर मंदिर प्रताप वार्ड व्यास मौहल्ला में की गई जिसमें महिलाओं द्वारा अपनी पति की स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु लंबी उम्र की कामना की गई जिसमें शिल्पा तिवारी,पूजा सोनी,गीता व्यास, रमा तिवारी,पूनम तिवारी,मंजू पटेल,रंजना प्यासी सहित अनेक महिलाएं रही।

### भोलाराम विश्वकर्मा का निधन



**पनागर, देशबन्धु।** विद्यासागर वार्ड निवासी भोलाराम विश्वकर्मा का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप राजेश विश्वकर्मा नंदी के पिता थे। अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड पड़ाव स्थित श्मशान घाट पर सुबह 10 बजे किया जायेगा।

## लाठियों से पीट-पीटकर युवक की हत्या





**रीवा देशबन्धु।** बीती देर रात अज्ञात लोगों ने एक युवक की लाठियों से पीट पीटकर हत्या कर दी। घटना शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरैया टोला की है पुलिस ने संदेह के आधार पर दो महिला सहित चार लोगों को पकड़ा है जिसे हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मृतक 11 मामलो में आरोपी था।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम दूआरी निवासी विकास द्विवेदी उर्फ पिंटू परोहा की बीती रात्रि तकरीबन 12 बजे अमरैया टोला में अज्ञात लोगों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई है वारदात की सूचना

### मृतक 11 मामलों में था आरोपी

पर देर रात पहुंची पुलिस ने सब को पीएम के लिए अस्पताल में रख दिया है और दो महिला सहित चार लोगों को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया है।

घटना के संबंध में अब तक जो जानकारी निकलकर सामने आई है उसके मुताबिक अमरैया टोला में वीरेंद्र उर्फ बबली कोरी द्वारा एक झोपड़ी बनाई गई थी स्थानीय लोगों का आरोप है कि वीरेंद्र द्वारा यहां पर अवैध शराब का कारोबार किया जाता था और लोगों को बैठकर शराब भी पिलाई जाती थी, बीती रात्रि वह झोपड़ी किसी के द्वारा जला दी गई है इसके बाद विकास द्विवेदी उर्फ पिंटू परोहा की हत्या कर दी गई है ऐसा संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि यह झोपड़ी मृतक द्वारा ही जलाई गई है जिसके बाद विवाद की स्थिति निर्मित हुई है और हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है बताया गया है कि मृतक पिंटू परोहा के ऊपर पूर्व में कई आपराधिक मामले भी दर्ज थे पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है ।

## बीच शहर युवक को मारी गोली?


**रीवा देशबन्धु।** शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंग नगर मोड़ के समीप युवक ने बाइक सवार दो अज्ञात लोगों पर गोली मारने का आरोप लगाया है युवक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक विवि थाना क्षेत्र अंतर्गत मोराई निवासी सत्यम तिवारी उर्फ सत्यम मोराई देर रात घायल अवस्था में संजय गांधी अस्पताल पहुंचा है जहां उसका उपचार जारी है घायल ने बताया कि वह अपने एक दोस्त के साथ जा रहा था इसी दौरान बाइक सवार दो अज्ञात लोगों ने पीछे से उस पर गोली चला दी गोली पीठ को छूती हुई निकल गई है वहीं चिकित्सकों ने मेडिकल परीक्षण के दौरान पीठ में खरोच के निशान पाए हैं फिलहाल यह है साफ नहीं हो सका है कि यह चोट कारतूस की है या किसी और की पुलिस फिलहाल जांच कर रही।

## भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद की बैठक आयोजित



**जबलपुर, देशबन्धु।** जश्न इन होटल में सोमवार को भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद जबलपुर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव के मार्गदर्शन, उप निदेशक सम्भाग मंडल जसप्रीत कौर की अध्यक्षता, संदीप गौर उप निदेशक व भरत सिंह राजपूत महासचिव के सौजन्य से आयेजित की गई। बैठक का उद्देश्य था कि समाज की मूलभूत सुविधाओं का लाभ समाज के गरीब परिवारों को किस प्रकार दिया जा सके, जिससे की लोगों को मदद मिल सके। जैसे कि स्वास्थ्य लाभ, कानूनी मदद, शासन प्रशासन द्वारा दी जाने वाली जानकारी और उसमें सहयोग प्रदान किस प्रकार किया जाए। इस विषय पर सारगर्भित मंथन किया गया, जिसमें जसप्रीत कौर, संदीप गौर, भरत सिंह राजपूत, सुनील नामदेव, संतोष ठाकुर, विमला जी, रानी बघेल, संजय वर्मा, योगिता शर्मा, रिया पटेल, प्रीति विश्वकर्मा, देवी सिंग, सुरेश जैन एवं भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद परिवार के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यकम का समापन एवं आभार जसप्रीत कौर के द्वारा किया गया।

## नगर में फैल रहा है ईंट भट्टों का धुआं, प्रशासन मौन



**बरेला, देशबन्धु।** वर्तमान में नगर में लगे हुए ईंट भट्टे के धुएं से पूरे नगर के रहवासी परेशान हैं। बताया जाता है कि नगर में बस्ती अंदर अनेक जगह ईंट भट्ठे लगे हुए हैं। इन भट्टे के धुएं के कारण आम आदमियों को सांस लेने में तकलीफ होती है। रात से धुएं का विकराल रूप मडराता है जो सुबह तक नगर में हल्का सा धुएं का धुंध बना रहता है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि आसपास घना कोहरा है। अस्थमा और दमा के मरीजों के लिए यह धुंआ जानलेवा साबित हो रहा है। वही बच्चों और बूढ़ों को सांस लेने में परेशानी का सबब बनता है। शासन के निर्देशानुसार नगरी निकाय में रहवासी क्षेत्र में ईंट भट्ठे प्रतिबंधित है तो वहीं दूसरी ओर नगर में लगे हुए ईंट भट्टे प्रशासन की उदासीनता को दर्शा रहा है। नगर के अंदर विभिन्न वार्डों में 10 ,11, 12 तालाब किनारे तथा थाने के पीछे अन्य जगहों पर भी ईंट भट्टे लगे हुए हैं, इन भट्ठे के धुएं के कारण नगर का तापमान और बढ़ गया हैं, किंतु नगर परिषद की उदासीनता के कारण इन ईंट भट्टा लगाने वाले लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

अपितु लोगों को इस जहरीले धुएं को सहन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने इन ईट भट्टो वालों पर प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है। इनका कहना है सीएमओ संजय पांडे नगर परिषद बरेला नगर में लगने वाले ईंट भट्टे का सर्वे कराया जा रहा है शीघ्र इन पर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

## आर्यिका संघ ने चालक के परिजन को किया माफ

### परिवार ने कहा जीवन भर करेंगे साधु संतों, की सेवा, हादसे में हो गईं थीं घायल

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** रांची से शिखर जी की ओर विहार कर रही युग श्रेष्ठ आचार्यश्री विद्या सागर महाराज एवं परंपरा आचार्यश्री समय सागर महाराज की आज्ञानुवर्ती शिष्या आर्यिका गुरु मति माता जी की संघस्थ आर्यिका चिंतन मति जी एवं ब्रा संजय भैया कटंगा, एवं एक ब्रह्मचारी दीदी जी को एक कार ने टक्कर मार दी थी जिसके कारण सभी को हल्की हल्की चोट आई थी। उसके बाद चालक के परिजन आर्यिका गुरु मति माता जी के श्री चरणों में पंहुचें, जहां उन्होंने आर्यिका माता जी ससंघ से बेहद नम आंखों से गलती के लिए क्षमा मांगी। आर्यिका संघ को आश्वासन दिया की हम जीवन भर साधु संतों की सेवा करेंगे।

महान करुणाधारी मां ने जैन धर्म के मान सिद्धांत क्षमा को आत्म सात करते हुए परिजन को क्षमादान दिया। ये जैन धर्म अनुपम है आर्यिका श्री चिंतन मति माता जी ने अपना कर्म उदय




जानकर सब समता से सह लिया और ज्येष्ठ श्रेष्ठ आर्यिका संघ ने दया करुणा और क्षमा को धारण कर परिजन को अभयदान दिया और साधु संतो की सेवा का आशीर्वाद दिया।

## नगर की सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे बिना नंबर के यमदूत

### ट्रॉला से गिरने वाली राखड़ से राहगीर परेशान

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले नुनसर ग्राम में निर्माणाधीन लिंग रोड पर गाडरवारा से राखड़ का परिवहन करने वाले हैवी 22 चक्का ट्रॉला से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोग बहुत भयभीत बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नुनसर ग्राम में लिंक रोड निर्माण कार्य चल रहा है। कंपनी के साइड इंचार्ज अधिकारी ऋतिक त्रिपाठी ने बताया कि आईएससी कंपनी जबलपुर की है और इसके मालिक गुरमीत सिंह छाबड़ा हैं।

गाडरवारा पॉवर प्लांट से राखड़ लोड करके इन 22 चक्का ट्राला से परिवहन किया जा रहा है जो शहपुरा, पाटन होते हुए नुनसर साइड पर उक्त राखड़ को अनलोड करते है। हमारे द्वारा राखड़ लोड ट्राला को तिरपाल से ढक कर लिंक रोड निर्माणाधीन साइड पर लाया जाता है और यही पर तिरपाल हटा कर वाहनों में लोड राखड़ को साइड पर गिराया जाता है। वाहन को खाली करते समय थोड़ी बहुत राखड़ ट्राला में रह जाती है। वापसी के समय यही राखड़ सड़क पर गिरती है इसके लिए हम कुछ नहीं कर सकते है। आप पॉवर प्लांट वालों से बात करे वही इसके बारे में कुछ बता सकते हैं। जब पूछा गया कि जैसे सड़क निर्माण के दौरान धूल वाले एरिया में टैंकरों से पानी डाला जाता है क्या इसी तरह ट्राला की फर्श पर पानी नहीं डाला जा सकता जिससे राखड़ के गुब्बारे सड़क पर न उड़े।




बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ते ट्राला

उन्होंने बताया कि ऐसा कोई आदेश कंपनी की तरफ से हमें नहीं मिला है। ग्रामीण बताते है कि रोजाना 24 घंटे ये ट्राला राखड़ लेकर गुजरते है। और वापसी के दौरान यह ट्राला राखड़ उड़ाते हुए जाते है। जिससे बाइक सवार बेहद परेशान है। इसके अलावा कुछ वाहनों में नंबर प्लेट ही नहीं है ये बिना नंबर के पाटन क्षेत्र की सड़कों पर सरपट दौड़ रहे हैं और जिन वाहनों में रजिस्ट्रेशन नंबर लिखे हैं उनके भी एक दो नंबर खुरोच दिए गए हैं जिससे वाहनों की पहचान छुपाई जा सके वही अधिकतर वाहनों में सरकार के द्वारा जारी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ही नहीं लगी है। आखिर क्यों कुछ वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर छुपाए जा रहे हैं जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि कही न कही कुछ तो दाल में काला है। ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की है यदि इन वाहनों से कोई घटना दुर्घटना होती है और वाहन चालक वाहन लेकर भाग जाता है तो उसे पकड़ने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इसकी वजह भी साफ अक्षरों में वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं होना बताया जा रहा है। वही मुख्य मार्ग पर पाटन पुलिस भी वाहन चेकिंग अभियान नहीं चला रही है जिससे नियमों की अवहेलना करने वाले वाहनों पर कार्यवाही की जा सके। पाटन पुलिस के द्वारा चलानी कार्यवाही नहीं होने से वाहन चालकों के हौसले इस समय बुलंद बताएं जा रहे हैं।

#### इनका कहना

जब बिना नंबर प्लेट और नगर में जाम लगने वाले ट्राला और हाइवा के संबंध में नवागत थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह बेहद गंभीर मामला है में इसे दिखवाता हूं।

**गोपेंद्र सिंह राजपूत,** थाना प्रभारी, पाटन

## पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा मामले में छिपाई जा रहा सच्चाई : अधीर रंजन

**बहरामपुर, (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई हिंसा को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने राज्य की ममता बनर्जी सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। चौधरी ने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में गोलीबारी और हिंसा में कई लोग घायल हुए, अस्पताल मरीजों से भरे हैं, लेकिन राज्य सरकार और पुलिस इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई को छुपाया जा रहा है, लोग जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। चौधरी ने आगे कहा कि दंगों की परिभाषा अलग है। यहां प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई। पुलिस को इतनी बड़ी घटना का जरा भी अंदाजा नहीं था। इससे राज्य पुलिस की कार्यप्रणाली उजागर हो गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर पश्चिम बंगाल में भाजपा और आरएसएस की पकड़ मजबूत हो रही है, तो इसके लिए उन्हें ममता बनर्जी को धन्यवाद देना चाहिए। चौधरी ने दावा किया कि ममता के शासन से पहले भाजपा और आरएसएस की राज्य में कोई खास ताकत नहीं थी। उन्होंने न्यायपालिका के भगवाकरण की कोशिशों की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसी कोशिशें सफल नहीं होंगी।

# ट्रंप से डील की तो अंजाम बुरा होगा, टैरिफ वॉर के बीच चीन की बाकी देशों को खुली धमकी



### ट्रंप के टैरिफ युद्ध से हड़कंप

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर पर 10त्न तक का समान टैरिफ लगाया है, लेकिन चीन के लिए यह दर 245त्न तक जा पहुंची है। जवाब में बीजिंग ने भी अमेरिका से आने वाले उत्पादों पर 125त्न तक शुल्क लगा दिया है। अमेरिका की यह नीति अब वैश्विक व्यापार को संकट में डाल रही है और मंदी की आशंका भी गहराई है।

अमेरिका से टैरिफ वॉर के बीच चीन ने बाकी देशों को सख्त चेतावनी दी है कि अगर कोई भी देश अगर अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता करता है, जो चीन के हितों के खिलाफ हो, तो अंजाम बुरा होगा।

अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ वॉर ने नया मोड़ ले लिया है। चीन ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि कोई भी देश अगर अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता करता है, जो चीन के हितों के खिलाफ हो, तो वह उसे कभी स्वीकार नहीं करेगा और कड़े जवाबी कदम उठाएगा। चीन की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब खबरें हैं कि ट्रंप प्रशासन कई देशों पर दबाव बना रहा है कि अगर वे अमेरिका से टैरिफ छूट चाहते हैं तो उन्हें चीन के साथ व्यापार सीमित करना होगा।

**चीन की बाकी देशों को चेतावनी**– चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को बयान जारी कर कहा,कोई भी देश अगर चीन के हितों की अनदेखी कर अमेरिका से बड़ा सौदा करता है, तो ऐसा रवैया अंततः दोनों पक्षों को नुकसान ही पहुंचाएगा। बीजिंग ने अमेरिका पर सभी व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ थोपने और प्रतिशोधी शुल्क की बातचीत के नाम पर उन्हें धमकाने का आरोप लगाया। मंत्रालय ने दो टूक कहा कि चीन अपने अधिकारों की रक्षा करने में सक्षम है और इस लड़ाई को अंत तक लड़ेगा।

**ट्रंप का दावा-चीन से बातचीत जारी है**– हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमेरिका और चीन के बीच बातचीत चल रही है। उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, हां, हम चीन से बात कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम चीन के साथ बहुत अच्छा समझौता करने वाले हैं। लेकिन चीन की ओर से अब तक इस बातचीत की कोई पुष्टि नहीं हुई है। उल्टा बीजिंग ने अमेरिका की नीतियों को एकतरफा और संरक्षणवादी बताया है और चेताया है कि यह दुनिया को जंगल के कानून की ओर धकेल देगा।

### ट्रंप के टैरिफ वॉर का शिकार

# चीन ने अमेरिका को वापस लौटाया बोइंग जेट, एयरलाइंस में होना था इस्तेमाल




अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए टैरिफ वॉर का असर दिखने लगा है। चीनी एयरलाइन द्वारा इस्तेमाल करने के लिए बनाए गए बोइंग जेट को एयरलाइन ने वापस उसके सिएटल स्थित अमेरिकी बेस पर भेज दिया है। अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग द्वारा बनाए गए इस विमान को चीन की जियामेन एयरलाइंस द्वारा इस्तेमाल किया जाना था। यह विमान पिछले महीने ही शंघाई के करीब स्थित एयरलाइन बेस पर पहुंचा था।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन से उड़ान भरकर अमेरिका पहुंचे इस विमान के ऊपर जियामेन का कलर लगा हुआ था। अपनी इस यात्रा के दौरान यह विमान गुआम और हवाई में ईंधन भरवाने के लिए भी रुका था। इससे पहले अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी को इस सप्ताह की शुरुआत में चीन द्वारा विमान आयात पर प्रतिबंध लगाने की खबर मिली थी। चीन द्वारा लगाया गया यह आयात प्रतिबंध राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जवाबी टैरिफ की कार्रवाई का हिस्सा है, हालांकि कंपनी के सूत्रों के मुताबिक अभी भी नियमों को लेकर स्थिति साफ नहीं है।

बोइंग का 737 मैक्स मॉडल अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी द्वारा सबसे ज्यादा बेचे जाने वाले मॉडल्स में से एक है। चीन से इसकी वापसी इस क्षेत्र में अमेरिकी निर्यात में आई गिरावट और नए विमानों की डिलवरी में आने वाली नई दिक्कतों का संकेत देती है।

इस मामले के जानकार लोगों के मुताबिक दोनों देशों के बीच टैरिफ में बदलाव से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है। अगर इसे जल्दी ही नहीं सुलझाया गया तो कई विमानों की डिलीवरी अधर में लटक सकती है। बोइंग के जेट और एयक्राफ्ट की कीमत कई मिलियन डॉलर्स में होती है ऐसे में उन पर इतना ज्यादा टैरिफ देना किसी भी कंपनी के लिए फायदेमंद नहीं होगा। ऐसे में कई एयरलाइंस के सीईओ ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि इतना ज्यादा टैरिफ देने से बेहतर है कि हम विमानों की डिलीवरी को ही टाल दें।

## आज का इतिहास

1851–प्रसिद्ध इंजीनियर, समाजसेवी और भारत में हरित क्रांति के नायक सर गंगा राम का जन्म।

1894–भारतीय संविधान को बनाने में सहयोग देने वाली महिलाओं में से एक अम्मू स्वामीनाथन का जन्म।

1906–यूनान के एथेंस में 10वें ओलंपिक खेलों की शुरुआत हुई।

1914–हिन्दी फ़िल्म निर्माता–निर्देशक बी. आर. चोपड़ा का जन्म।

1915–प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मन सेना ने पहली बार जहरीली गैस का इस्तेमाल किया।

1921–नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने इंडियन सिविल सर्विस से इस्तीफा दिया।

1931–मिस्र और इराक ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1932–जानेमाने आध्यात्मिक संत, समाज सुधारक, दार्शनिक तथा लेखक स्वामी सच्चिदानंद का जन्म।

## सुडोकू 6890

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | | | 7 | |
| | | | 7 | | | | 8 | |
| 5 | | | | 4 | | | | |
| | | 9 | 2 | | | | 4 | 7 |
| 8 | | 1 | | | | 5 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 5 | 9 | | |
| | | | | 9 | | | | 1 |
| | 1 | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | | | 4 | 3 | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## मोदी ने चन्द्र बाबू नायडू को दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी और राज्य के विकास के लिए उनके अथक प्रयासों की सराहना की। मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि मेरे अच्छे मित्र और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू गारू को हार्दिक शुभकामनाएं। यह सराहनीय है कि वे भविष्य के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आंध्र प्रदेश के विकास के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

## गुना एसपी का तबादला

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में हाल ही में हुयीं हिंसक घटनाओं के बाद पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा को स्थानांतरित कर दिया गया है। इस संबंध में शनिवार देर रात आदेश जारी किए गए। सिन्हा को पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। इंदौर में पदस्थ पुलिस उपायुक्त अंकित सोनी को गुना के नए एसपी के रूप में पदस्थ किया गया है।

## चंवर के पानी में डूबकर बच्चा सहित दो लोगों की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में चंवर के पानी में डूबकर एक बच्चा सहित दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जटुआ गांव निवासी ओमप्रकाश राय की पुत्री सोनाली कुमारी एवं भूपेंद्र महतो का पुत्र रूपेश कुमार खेलने के दौरान गांव के समीप से गुजर रहे चंवर के पानी में चला गया। जहां गहरे पानी में चले जाने से उन दोनों की डूबकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

## यूएई में भारतीय वायुसेना करेगी युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर लड़ाकू विमान सोमवार से संयुक्त अरब अमीरात में प्रतिष्ठित हवाई युद्ध अभ्यास डेजर्ड फ्लैश-10 में अपने जौहर व रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे। वायु सेना प्रवक्ता ने बताया, वायु सेना की टुकड़ी इस अभ्यास में हिस्सा लेने को संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा एयर बेस पर पहुंच गई है। डेजर्ट फ्लैग अभ्यास संयुक्त अरब अमीरात वायु सेना द्वारा आयोजित एक बहुराष्ट्रीय अभ्यास है। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, फ्रांस, जर्मनी, कतर, सऊदी अरब, कोरिया, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन व अमेरिका की वायु सेनाएं भाग ले रही हैं।

# चंद्रमा पर पानी की उत्पत्ति का रहस्य सुलझा, 65 साल पुरानी थ्योरी का मिला सबूत



भारत के चंद्रयान मिशन ने चांद पर पानी की खोज कर दुनिया को चौंका दिया था और अब वैज्ञानिकों ने आखिरकार यह भी पता लगा लिया है कि यह पानी आया कहां से? नासा के नेतृत्व में हुए एक नए शोध में यह पुष्टि हुई है कि सूरज की सोलर विंड (सौर वायु) चंद्रमा पर पानी का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

1960 के दशक से वैज्ञानिक यह मानते आ रहे थे कि सूर्य से निकलने वाले आवेशित कण चंद्रमा की सतह पर रासायनिक प्रतिक्रियाएं शुरू करके पानी के अणु बना सकते हैं। अब ताजा रिसर्च में सटीक प्रयोगशाला जांच के बाद इस सिद्धांत को प्रमाणिकता मिल गई है नासा वैज्ञानिक ली हिसिया यो और जेसन मैकलेन ने इसके लिए एक विशेष प्रयोग कक्ष तैयार किया, जिसमें चंद्रमा जैसा निर्वात वातावरण तैयार किया गया। इस प्रयोग में अपोलो 17 मिशन से लाए गए चंद्रमा की मिट्टी के नमूनों पर कृत्रिम सौर वायु डाली गई। इससे पहले उन्होंने इन नमूनों को गर्म कर धरती की नमी पूरी तरह हटाई, ताकि परिणाम शुद्ध रहें।

सिर्फ कुछ दिनों में, उन्होंने यह दिखाया कि यह सोलर विंड लगभग 80000 वर्षों के बराबर प्रभाव छोड़ सकती है। परीक्षण के बाद 3 माइक्रॉन के पास एक इंफ्रारेड सिग्नेचर पाया गया—जो हाइड्रॉक्सिल (ओएच) और पानी (ओ2एच) के बनने का प्रमाण है। नासा के इस शोध का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह उनके आर्टेमिस कार्यक्रम को गति दे सकता है, जिसके तहत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर इंसानी मौजूदगी कायम करने की योजना है। माना जाता है कि चंद्रमा के इसी हिस्से में स्थायी छाया वाले गड्ढों में जमी हुई बर्फ के रूप में पानी मौजूद है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि चंद्रमा पर पानी कोई पुरानी विरासत नहीं, बल्कि सौर वायु के जरिए लगातार बनता और रीसायकल होता रहने वाला तत्व हो सकता है। यह खोज भविष्य में चंद्रमा पर जीवन और ईंधन उत्पादन की संभावनाओं को बड़ा आधार दे सकती है। वैज्ञानिक यो ने कहा, यह जानना रोमांचक है कि सिर्फ चंद्र मिट्टी और सूरज से निकलने वाले हाइड्रोजन की मदद से पानी बनाया जा सकता है।

# जेईई मेन्स सेशन-2 के टॉपर से मिले ओम बिरला



**नई दिल्ली, (देशबन्धु)।** जेईई मेन्स 2025 के सत्र 2 परीक्षा का रिजल्ट शनिवार को जारी हुआ। कोटा में रहकर पढ़ाई कर रहे ओडिशा के ओमप्रकाश बेहरा ने इस परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त की। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बेहरा से मुलाकात की और बधाई दी।

स्पीकर ओम बिरला ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर छात्र को बधाई देते हुए वीडियो शेयर किया। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कोटा में अध्ययनरत ओडिशा के ओमप्रकाश बेहरा ने जेईई मेन्स 2025 में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है।

उन्हें इस गौरवपूर्ण सफलता पर शुभकामनाएं दीं। यह उपलब्धि न केवल उनके परिश्रम और अनुशासन की मिसाल है, बल्कि कोटा की शैक्षणिक संस्कृति की भी सजीव अभिव्यक्ति है। उन्होंने आगे लिखा, इस सफलता के पीछे ओमप्रकाश के माता-पिता का त्याग और समर्पण विशेष रूप से प्रेरणादायक है। ओमप्रकाश, उनके माता-पिता, शिक्षकों और कोटा की शिक्षण संस्थाओं को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने, यही कामना है। जेईई मेन 2025 में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी ढेर सारी शुभकामनाएं। बता दें कि रविवार को जारी रिजल्ट में 24 छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किया। जेईई मेन्स सेशन 2 के पेपर 1 के लिए कुल 9,92,350 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 6,81,871 महिला उम्मीदवार और 3,10,479 पुरुष उम्मीदवार शामिल थे। टॉप स्कोरर्स में राजस्थान ने शीर्ष स्थान हासिल किया है, जहां से 7 उम्मीदवारों ने उच्चतम अंक प्राप्त किए। इसके बाद तेलंगाना, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से 3-3 टॉप स्कोरर रहे, जबकि पश्चिम बंगाल, दिल्ली और गुजरात से 2-2 उम्मीदवारों ने शानदार प्रदर्शन किया। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से 1-1 टॉप स्कोरर सामने आए। इसके अलावा, कटऑफ मार्क्स की अगर हम बात करें तो जनरल श्रेणी के लिए 93.1023262, ईडब्ल्यूएस के लिए 80.3830119, ओबीसी-एनसीएल के लिए 79.4313582, एससी के लिए 61.152693, एसटी के लिए 47.9026465 और पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) श्रेणी के लिए 0.0079349 रही। पिछले साल की तुलना में इस बार जनरल कैटेगरी की कटऑफ थोड़ी कम रही है। 2024 में यह 93.2362181 थी। जनरल कैटेगरी में इस साल 97,321 कैंडिडेट्स शामिल हैं।

## वर्ग पहेली 6890

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**दायें से बायें:–**

१. विशेषता (उर्दू)
३. नाकामी
५. चिड़चिड़ा, निराश, मूर्ख
६. प्रविष्टि, प्रवेश (उर्दू)
७. घिसना, घर्षण करना
८. डर पैदा करने वाला
१३. जयशंकर प्रसाद की एक रचना
१५. कमल
१६. विलुप्त, गायब, अंर्तध्यान
१७. अधीर, बेचैन (उर्दू)
१८. आगे बढ़ना,विकास, तरक्की
२०. कोयल, आम का मौर
२२. मदिरालय
२३. इकहरे बदन का. चुस्त, फुर्तीली

**ऊपर से नीचे:–**

१. कुल, वंश (उर्दू)
२. लाभ के अनुसार
३. बांटने वाला
४. झिड़की, डांट–फटकार करना, झिड़कना
५. अगस्त्य मुनि, द्रोणाचार्य
९. नीतिनुसार
१०. बराबरी
११. निकट
१२. सियासत
१४. असीमित
१७. पत्नी (उर्दू)
१९. साक्षी (उर्दू)
२०. श्याम, कृष्णवर्ण, स्याह
२१. भालू

## वर्ग पहेली–6889

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रि | २ शु | द्ध | ■ | ■ | ३ प | रि | ४ प | क्व |
| दां | ■ | द्ध | ■ | ५ प्र | त्य | क्ष | ■ | क्षी | ■ |
| ६ फा | स | ला | ■ | शं | ■ | ७ ध | र्म | रा | ज |
| श | ■ | ८ भ | ९ व | सा | ग | र | ■ | ज | ■ |
| ■ | १० बां | ■ | गै | ■ | ■ | ■ | ११ मौ | ■ | १२ खु |
| १३ सु | कु | मा | र | ■ | १४ आ | ■ | १५ न | रे | श |
| ■ | ल | ■ | १६ ह | ट्टा | क | ट्टा | ■ | ■ | हा |
| १७ प्र | ता | प | ■ | ■ | स्मि | ■ | १८ अ | १९ स | ली |
| या | ■ | ■ | २० से | वा | क | २१ र | ■ | ह | ■ |
| २२ स | र | ग | ना | ■ | ■ | २३ सा | र्व | ज | न्य |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### संकट

## जम्मू-कश्मीर में लगातार संकट की चेतावनी दे रहे बागवानी विशेषज्ञ

# चोटिल पेड़ों पर कालर राट जैसी फंगल बीमारियों का खतरा मंडराया

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)।** गुलाम नबी भोर में अपने बगीचे में टहल रहे थे, बर्फ की चादर और फटी हुई गुलाबी पंखुड़ियों पर बूटों की खड़खड़ाहट थी। कुछ ही घंटे पहले, उनके सेब के पेड़-नाजुक सफेद फूलों से लदे-फूल रहे थे-बंपर फसल का वादा कर रहे थे। फिर आसमान में तूफान आ गया।

ऐसा लग रहा था जैसे पत्थर बरस रहे हों, नबी ने टूटी शाखाओं और नंगी टहनियों की ओर इशारा करते हुए कहा। एक तूफान और मेरे परिवार की साल भर की कमाई...चली गई। यह कश्मीर का सेब का कटोरा शोपियां है, जहां 80 परसेंट परिवार बागों पर निर्भर हैं। लेकिन बेरहम ओलावृष्टि ने केलर, ट्रेंज और पहनू जैसे गांवों को तबाह कर दिया, जो सबसे खराब समय पर हुआ। खिलने का चरम मौसम। सेब के पेड़ों के लिए, फूल बच्चे होते हैं, वह अवस्था जब फूल फल में बदल जाते हैं। नुकसान बहुत गहरा है। बाग युद्ध के मैदान जैसे लग रहे हैं। कलियां टूट गई हैं, शाखाएं टूट गई हैं, जमीन पर बर्फ जम गई है। जिन किसानों ने खाद और स्प्रे पर हफ्तों और हजारों रुपए खर्च किए, अब उनका नुकसान करोड़ों में है।

62 वर्षीय फारूक अहमद ने एक पेड़ के पास घुटने टेकते हुए कहा था कि हमारे यहां पहले भी तूफान आए हैं, लेकिन कभी भी फूल खिलने के दौरान नहीं। अगर कुछ फल उगते भी हैं, तो वे विकृत हो जाएंगे। बाजार में उनकी कोई कीमत नहीं होगी। बागवानी विशेषज्ञ लगातार संकट की चेतावनी दे रहे हैं।



■ कई किसानों के पास आपूर्ति या मार्गदर्शन की कमी बनी चुनौती

चोटिल पेड़ों पर कालर राट जैसी फंगल बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। फफंद नाशकों का तत्काल छिड़काव न किए जाने पर अगले साल भी विकास में कमी आ सकती है। लेकिन कई किसानों के पास आपूर्ति या मार्गदर्शन की कमी है। नबी ने पूछा, तांबे पर आधारित स्प्रे मदद कर सकते हैं, लेकिन हमें कौन बता रहा है कि कैसे? तूफान ने मौसम से भी गहरी दरारें उजागर कर दीं। फसल बीमा? अधिकांश किसान उपहास करते हैं। पीएमएफबीवाय जैसी सरकारी योजनाओं के बावजूद, यहां बहुत कम लोग नामांकन कराते हैं।

फारूक ने कहा कि पिछले साल, मेरे पड़ोसी ने दावे के लिए आठ महीने इंतजार किया। उसे 5 लाख रुपये के नुकसान के बदले 5,000 रुपये मिले। क्यों परेशान होना? कर्ज एक और समस्या है। कई उत्पादक जम्मू और कश्मीर बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड ऋण पर निर्भर हैं। लगातार जलवायु आपदाओं के बाद, पुनर्भुगतान असंभव है। नबी ने कहा कि मैंने स्प्रे और श्रमिकों के लिए 8 लाख लिए थे। अब, सेब नहीं, तो पैसे भी नहीं। बैंक रोजाना फोन करता है। मैं उन्हें क्या बताऊं।

# खेल जगत

## एमआई ने सीएसके के खिलाफ दर्ज की एकतरफा जीत : मार्क बाउचर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर मार्क बाउचर ने मुंबई इंडियन्स की चेन्नई सुपर किंग्स पर बड़ी जीत की जमकर तारीफ की। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मैच में एमआई ने सीएसके को 9 विकेट से हरा दिया। बाउचर ने इस मुकाबले को 'पूरी तरह एकतरफा' बताया। इस मैच में पहले मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग करते हुए चेन्नई को 176 रन पर ही रोक दिया। सीएसके की ओर से शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा ने अर्धशतक लगाए। इसके बाद रोहित शर्मा (76 नाबाद) और सूर्यकुमार यादव (68 नाबाद) ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस को लगातार दूसरी घरेलू जीत दिलाई। बाउचर ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि मैं इस जीत से बहुत खुश हूं, ये एकदम एकतरफा मुकाबला था। मुंबई इंडियन्स लगातार एक बेहतरीन मैच खेलने की बात कर रही थी, और इस बार वो काफी हद तक उसमें सफल रही।



# दिल्ली कैपिटल्स से हिसाब चुकता करने उतरेगी लखनऊ

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धू)। निकोलस पूरन और मिचेल मार्श के अर्द्धशतकों के बावजूद अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से उसके दूसरे घरेलू मैदान विशाखापट्टनम में तीन गेदो के बाकी रहते एक विकेट से हार से आगाज करने वाली लखनऊ सुपर जायंटस अब अपने घर लखनऊ के इकाना अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में रिटर्न मैच में आईपीएल 2025 में मंगलवार को उससे हिसाब चुकता करने उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स के सात में पांच जीत और दो हार के साथ लखनऊ सुपर जायंटस की जयपुर में बल्लेबाजी की नई सनसनी 14 बरस के वैभव सूर्यवंशी की 34 रन की तूफानी और यशस्वी जायसवाल के तेज अर्द्धशतक के बावजूद आवेश के खान के मैच के आखिरी ओवर मे बेहतरीन गेंदबाजी से दो रन से जीत



■ लखनऊ को पूरन और मार्श से बड़ी पारियों की आस

के साथ आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार समान रूप से दस दस अंक है। दिल्ली कैपिटल्स अपनी बेहतर नेट रन रेट के कारण दूसरे और लखनऊ पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस से उसके घर में पिछले मैच में जोस बटलर के 97 रन की तेज पारी के चलते सात विकेट से हार झेलनी पडी। दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंटस के पास जीत के साथ शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा ऐसे में दोनों टीम के बीच मंगलवार को रोचक संघर्ष की उम्मीद है। लखनऊ सुपर जायंटस की बल्लेबाज पिछले दो मैचों में नाकाम रहने के बावजूद चार अर्धशतकों के साथ 368 रन बना रन बनाने में शीर्ष पर चल रहे निकोलस पूरन और सात मैचों में चार अर्द्धशतक जड़ कुल 299 रन के साथ रन बनाने में सातवें स्थान पर चल रहे मिचेल मार्श और तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले एडन मार्क्रम (कुल 274 रन) , आयुष बडोनी (आठ मैच, में एक अर्द्धशतक सहित 181 रन) अब्दुल समद सात मैच 111 रन, ऋषभ पंत के अर्धशतक सहित 106 रन पर निर्भर है। दिल्ली को अपनी जीत का सिलसिला आगे बढ़ाना है तो वह शीर्ष क्रम मे 2 पूरन और मार्श से से दिल्ली के खिलाफ बड़ी पारियों की आस करेगा।

### जीत का श्रेय गेंदबाजों को : ऋषभ पंत

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में जीत से खुशी के साथ राहत महसूस कर रहा हूं। इस तरह के मैच आपके चरित्र का निर्माण करते हैं। यह गजब की जीत एक टीम के रूप में यह जीत हमे एक अलग ही स्तर पर ले जाएगी। हम आगे के मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। जीत का श्रेय गेंदबाजों को जाता है,जिन्होंने धैर्य बनाए रखा। हमारी योजना अपनी योजना को अमली जामा पहनाने की थी। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज ने शानदार बल्लेबाजी की। हमें लगता है हम सही दिशा में हैं।

### इस मैच की गलतियां अगले मैच में नहीं दोहरानी : अक्षर

मेरा मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ हमने 10 -15 रन कम बनाए। यही हार जीत में निर्णायक बन गया, जब जब हमने तेज गति से रन बनाने की कोशिश की तो विकेट गंवाने के साथ लय खो दी और पारी का जिस अंदाज में समापन करना चाहते थे वैसा नहीं कर पाए। हमने अच्छी गेंदबाजी की। हमारी कैचिंग और फील्डिंग बेहतर हो सकती थी। हम अपने लक्ष्य से दूर रह गए। अब इस बाबत बहुत सोचने की जरूरत नहीं है हम यह सीखना होगा कि हम क्या और बेहतर कर सकते थे। हमें यह पक्का करना होगा इस मैच की गलतियां अगले मैच में न दोहराए।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पांच मैचों की फ्रेंडली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर के लिए रवाना हुई। टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि यह दौरा यूरोप में होने वाली प्रो लीग प्रतियोगिता की तैयारी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मैचों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम (जो दुनिया में पांचवें स्थान पर है) के साथ तीन ज़रूरी मैच खेले जाएंगे। ये सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में होंगे। 26 खिलाड़ियों की टीम का नेतृत्व मिडफिल्डर सलीमा टेटे कर रही हैं और अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान हैं। यह दौरा जून से शुरू हो रही एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए काफी अहम माना जा रहा है। रवाना होने से पहले सलीमा ने कहा कि मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं इस दौरे पर टीम की कप्तानी कर रही हूं। हमने बेंगलुरु के राष्ट्रीय कैंप में बहुत मेहनत की है और सभी खिलाड़ी इस चुनौती के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया ए और सीनियर टीम के खिलाफ खेलकर हम अपनी रणनीतियों को परख सकेंगे और एक बेहतर टीम बन पाएंगे। यह दौरा प्रो लीग से पहले हमारी तैयारी को मजबूत करेगा।

# अब चेन्नई सुपर किंग्स की वापसी लगभग नामुमकिन : अंबाती रायडू

आईपीएल 2025



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए इस बार आईपीएल 2025 में वापसी करना लगभग नामुमकिन है। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद सीएसके की यह सीजन की आठ मैचों में छठी हार थी। अब वे अंक तालिका में सबसे नीचे हैं।

एक बार फिर से सीएसके की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन पहली बार खेलने उतरे आयुष म्हात्रे ने 15 गेंदों में 32 रन बनाकर थोड़ी उम्मीद जगाई। उन्होंने दो छक्के और चार चौके लगाए। इसके बाद रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे ने अर्धशतक जड़कर टीम को 20 ओवर में 176/5 तक पहुंचाया।

जवाब में, रोहित शर्मा ने शानदार नाबाद 76 रन बनाए, जिसमें छह छक्के और चार चौके शामिल थे। उनके साथ सूर्यकुमार यादव ने भी तेजी से 30 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए और मुंबई इंडियंस ने 15.4 ओवर में ही यह लक्ष्य 9 विकेट रहते हासिल कर लिया। रायडू ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस सीजन में सीएसके वापसी कर पाएगी। खुद धोनी ने भी मैच के बाद कहा कि अब वे अगले सीजन की तैयारी की सोच रहे हैं। अब वे युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहेंगे और ऐसी टीम बनाना चाहेंगे जो बिना डरे खेले, लेकिन लापरवाही से नहीं। टीम को ज्यादा सकारात्मक सोच के साथ खेलना होगा। शायद आयुष म्हात्रे जैसे खिलाड़ी को अब पूरे मौके दिए जाएं। सीएसके की हार पर रायडू ने कहा कि टीम के खेलने के अंदाज में जोश और सोच की कमी थी। उन्होंने कहा कि मध्य के ओवरों में उन्होंने लगभग 7 ओवरों में सिर्फ 35 रन बनाए। आजकल टी20 क्रिकेट में इस तरह का धीमा खेल कोई नहीं खेलता। खेल बहुत बदल चुका है, और बीच के ओवरों में भी तेजी से रन बनाना जरूरी है। सीएसके के पास इरादा ही नहीं दिखा। मैच हारना कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन लड़ना जरूरी है। आप सिर्फ बीच के ओवरों में समय काटने की सोच नहीं रख सकते। इस पिच पर जीत के लिए कम से कम 190 रन चाहिए थे, और सीएसके जो स्कोर कर पाई, वह औसत से भी कम था। रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर रायडू ने कहाकि शुरुआत में उन्होंने थोड़ा समय लिया, लेकिन फिर बेहतरीन शॉट्स लगाए। उन्होंने सिर्फ ऑन साइड पर ही खेलने की कोशिश नहीं की। पहले भी उन्होंने बहुत रन बनाए हैं, लेकिन आज वे कुछ बड़ा करने के इरादे से उतरे थे। वह मैदान पर समय बिताना चाहते थे और मुंबई इंडियंस के लिए मैच खत्म करना चाहते थे। रोहित ऐसे खिलाड़ी हैं जो कभी भी बड़ा स्कोर कर सकते हैं। अब जब टूर्नामेंट का अहम हिस्सा आ रहा है, तो ऐसी पारियां न सिर्फ उन्हें बल्कि पूरी टीम को आत्मविश्वास देती हैं। अब मुंबई इंडियंस बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी, वहीं चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को चेन्नई में इसी टीम से मुकाबला खेलेगी।

# बीसीसीआई सालाना अनुबंध घोषित: रोहित, विराट, जडेजा व बुमराह ग्रेड ए+ में बरकरार

## नीतीश, ध्रुव, अभिषेक, सरफराज, आकाशदीप, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित नए अनुबंधित खिलाड़ी

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को सीनियर भारतीय पुरुष टीम के 2024-25 सीजन (पहली अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025) के लिए सालाना खिलाड़ी अनुबंध की घोषणा कर दी। इसकी घोषणा बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने की।

टॉप टियर ग्रेड ए + में चार क्रिकेटरों - रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा को अनुबंधित किया है। ग्रेड ए+ में बीते बरस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायर हो चुके रविचंद्रन अश्विन को छोड़ बाकी चारों को बरकरार रखा गया है। विराट, रोहित और रवींद्र जडेजा भारत को बीते वर्ष जून में आईसीसी टी 20 विश्व कप जिताने के बाद टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। ऋषभ पंत को ग्रेड बी से पदोन्नत कर ग्रेड ए मे सिराज, केएल राहुल , शुभमन गिल , हार्दिक पांड्या भी है। ऋषभ पंत 2022-23 के सीजन में ग्रेड ए में थे लेकिन दिसंबर, 2022 में खतरनाक सड़क दुर्घटना के चलते एक बरस से ज्यादा तक क्रिकेट न खेलने पर उन्हें ग्रेड बी मे भेज दिया था।

■ ऋषभ पंत ग्रेड ए में, श्रेयस व ईशान एक बरस बाद फिर अनुबंधित

ऋषभ पंत 2024 में आईपीएल से वापी की और भारत के लिए क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में खेल रहे हैं। उसके बाद ऋषभ पंत ने दस टेस्ट, एक वन डे अंतरराष्ट्रीय और दस टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और इसलिए उनकी ग्रेड ए में वापसी हो गई। श्रेयस अय्यर कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और सूर्य कुमार यादव के साथ ग्रेड बी मे जबकि ईशान किशन को ग्रेड सी मे अनुबंधित किया गया है। बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों में पहली बार ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ी हैं -नीतीश कुमार रेड्डी, ध्रुव जुरैल, अभिषेक शर्मा, सरफराज खान, आकाशदीप , वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा। शार्दूल ठाकुर, केएस भरत, आवेश खान, जीतेश शर्मा जैसे बीते बरस सबसे निचले ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ियों को बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया है । बीसीसीआई हालांकि सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों के चार ग्रेड की राशि का खुलासा नही किया है। ऐसा अनुमान है ग्रेड ए+में शामिल क्रिकेटरो को सालाना सात करोड़ रुपये, ग्रेड ए के खिलाड़ियों को पांच करोड़, ग्रेड बी के खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपये और ग्रेड सी के खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये सालाना मिलने का अनुमान है।





श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने बीते बरस तब अपना बीसीसीआई का सालाना अनुबंध गवा दिया था जब इन दोनो ने खुद को घरेलख सीजन के लिए अनुपलब्ध बताया था। श्रेयस अश्शर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को सूचित किया था कि वह पीठ में ऐंठन के कारण उपलब्ध नहीं है। ईशान किशन ने घरेलू क्रिकेट मे अपने राज्य झारखंड के लिए खेलने की बजाय डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट को खेलने को तवज्जो दी थी। ईशान किशन 2024-25 मे झारखंड के लिए सभी फॉर्मेट में खेले और उन्होंने 2024-25 सीजन के लिए बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों में वापस जगह बनाई। वहीं श्रेयस ने मार्च 2024 से केकेआर के कप्तान के रूप में उसे आईपीएल खिताब, मुंबई को 2023-24 मे रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी जिताने के साथ भारत को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जिताने जिताने में अहम भूमिका निभाई।

### बीसीसीआई के 2024-25 सीजन के लिए सालाना स्थित खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

**ग्रेड ए+ :** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा।

**ग्रेड एः** ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी।

**ग्रेड बी :** सूर्य कुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर।

**ग्रेड सी :** रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे,रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरैल, सरफराज खान, नीतीश कुमार रेड्डी,इशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

## सार संक्षेप

### छोटे गांवों व कस्बों में भी खेल मैदान तैयार करने होंगे : रेखा

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को अल्मोड़ा के सोमेश्वर में कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए छोटे कस्बों और गांवों में भी खेल मैदान तैयार करने होंगे। श्रीमती आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के दौरान प्रदेश में बडा खेल ढांचा तैयार कर लिया गया है और जल्द ही इसकी देखरेख और संचालन के लिए प्रदेश सरकार लिगेसी प्लान ला रही है। कैबिनेट मंत्री पिछले दो दिन से अपनी सोमेश्वर विधानसभा के दौरे पर हैं। उन्होंने यह बात सोमेश्वर के कोट्यूडा में एक खेल मैदान के भूमि पूजन के दौरान कही। श्रीमती आर्य ने यहां दो पेयजल योजनाओं का लोकार्पण भी किया और मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए विधायक निधि से तीन लाख रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने 198.21 लाख रुपए की लागत से निर्मित नाईढौल पम्पिंग पेयजल योजना और कोतवाल गांव पंपिंग पेयजल योजना का लोकार्पण भी किया। उन्होंने ग्राम भकुना ( ताकुला) में आम जनता की समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान उन्होंने ग्राम भकुना में मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की।

### मेहदी हसन मिराज और नाहिद राणा ने जिम्बाब्वे को बड़ी बढ़त से रोका

**सिलहट।** मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को 273 के स्कोर पर रोक दिया। हालांकि जिम्बाब्वे ने बंगलादेश की पहली पारी के आधार पर 82 रनों की बढ़त ले ली हैं। जिम्बाब्वे ने आज यहां 67 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 17वें ओवर में नाहिद राणा ने बेन करन (18) को आउटकर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद राणा ने ब्रायन बेनेट (57) को आउटकर जिम्बाब्वे को दूसरा झटका दिया। अगले ही ओवर में हसन महमूद ने निक वेल्च (दो) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। क्रेग एर्विन (आठ) को भी राणा ने आउट किया। इसके बाद शॉन विलियम्स और वेस्ली मधेवेरे की जोड़ी ने पारी संभालने का प्रयास किया।

## बंगलादेश को हमुदुल हसन जॉय और मोमिनुल हक बड़ी साझेदारी की उम्मीद

**सिलहट,** 21 अप्रैल (एजेसियां)। मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक



गेंदबाजी के बाद महमुदुल हसन जॉय (नाबाद 28) और मोमिनुल हक (नाबाद 15) की जूझारू पारियों के दम पर बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को दम पर जिम्बाब्वे को 273 के स्कोर पर समेटकर बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को दूसरी पारी में एक विकेट पर 57 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी भी जिम्बाब्वे के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 25 पीछे हैं। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 13 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम (चार) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मोमिनुल हक ने महमुदुल हसन जॉय के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों की जूझारू पारियों की मदद से बंगलादेश ने दिन का खेल समाप्त होने के समय 13 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बना लिये है। महमुदुल हसन जॉय (नाबाद 28) और मोमिनुल हक (नाबाद 15) क्रीज पर मौजूद थे। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजारबानी ने एक विकेट लिया।

## आरसीबी के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे संजू सैमसन

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 24 अप्रैल को बेंगलुरु में होने वाले मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। घायल कप्तान संजू सैमसन आरसीबी के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी नहीं खेल पाएंगे। वह लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 19 अप्रैल को जयपुर में हुए मैच में भी नहीं खेले थे। टीम ने बताया कि कप्तान सैमसन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ 16 अप्रैल को खेले गए घरेलू मैच में चोटिल हुए थे और अब वह साइड स्ट्रेन से ठीक होने के लिए जयपुर में ही रुकेंगे। उनके साथ राजस्थान रॉयल्स की मेडिकल टीम के कुछ सदस्य भी रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान सैमसन ने 19 गेंदों में 31 रन बनाए थे, लेकिन चोट लगने के कारण उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़ना पड़ा। यह मुकाबला सुपर ओवर तक गया था, जिसमें राजस्थान को हार का सामना करना पड़ा था।

# 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' भाला फेंक प्रतियोगिता में खेलने भारत आएंगे कई अंतरराष्ट्रीय सितारे

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने यह खुलासा किया है कि कई अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक खिलाड़ी 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता 24 मई को बेंगलुरु में होगी। यह प्रतियोगिता 'एनसी क्लासिक' के नाम से जानी जाएगी और इसे वर्ल्ड एथलेटिक्स की %ए% श्रेणी में रखा गया है। इसका मतलब है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने पर खिलाड़ियों को ऊंचे स्तर के रैंकिंग अंक मिलेंगे, जैसे कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड प्रतियोगिता में मिलते हैं। नीरज चोपड़ा के नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के एलीट महिला और पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी पहली बार भारत में हिस्सा लेंगे। जेएसडब्ल्यू द्वारा आयोजित एक वर्चुअल प्रेस मीट में नीरज ने बताया कि ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और दो बार के विश्व



एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जूलियस येगो (केन्या), कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका), थॉमस रोलर जैसे कई खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे : नीरज चोपड़ा

चैंपियन) और केन्या के जूलियस येगो (रियो ओलंपिक के रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन) भारत आ रहे हैं। नीरज ने आईएएनएस के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जूलियस येगो (केन्या), कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका), थॉमस रोलर जैसे कई खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कुछ नाम अभी बताए हैं, बाकी बाद में बताएंगे। भारत के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे, मैंने रोहित यादव से बात की है। यह प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप (13 से 21 सितंबर, टोक्यो) के लिए क्वालीफाई करने का एक महत्वपूर्ण मौका भी होगी। हालांकि नीरज खुद पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। नीरज ने बताया कि हम कम से कम 4-5 भारतीय खिलाड़ियों को मौका देने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक गोल्ड-लेवल प्रतियोगिता है, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने से उन्हें वर्ल्ड चैंपियनशिप में क्वालीफाई करने के लिए रैंकिंग अंक मिलेंगे। जब पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के आने के बारे में पूछा गया तो नीरज ने बताया कि हमने अरशद नदीम को भी आमंत्रण भेजा है, लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई पुष्टि नहीं मिली है।

# आईपीएल 2025 : रोहित ने 76 रनों की पारी खेलकर बनाए खास रिकॉर्ड

■ रोहित को आईपीएल के इतिहास में 20वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला है

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 38वें मैच में रोहित शर्मा की शानदार पारी के चलते मुंबई इंडियंस ने इस सीजन में जीत की हैट्रिक लगाते हुए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को 9 विकेट से मात दी। इससे पहले इसी सीजन में जब दोनों टीमें पहली बार एक-दूसरे के आमने-सामने थीं, तब सीएसके को जीत मिली थी।



मुंबई इंडियंस की जीत न केवल अंक तालिका में उन्हें धीरे-धीरे आगे बढ़ा रही है बल्कि रोहित शर्मा भी अपनी फॉर्म पकड़ते नजर आ रहे हैं। पिछले मैच में रोहित की बैटिंग को देखते हुए क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना था कि 'हिटमैन' अब जल्द ही एक बड़ी पारी खेल सकते हैं। हालांकि तब रोहित ने सिर्फ 26 ही रन बनाए थे। लेकिन ताजा मुकाबले में उनके बल्ले से वैसी पारी निकली जिसकी फैंस को उम्मीद थी। एमआई के पूर्व कप्तान ने केवल 45 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली और नाबाद रहे। उन्होंने चार चौके और छह छक्के लगाए। रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। एमआई ने इसके साथ ही सीएसके द्वारा सेट किया गया 177 रनों का टारगेट केवल 15.4 ओवर में हासिल कर लिया।


रोहित को आईपीएल के इतिहास में 20वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला है। इस मामले में उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल (25) और एबी डिविलियर्स (22) हैं। दोनों ही खिलाड़ी अब आईपीएल में नहीं खेलते हैं। ऐसे में रोहित के सामने दोनों ही रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। इस सीजन में उनका ये अवार्ड है। यह आईपीएल 2016 का सीजन था जब रोहित ने सबसे ज्यादा चार बार 'प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड' जीता था। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मैचों में सबसे ज्यादा बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' मिलने की बात हो तो रोहित शर्मा अब संयुक्त तौर पर टॉप कर चुके हैं। यह सीएसके के खिलाफ उनका चौथा ऐसा अवार्ड है। रोहित शर्मा, केएल राहुल और कीरोन पोलार्ड ने ऐसा 4-4 बार किया है। डेविड वार्नर और शिखर धवन ऐसा 3-3 बार कर चुके हैं। इन खिलाड़ियों में अब सिर्फ रोहित और राहुल ही सक्रिय हैं। रोहित के अलावा सूर्यकुमार यादव ने भी आतिशी पारी खेली और वह 68 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों धुरंधर बल्लेबाजों के बीच 114 रनों की अटूट साझेदारी हुई।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.984 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 7 | 5 | 1 | 10 | +0.589 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.308 |
| 4- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 3 | 8 | +0.446 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.086 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.547 |
| 7- | मुंबई इंडियंस | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.239 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.714 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.217 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.276 |

# अर्थ जगत

## चीन जवाबी कदम उठाएगा

**नई दिल्ली।** शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने उन खबरों पर प्रतिक्रिया दी है, जिनमें यह दावा किया गया था कि अमेरिका, कुछ देशों पर दबाव बना रहा है ताकि वे शुल्क छूट के बदले चीन के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को सीमित करें। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि चीन ऐसे किसी भी समझौते का कड़ा विरोध करेगा, जो अमेरिका और उसके व्यापारिक सहयोगियों के बीच चीनी हितों को नुकसान पहुंचा कर किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी कोई स्थिति उत्पन्न होती है, तो चीन न केवल इसे अस्वीकार करेगा बल्कि उसके अनुरूप सख्त जवाब भी देगा।



# सोने का भाव 1 लाख के करीब, चांदी भी जोरदार चमकी



*नई दिल्ली। सोना 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के मुहाने पर खड़ा है। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सराफा कीमतों में 1,650 रुपये की तेजी आने से सोने की कीमतें 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर के करीब पहुंच गईं। खबर के मुताबिक, अखिल भारतीय सर्राफा संघ का कहना है कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु सोमवार को 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। शुक्रवार को इसका भाव 20 रुपये घटकर 98,150 रुपये प्रति पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजारों में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,600 रुपये उछलकर 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। बीते सत्र में यह मामूली गिरावट के साथ 97,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।*

**चांदी की कीमत भी तेज**- सोमवार को सोने के साथ चांदी भी महंगी हो गई। आज चांदी की कीमतों में भी 500 रुपये की तेजी आई और यह 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी।

**31 दिसंबर से अबतक सोना 20,850 रुपये हुआ महंगा**- सोने की कीमत में पिछले साल 31 दिसंबर से इस साल अबतक 20,850 रुपये या 26. 41 प्रतिशत प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। कोटक महिंद्रा एएमसी के फंड मैनेजर सतीश डोंडापति ने कहा कि अब तक सोने में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जिसमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा 2 अप्रैल को टैरिफ की घोषणा के बाद से 6 प्रतिशत की वृद्धि भी शामिल है।

**एमसीएक्स और इंटरनेशनल मार्केट में सोना**- मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में जून डिलीवरी के लिए सोने का वायदा 1,621 रुपये बढ़कर 96,875 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना बढ़कर 3,397.18 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया। बाद में यह 3,393.49 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार किया। वैश्विक स्तर पर, सोने के वायदा ने पहली बार 3,400 डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार किया, जो 80 डॉलर प्रति औंस या 2.4 प्रतिशत बढ़ा। सोने की कीमतों में तेजी जारी रही और यह 3,400 डॉलर प्रति औंस से कुछ समय के लिए ऊपर चढ़ गया।


## ऊंची कीमतों के चलते अब पुराने जेवरों को एक्सचेंज कर ग्राहक खरीद रहे नये जेवर

शादी-ब्याह के सीजन के साथ ही सोने की मांग बढ़ी है लेकिन इसके साथ ही कीमतों में भी जोरदार उछाल देखने को मिला है। अमेरिका-चीन ट्रेड तनाव और वैश्विक अनिश्चितता के बीच सोना अब रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है। इन हालात में लोग नई खरीदारी के बजाय पुराने गहनों को एक्सचेंज कर नए गहनों में बदलने का विकल्प ज्यादा अपना रहे हैं। यह ट्रेंड अब तेजी से बढ़ रहा है और गहनों की कुल बिक्री में बड़ी हिस्सेदारी एक्सचेंज के ज़रिए हो रही है।

**40-45 प्रतिशत गहनों की खरीद एक्सचेंज के जरिए**- विश्व स्वर्ण परिषद की रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में भारत में गहनों की कुल खरीदारी में से 40-45 प्रतिशत एक्सचेंज के रूप में हो रही है। उपभोक्ता पुराने गहनों को बेचकर या बदलकर नए डिज़ाइन वाले गहने खरीदने में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं। शादी-ब्याह जैसे जरूरी मौकों पर खरीदारी जारी है लेकिन आम उपभोक्ता केवल जरूरत के अनुसार ही खरीद कर रहे हैं।

**गोल्ड रीसाइक्लिंग का चलन बढ़ा**- मौजूदा हालात में 80 प्रतिशत से अधिक ग्राहक अपने पुराने गहनों को पिघलवाकर नए बनवा रहे हैं। इससे उन्हें केवल मेकिंग चार्ज देना पड़ता है, जिससे कुल खर्च थोड़ा कम हो जाता है। हालांकि, पुराने गहने बेचने पर जीएसटी, मेकिंग चार्ज कटौती और मूल्य कटौती के कारण मिलने वाली राशि कम हो जाती है। नए गहने खरीदते समय ग्राहकों को 10- 25 प्रतिशत तक मेकिंग चार्ज और 3 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करना होता है। ऐसे में बहुत से लोग एक्सचेंज को एक बेहतर विकल्प मान रहे हैं।

## ईरान-अमेरिका न्यूक्लियर डील से गिरी कच्चे तेल की कीमतें



*नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर हुई वीकेंड वार्ता में अहम प्रगति हुई है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों देशों ने संभावित परमाणु समझौते की रूपरेखा पर सहमति बना ली है।*

इस डील के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईरान से कच्चे तेल की सप्लाई को लेकर बनी अनिश्चितता काफी हद तक कम हो गई है। इस खबर का सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों पर देखने को मिला। सोमवार को ब्रेंट क्रूड में करीब 1.03 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 67.26 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वहीं, यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड भी 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।


**पिछले सप्ताह 3.5 प्रतिशत तक उछली थी कीमतें**- गौरतलब है कि गुरुवार को क्रूड में 3.5 प्रतिशत तक की तेजी आई थी, जो अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बीच संभावित ट्रेड डील और ईरानी सप्लाई में कमी की आशंका के चलते थी। हालांकि, ताजा डील से इन चिंताओं में राहत आई है।

**महंगाई पर असर और अमेरिका की रणनीति**- विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका अब तेल की कीमतों को 70 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर नहीं जाने देना चाहता है।

## क्लॉस श्वांब ने विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष पद व न्यासी बोर्ड से दिया इस्तीफा

*नई दिल्ली। विश्व आर्थिक मंच ने सोमवार को बताया कि उसके संस्थापक क्लॉस श्वाब ने तत्काल प्रभाव से अध्यक्ष और न्यासी बोर्ड के सदस्य के पद से हट गए हैं। श्वाब जिनेवा स्थित संगठन के पर्याय माने जाते हैं। इसकी स्थापना 55 वर्ष पहले हुई थी और तब से वे इसके प्रमुख हैं।*

श्वाब ने बोर्ड को बताया, मेरी हालिया घोषणा के बाद, औरे मेरे 88वें वर्ष में प्रवेश करते हुए, मैंने अध्यक्ष पद व न्यासी बोर्ड के सदस्य के पद से तत्काल प्रभाव से हटने का फैसला लिया है। रविवार को एक असाधारण बोर्ड बैठक में, बोर्ड ने श्वाब के इस्तीफे पर चर्चा की और सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष पीटर ब्रेबेक-लेटमैथ को अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया। विश्व आर्थिक मंच ने एक बयान में कहा कि भावी अध्यक्ष के चयन






के लिए एक खोज समिति भी गठित की गई है। डब्ल्यूईएफ, जो स्वयं को सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिए बना एक अंतरराष्ट्रीय संगठन बताता है, हर वर्ष दावोस में अपनी प्रमुख वार्षिक बैठक आयोजित करता है। इसमें भारत सहित दुनिया भर के शीर्ष सरकारी और व्यापारिक जगत के दिग्गज भाग लेते हैं। दावोस में होने वाली बैठक के दौरान सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के दिग्गजों के अलावा शिक्षा, संस्कृति और नागरिक समाज से जुड़े लोगों का सबसे बड़ा जुटान होता है।

# बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी

## सेंसेक्स 855 अंक उछला; निफ्टी 24,125 पर बंद

*नई दिल्ली। एशियाई बाजारों की कमजोरी और गिफ्ट निफ्टी में सुस्ती के बावजूद घरेलू शेयर बाजार सोमवार 21 अप्रैल को जोरदार तेजी के साथ बंद हुए। आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गज बैंकिंग शेयरों में तेजी ने बाजार को मजबूत सहारा दिया। इसके साथ ही चुनिंदा आईटी शेयरों में भी बढ़त ने बाजार को ऊपर की तरफ खींचा।*

बीएसई का 30 शेयरों वाला इंडेक्स सेंसेक्स आज 300 अंक से ज्यादा की बढ़त के साथ 78,903.09 पर खुला और शुरुआती कारोबार में ही इसमें और तेजी देखने को मिली। कारोबार के दौरान यह 79,635 अंक तक चला गया था। अंत में सेंसेक्स 855.30 अंक या 1.09त्न की बढ़त लेकर 79,408.50 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 23,949.15 के स्तर पर मजबूती के साथ खुला। कारोबार के दौरान यह 24,189.55 अंक तक चला गया था। अंत में निफ्टी 273.90 अंक या 1.15 प्रतिशत चढ़कर 24,125.55 पर बंद हुआ।



**शेयर बाजार में सोमवार 21 अप्रैल को तेजी की वजह**- इंडेक्स में भारी भरकम वजन रखने वाले बैंकिंग शेयरों में उछाल की वजह से बाजार में आज जोरदार तेजी आई। आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक जैसी बैंकिंग स्टॉक्स अपने दमदार मार्च तिमाही नतीजों के बाद 5 प्रतिशत तक चढ़ गए। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की संभावना को लेकर पॉजिटिविटी चरम पर है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार सुबह बारात पहुंचे। दोनों देश द्विपक्षीय ट्रेड डील को अंतिम रूप देने के लिए जुलाई की समयसीमा के खिलाफ काम कर रहे है। बाजार के जानकारों का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीतियों से शुरू हुए ट्रेड वार से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लचीलापन दिखाएगी।

**टॉप गेनर्स**- सेंसेक्स के 30 में से 23 शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। इनमें टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, बजाज फिनसर्व और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में 4.91 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। टॉप लूजर्स-दूसरी तरफ अदाणी पोर्ट्स सबसे अधिक गिरने वाला शेयर रहा। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एशियन पेण्ट, नेस्ले इंडिया, भारती एयरटेल, सनफार्मा के शेयर गिरावट में रहे।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 13 |
| एक यूरो | 97. 85 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 113. 50 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 48 |
| एक जापानी येन | 0. 60 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 112 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-138 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97550 चांदी -99200

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97550 चांदी -99200

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

## ड्रैगन पर भारी पड़ा भारत का हुनर, अमेरिका में बढ़ी भारतीय खिलौनों की मांग

*नई दिल्ली। चीन से आयातित खिलौनों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी शुल्क और चीनी वस्तुओं पर निर्भरता घटाने की नीति से भारतीय खिलौना उद्योग को बड़ा फायदा होने जा रहा है। भारतीय खिलौना निर्माता अब अमेरिकी बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने की तैयारी में हैं।*

भारतीय खिलौना संघ के मुताबिक, अमेरिका के सख्त नियमों को पूरा करने में सक्षम करीब 40 कंपनियों की पहचान की गई है, जो जल्द ही निर्यात की प्रक्रिया में शामिल हो सकती हैं। संघ के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि इस समय 20 भारतीय कंपनियां अमेरिकी बाजार में बड़े पैमाने पर खिलौनों का निर्यात कर रही हैं और हाल के हफ्तों में अमेरिका से पूछताछ की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**व्हाइट लेबलिंग और ओईएम की मांग में उछाल**- अग्रवाल ने कहा कि अमेरिका के कई खरीदार अब ऐसे भारतीय निर्माताओं की तलाश कर रहे हैं जो अमेरिकी गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हुए व्हाइट लेबलिंग और मूल उपकरण विनिर्माण सेवाएं दे सकें।

**अमेरिकी बाजार में अपार संभावनाएं**- एक



रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का खिलौना बाजार 2024 में 42.8 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच चुका है और 2032 तक इसके 56.9 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। 2025 से 2032 के बीच यह बाजार 3.6 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ने की संभावना रखता है।

**चीन को मात देने का मौका**- भारतीय संघ का मानना है कि यदि अमेरिका भारत को टैरिफ में छूट देता है और चीन पर सख्ती जारी रहती है, तो भारतीय खिलौनों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी तेजी से बढ़ सकती है। इससे न केवल निर्यात बढ़ेगा, बल्कि देश में रोजगार और मेक इन इंडिया को भी मजबूती मिलेगी।

## इंडकल टेक्नोलॉजीज ने भारत में एसर ब्रांड के दो स्मोर्टफोन लॉन्च किये

*जबलपुर। इंडकल टेक्नो-लॉजीज ने भारत में एसर इंक. के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत एसर ब्रांड के दो स्मार्टफोन लॉन्च किए हैं। इस टेक्नोलॉजी स्टार्टअप को अपने नए और शानदार इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स के लिए जाना जाता है। कंपनी ने एक वर्चुअल इवेंट के जरिए सुपर जेडएक्स सीरीज के दो शानदार मॉडल पेश किए हैं। ये फोन प्रीमियम डिजाइन और आधुनिक फीचर्स के साथ आते हैं।*

एसर सुपर जेडएक्स और एसर सुपर जेडएक्स प्रो की कीमतें बेहद प्रतिस्पर्धी हैं और इन्हें प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।



इससे देश भर के उपभोक्ताओं तक आधुनिक टेक्नोलॉजी तक आसानी से पहुंचेगी। एसर सुपर जेडएक्स शानदार फीचर्स के साथ आता है। सुपर जेडएक्स स्मार्टफोन में शानदार चिपसेट और कैमरा परफॉर्मेंस है, जो इस सेगमेंट में सबसे बेहतर है। इसका स्लिम डिजाइन और 6.78 इंच का एफएचडी प्लस 120 एचजेड डिस्प्ले इसे खास बनाता है, जो इस सेगमेंट का पहला एफएचडी प्लस डिस्प्ले है। इंडकल टेक्नोचलॉजीज के सीईओ आनंद दुबे ने कहा, यह हमारी कंपनी के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस लॉन्च के साथ हम सबसे बड़े कंज्यूमर प्रोडक्ट के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं। हमारा मकसद ऐसा स्मार्टफोन लाना था जो पूरी तरह भारत में डिजाइन हो और परफॉर्मेंस में सबसे आगे हो। हम न केवल डाइमेंसिटी 7400 चिपसेट लॉन्च करने वाली पहली भारतीय कंपनी बने, बल्कि इस सेगमेंट में सभी ब्रांड्स में इसे लाने वाली पहली कंपनी भी हैं। यह दिखाता है कि इंडकल इलेक्ट्रॉनिक्स में कितना नया और बेहतर कर सकती है।

**देशबन्धु**
**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
**एडवोकेट रविशंकर पटेल**
फोन नंबर-
**9827087838**

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

# भारतीय रुपए के आगे झुका डॉलर, पहुंचा तीन साल के निचले स्तर पर



*नई दिल्ली। भारतीय मुद्रा ने एक बार फिर मजबूती का प्रदर्शन किया है। घरेलू शेयर बाजार की तेजी, विदेशी निवेशकों की जबरदस्त लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के चलते डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार मजबूत हो रहा है।*

सोमवार को रुपया 25 पैसे चढ़कर 85.13 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस दौरान डॉलर इंडेक्स भी टूटकर तीन साल के निचले स्तर पर आ गया, जिससे रुपए को और समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.15 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के उच्चतम स्तर 85.03 और निम्नतम स्तर 85.19 के बीच घूमने के बाद कारोबार के अंत में 85.13 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से 25 पैसे की बढ़त है। बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे बढ़कर 85.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। गुड फ्राइडे के कारण शुक्रवार को विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बंद था। पांच कारोबारी सत्रों में रुपए ने नौ अप्रैल को डॉलर के मुकाबले 86.68 के बंद स्तर से 155 पैसे की बढ़त दर्ज की है। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि कमजोर डॉलर और व्यापार शुल्क चिंताओं में कमी आने के कारण रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। वैश्विक जोखिम उठाने की क्षमता में सुधार और ताजा विदेशी निवेश भी रुपये को समर्थन दे सकता है। हालांकि, आयातकों द्वारा डॉलर की खरीद, तेज बढ़त को रोक सकती है।

डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 84.80 से 85.35 के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती मापने वाला डॉलर इंडेक्स 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.10 पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी डॉलर लगातार दबाव का सामना कर रहा है। डॉलर इंडेक्स (डीएक्सवाई) इस साल अब तक नौ प्रतिशत से अधिक नीचे है। विशेषज्ञों ने कहा कि यह बढ़ती उम्मीदों को दर्शाता है कि फेडरल रिजर्व को अंततः बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। वैश्विक तेल मानक माने जाने वाले, ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 2.80 प्रतिशत गिरकर 66.06 डॉलर प्रति बैरल रह गया। घरेलू शेयर बाजार में, 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक चढ़कर 79,408.50 अंक पर बंद हुआ।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# कटनी, जबलपुर की तरह शहडोल के हाल हुए बदतर, अब जागा प्रशासन



अवैध उत्खनन ने जमीन को किया खोखला

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में बरगी, कटनी में डोलोमाइट के अवैध उत्खनन ने जहां मल्हान और पास के क्षेत्रों के ग्रामीणों को पलायन करने विवश कर दिया हैं ठीक वही स्थिति शहडोल की बन रही हैं। एक तरफ समूचे प्रदेश में नर्मदा नदी में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन जहां पर्यावरण संतुलन बिगाड़ रहा हैं, वहीं जबलपुर, कटनी की तरह शहडोल में भी जमीन को अवैध उत्खनन माफिया ने इस कदर खोखला कर डाला हैं कि प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में अत्यधिक विषम स्थिति का सामना करना पड़ सकता हैं। ऐसा नहीं हैं कि पर्यावरण प्रेमी इस अवैध उत्खनन माफिया के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहा हो लेकिन जबलपुर से लेकर कटनी और शहडोल तक रसूखदारों को बाहुबली नेताओं का खनन माफिया को प्रश्रय के चलते नौकरशाह भी अवैध उत्खनन का विरोध नहीं कर पा रहे हैं। जिसके परिणाम सामने हैं।

यहाँ संतोषजनक बात ये है की शहडोल प्रशासन देर से ही सही जाग तो गया, जबलपुर, कटनी में तो अब भी माफिया डंके की चोट पर अवैध उत्खनन कर रहा है लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने सामर्थ्य नहीं जुटा पा रहे हैं।

## अंदर से खोखला हुआ शहडोल, तब बंद कराई कोयला खदानें

शहडोल जिले में अवैध कोयला खनन माफिया के खिलाफ अरसे से आवाज उठाई जा रही हैं लेकिन जिम्मेदारों की नींद तब खुली जब काफी देर हो चुकी थी। हालहीं में पुलिस ने 15 अवैध कोयला खदानों को बंद कराया। 3 आरोपियों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया। जिले की अमलाई पुलिस ने बटुरा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित 15 कोयला खदानों को बंद कर दिया है। इसके बाद तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। कई अन्य लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मशीनों का इस्तेमाल करके इन खदानों को बंद किया और अवैध कोयला भी जब्त किया। इससे पहले भी कई बार अवैध गोफ (सुरंग) बंद किए गए थे। इसे लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## अवैध खनन माफिया ने किया कई क्षेत्रों को खोखला


पुलिस सूत्रों के मुताबिक कार्रवाई तब जाकर की गई जब कई क्षेत्रों को अवैध उत्खनन माफिया लगभग खोखला कर चुका था। जिससे जान-माल का खतरा बढ़ गया है। शहडोल और अनूपपुर क्षेत्रों में कई बार अवैध खनन के दौरान विस्फोटक का उपयोग किया जाता है, जिससे भारी नुकसान होता है। माफिया ने नदी के पास क्षेत्रों में 8 से 10 लंबी सुरंगें बनाई थीं, जिनसे रात भर कोयला निकालकर दूसरे जिलों में भेजा जा रहा था।

## जान हथेली पर धर काम कर रहे श्रमिक

अवैध खनन माफिया के चंगुल में फंसे लगभग बंधुआ श्रमिकों को खोखली हो चुकी जमीन में बची खुची सुरंगों के भीतर उतारकर खनन कराया जाता था। इन सुरंगों के कारण इलाके की जमीन अंदर से खोखली हो गई थी। कई स्थानों पर गहरी खाइयां बन गई थीं। इस तरह के खतरनाक खनन की वजह से इलाके में बड़े हादसे हो सकते थे। आलम ये हैं कि प्रशासन ने इन सुरंगों को भरने के लिए बुलडोजर और मशीनों का इस्तेमाल करना पड़ा।

# गर्मी के तेवर, पारा चालीस डिग्री के उपर

## बालाघाट, छिदवाड़ा, कटनी, मंडला, सिवनी और नरसिंगपुर में जनजीवन प्रभावित



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के साथ ही बालाघाट, सिवनी, मंडला, छिंदवाड़ा, कटनी और नरसिंगपुर में गर्मी का प्रकोप बरकरार है। 21 अप्रेल को भी पारा चालीस डिग्री के उपर रहा। बीते दिनों से चालीस से 42 डिग्री के आस-पास चल रहा है। धूप की तपन को इसी से समझा जा सकता है कि सुबह से जो धूप की तीव्रता शुरू होती है, उसकी आंच शाम के छ बजे के बाद तक महसूस की जा रही है।

मौसम के मिजाज के चलते अब सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की भीड़ भाड़ लगातार कम हो रही है। केवल आवश्यक काम के मद्देनजर ही नगर वासी बाहर निकल रहे हैं। गर्मी की तपन के कारण गले सूख रहे रहे हैं। जिसकी प्यास बुझाने के लिये जहां लोग मटका का पानी पी रहे हैं, वहीं शीतल पेय जिसमें गन्ने का रस, नीबू पानी की उपयोगिता बढ़ रही है।

अभी प्रतिघंटे चार किलोमीटर गति से पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग की माने तो अगले चोबीस घंटे में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अकेले नगरीय बल्कि ग्रामीण अंचलों में इसी तरह उमस और गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। पेड़ों की छांव अथवा ठंडक वाले स्थानों पर ग्रामीण अपना दोपहर का समय व्यतीत कर रहे हैं।

# पत्नि पर कुल्हाड़ी से हमला कर, पति ने छत से लगाई छलांग, मौत

**सतना, देशबन्धु।** काम पर जाने की बात पर विवाद होने के दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला करने के बाद फंदा लगाकर दो मंजिला मकान की छत से छलांग लगा दी। इस घटना में बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी को इलाज के लिए रीवा भेजा गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। यह घटना अमरपाटन थाना क्षेत्र के बुजिया टोला लालपुर की है। दोपहर करीब 3 बजे सूचना मिलने पर एसडीओपी प्रतिभा शर्मा मौके पर जांच के लिए पहुंचीं।

एसडीओपी ने बताया कि लालपुर के बुजिया टोला में जग्गू कोल पिता फक्कड़ कोल (55) अकेले ही रहता था। जबकि उसकी पत्नी दुईजी कोल (50) गांव के ही दूसरे टोला में अपने बच्चों के साथ रहती थी। इनके तीन बेटों में एक बाहर रहता है, जबकि दो बेटे गांव में ही रहकर मजदूरी करते हैं। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि दुईजी अपने पति जग्गू के पास आई थी। जहां काम पर



जाने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जग्गू चाहता था कि दुईजी काम पर नहीं जाया करे। बात इतनी बढ़ी कि जग्गू ने दुईजी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। जब वह अचेत होकर गिर गई तो ग्लानिवश जग्गू ने भी रस्सी का फंदा बनाया और दोमंजिला मकान की छत पर निकली लोहे की छड़ में फंसाकर वह छत से कूद गया। जिससे फंदा गले में कसने पर उसकी मौत हो गई। दूसरी ओर सूचना मिलने पर पुलिस ने दुईजी को प्राथमिक इलाज कराने के बाद रीवा भेजा है।

# सूबेदारगंज-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से सूबेदारगंज-उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 11-11 ट्रिप रेल प्रशासन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के बीना, रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 04155 सूबेदारगंज-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 30 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को सूबेदारगंज स्टेशन से सुबह 11:40 बजे प्रस्थान कर, बीना 23:00 बजे पहुँचकर अगले दिन रानी कमलापति 0:00 बजे, इटारसी 03:40 बजे और मंगलवार दोपहर 13:30 बजे उधना स्टेशन पहुँचेगी।











**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 136
मुर्गा मीडियम - रु. 128
मुर्गा बड़ा - रु. 108
मुर्गा जम्बो - रु. 108
मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 104
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 124
छोटा ब्रॉयलर - रु. 132
मोबाइल नं. 9300692405

